CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 12°C

लखनऊ, शुक्रवार 21 नवम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 16 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार की जरूरत: ओम बिरला पेज 2



दीक्षा डागर ने डेफलंपिक्स में लगातार गोल्ड मेडल जीता खेल टाइम्स



एसआईआर: सिर्फ आरोप से काम नहीं चलेगा सम्पादकीय



अमेरिकी रिपोर्ट में दावा: ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान ने भारत को हराया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने क्यूआर कोड सत्यापन किया शुरू

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के नाम पर धोखाधड़ी और जबरन वसूली के लिए नकली समन भेजे जाने की बढ़ती खबरों के बीच ईडी ने नागरिकों को समन नोटिस की असलियत सत्यापित करने में मदद करने के लिए नए तरीके लागू किए हैं। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को अपने आधिकारिक अकाउंट के जरिए इसकी घोषणा की। नकली ईडी समन असली नोटिस जैसे ही होते हैं, जिससे पाने वालों के लिए सही और गलत के बीच फर्क करना मुश्किल हो जाता है। इस बढ़ती समस्या से निपटने के लिए ईडी अब सिस्टम से बनने वाले समन जारी कर रहा है, जिसमें एक क्यूआर कोड और एक यूनिक पासकोड होता है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी किए गए समन को उन पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करके या आधिकारिक ईडी वेबसाइट पर जाकर सत्यापित किया जा सकता है। ईडी ने यह भी साफ़ किया कि वह डिजिटल या ऑनलाइन गिरफ्तारी नहीं करता है। ईडी ने नागरिकों को नकली लोगों से सावधान रहने की सलाह दी है। ईडी ने नागरिकों से अपील है कि वे कोई भी कदम उठाने से पहले सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध समन को सत्यापित करें, ताकि वे ईडी अधिकारी बनकर धोखा देने वालों का शिकार न बनें।

### एसआईआर: भारत से रोज 150 अवैध बांग्लादेशी लौट रहे

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ ने दावा किया है कि बॉर्डर पार करने की कोशिश करने वाले अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ गई है, यह वापसी राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) से जुड़ी है। बीएसएफ के एक अधिकारी के मुताबिक नॉर्थ 24 परगना, मुर्शिदाबाद और मालदा में बॉर्डर के बिना फेंसिंग वाले हिस्सों से लौटने की कोशिश कर रहे बांग्लादेशी इमीग्रेंट्स के फ्लो में क्वांटम जंप देखा गया है। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि पहले ऐसे मामले मुश्किल से डबल डिजिट में आते थे। अब यह आंकड़ा हर दिन लगातार तीन डिजिट में है। बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने कहा कि चेक पोस्ट पर छोटे बैग और सामान लेकर लोगों की लाइन लग रही है, जो खुलेआम मान रहे हैं कि वे बांग्लादेशी हैं और सालों पहले गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए थे।

### वायुसेना के मानव रहित विमान को आपात स्थिति में उतारा

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर के सीमावर्ती रामगढ़ क्षेत्र में गुरुवार को भारतीय वायुसेना के एक मानव रहित विमान को तकनीकी खराबी के कारण एक खेत में आपात स्थिति में उतारना पड़ा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे किसी प्रकार के जानमाल की हानि की सूचना नहीं है। मानव रहित विमान अपने नियमित अभ्यास उड़ान पर था। घटना की जानकारी मिलने पर वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही सूचना मिलने पर पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर जांच पड़ताल शुरू की।

# अमेरिका भारत को 100 टैंक किलर मिसाइल देगा



■ टारगेट की गर्मी पहचानकर हमला करती है, कुल 775 करोड़ डॉलर की डील
■ भारत को 4.71 करोड़ डॉलर की मिसाइलें, प्रोजेक्टाइल की बिक्री को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत को एफजीएम-148 जेवलिन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल और एम982ए1 एक्सकैलिबर प्रक्षेपास्त्र तथा संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी प्रदान की है, जिसका अनुमानित मूल्य 4.71 करोड़ अमेरिकी डॉलर है।

एफजीएम- 148 जेवलिन एक पोर्टेबल एंटी-टैंक मिसाइल है। इसे टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, बंकरों को नष्ट करने के लिए बनाया गया है। मिसाइल टारगेट की गर्मी (हीट सिग्नेचर) पहचानकर उस पर हमला करती है। इसकी 2500 मीटर रेंज है। धुएं, धूल या खराब मौसम में भी टारगेट को तबाह करने में सक्षम है। एम982ए1 जीपीएस-गाइडेड स्मार्ट गोला है। यह स्मार्ट बम की तरह काम करता है, लेकिन तोप से छोड़ा जाता है। सामान्य तोप रेंज 15-20 किमी तक होती है, लेकिन एक्सकैलिबर 40-50 किलोमीटर दूर तक सटीक निशाना लगा सकता है। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत को एक्सकैलिबर प्रक्षेपास्त्र और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दी है। एजेंसी ने कांग्रेस को सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणन प्रदान किया है।

# बेंगलुरु में एटीएम कैश वैन से सात करोड़ की लूट

■ बदमाशों ने RBI का अधिकारी बनकर की वारदात

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में बदमाशों ने एक एटीएम कैश वैन से 7 करोड़ रुपये लूट लिए। घटना बुधवार दोपहर 12:30 बजे की है। बदमाशों ने खुद को भारतीय रिजर्व बैंक का अधिकारी बताकर कैश वैन को रास्ते में रोक लिया और कैश लेकर फरार हो गए।

पुलिस को वैन बाद में जयदेव डेयरी सर्कल फ्लाईओवर के पास मिली। पुलिस ने ड्राइवर, दो सुरक्षाकर्मियों और एक कैश डिपॉजिटर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वैन सीएमएस कंपनी की है। पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि सीएमएस के कुछ कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। मामला सिद्धापुराद पुलिस थाने में दर्ज कर लिया गया है। सीएमएस के ऑफिस से वैन सुबह 9.30 बजे एचडीएफसी बैंक की ओर रवाना हुई थी।

# राज्यपाल विधानसभा से पारित बिलों को न लटकाएं: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: बिल मंजूर करें, लौटाएं या राष्ट्रपति को भेजें

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ डेडलाइन नहीं, लेकिन देरी पर दखल देंगे
■ राज्यपाल अनिश्चितकाल तक किसी भी विधेयक को नहीं रोक सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम संवैधानिक फैसले में गुरुवार को कहा कि राज्य के राज्यपाल राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयक को अनिश्चित काल तक नहीं रोक सकते। न्यायालय ने हालांकि यह भी स्पष्ट किया कि वह संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राष्ट्रपति या राज्यपालों को मंजूरी देने या न देने के लिए ज़रूरी समयसीमा तय नहीं कर सकता, लेकिन राज्यपाल अनिश्चितकाल तक किसी भी विधेयक को नहीं रोक सकते।

हालांकि इसमें स्पष्ट किया गया है कि लंबे समय तक, बिना किसी वजह के मंजूरी नहीं दिए जाने के मामलों में न्यायालय विधेयक की प्राथमिकता की जांच किए बिना एक निश्चित अवधि में फैसला करने का निर्देश देते हुए एक सीमित 'परमादेश' रिट जारी कर सकते हैं। गौरतलब है कि आठ अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु विधानसभा से पारित हुए विधेयकों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के -**शेष पृष्ठ दो पर**

### अधिकरण में नियुक्ति के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट को 25 साल का अनुभव जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को साफ़ किया कि आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी) जैसे अधिकरण में तकनीकी सदस्य के तौर पर नियुक्ति के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को कम से कम 25 साल का अनुभव होना ज़रूरी नहीं है।

पीठ ने निर्देश दिया कि केंद्र सरकार को 19 नवम्बर को रद्द कर दिए गए अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 की जगह नया कानून बनाते समय इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने सीए को भी वही बराबरी दी, जो उसने 19 नवम्बर को अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 को रद्द करने वाले अपने फैसले में वकीलों को दी थी। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के वकील के पीठ के सामने यह मामला उठाए जाने पर यह स्पष्टीकरण सामने आया। वकील ने बताया कि न्यायालय ने अधिकरण में नियुक्ति के लिए वकीलों की कम से कम 50 साल की उम्र की ज़रूरत को खत्म कर दिया था, लेकिन सीए के लिए 25 साल के अनुभव की ज़रूरत, जो असल में पात्रता को लगभग 50 साल तक बढ़ा देती है, पर ध्यान नहीं दिया गया।

## प्रियंका गांधी के पति पर ईडी ने कसा शिकंजा

# रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल



■ ईडी ने ब्रिटेन के संजय भंडारी से जुड़े केस में आरोपी बनाया
■ आर्म्स डीलर भारत में भगोड़ा घोषित

**नई दिल्ली।** ईडी ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बिजनेसमैन पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला ब्रिटेन के आर्म्स डीलर संजय भंडारी के साथ संदिग्ध लेनदेन से जुड़ा है।

चार्जशीट दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई है। इस मामले में पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान जुलाई में दर्ज किया गया था। ईडी का दावा है कि वाड्रा और भंडारी के बीच वित्तीय लेनदेन की कड़ियां मिली हैं, जिनमें विदेशी प्रोपर्टी और फंड ट्रांसफर की जांच भी शामिल है। ईडी ने चार्जशीट में वाड्रा को 9वें नंबर का आरोपी बनाया गया है। अब इस मामले पर अदालत 6 दिसम्बर को विचार करेगी। वाड्रा के खिलाफ यह मनी लॉन्ड्रिंग का दूसरा आरोपपत्र है। जुलाई में, ईडी ने हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। संजय भंडारी हथियार डीलर है। इनकम टैक्स विभाग ने भंडारी के खिलाफ 2015 के काला धन विरोधी कानून के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था। 2016 में इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी के बाद वह भारत से लंदन भाग गया। दिल्ली की एक अदालत ने 63 साल के संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। भारत ने उसके प्रत्यर्पण की कार्रवाई की लेकिन ब्रिटेन की अदालत ने याचिका खारिज कर दी। इसके साथ ही भंडारी को भारत लाए जाने की संभावना लगभग खत्म हो गई। रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की जांच लंदन की संपत्ति से जुड़ी है, जो ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के नाम पर दर्ज हैं। ईडी ने 2023 में अपनी चार्जशीट में आरोप लगाया था कि भंडारी ने 2009 में लंदन स्थित 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर स्थित घर खरीदा और वाड्रा के कहने पर उसका रेनोवेशन कराया। आरोप है कि रेनोवेशन के लिए पैसे भी राबर्ट वाड्रा ने ही दिए थे। ईडी ने यह भी कहा कि वाड्रा अपनी लंदन यात्राओं के दौरान वहां कई बार रुके थे। ईडी ने 2016 में इस मामले में पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि ए घर असल में वाड्रा की बेनामी संपत्ति है। ईडी अब भंडारी के साथ उनके कथित संबंधों की जांच कर रही है।

# बेल्जियम कोर्ट नौ दिसम्बर को प्रत्यर्पण के खिलाफ चोकसी की अपील सुनेगा

■ मेहुल चोकसी ने बेल्जियम सुप्रीम कोर्ट में फैसले को दी थी चुनौती

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी की ओर से अपने प्रत्यर्पण को चुनौती देने के मामले की सुनवाई 9 दिसम्बर को बेल्जियम के सर्वोच्च न्यायालय कोर्ट ऑफ कैसेशन के समक्ष होगी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

चोकसी ने बेल्जियम की शीर्ष अदालत में एंटवर्प अपीलीय न्यायालय के 17 अक्टूबर के फैसले को चुनौती दी है। इस फैसले में भारत की ओर से उसके प्रत्यर्पण के अनुरोध को बरकरार रखते हुए इसे वैध बताया गया था। एडवोकेट जनरल हेनरी वेंडरलिंडन ने कहा कि कोर्ट ऑफ कैसेशन 9 दिसम्बर को मामले की सुनवाई करेगा।

# 10 दिन की NIA कस्टडी में चार आरोपी

**दिल्ली ब्लास्ट**

■ इनमें तीन डाक्टर भी, जम्मू में कश्मीर टाइम्स के ऑफिस पर छापा, एके-47 के कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट केस में एनआईए ने डा. मुजम्मिल, डा. शाहीन सईद, डा. आदिल अहमद और मुफ्ती इरफान अहमद को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चारों आरोपियों को 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेज दिया है।

दरअसल इस केस में एनआईए ने कुल 6 आरोपियों को अरेस्ट किया था। हालांकि ये पहले जम्मू-कश्मीर सहित अन्य राज्यों की पुलिस की गिरफ्त में थे। एनआईए ने अब आरोपियों को अपनी कस्टडी में लिया है। उधर जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने गुरुवार को कश्मीर टाइम्स अखबार के जम्मू ऑफिस पर छापा मारा। जहां से एके-47 राइफल के कारतूस, पिस्तौल के राउंड और हैंड ग्रेनेड पिन बरामद की गई। दरअसल यह कार्रवाई पब्लिकेशन के देश के खिलाफ गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में की गई। वहीं आतंकी डाक्टरों की 'पनाहगार' रही फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का शिकंजा कस गया है।

# नीतीश ने 26 मंत्रियों के साथ सीएम पद की ली शपथ




■ भाजपा के 14 विधायक बने मंत्री

**पटना।** बिहार के मुख्मयंत्री नीतीश कुमार ने 26 मंत्रियों के साथ गुरुवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में शपथ ली, जिनमें भाजपा के 14, जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के आठ, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के दो और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) तथा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के एक-एक मंत्री शामिल हैं।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने श्री कुमार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। श्री कुमार मंत्रिमंडल में सर्वाधिक 14 मंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा ,मंगल पाण्डेय, पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष, डा. दिलीप कुमार जायसवाल, नितिन नवीन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम कृपाल यादव, संजय सिंह 'टाइगर, अरुण शंकर प्रसाद, सुरेन्द्र मेहता,नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लखेन्द्र कुमार रौशन,श्रेयसी सिंह और डा. प्रमोद कुमार भाजपा से हैं। इनमें डा. दिलीप जायसवाल, राम कृपाल यादव, संजय सिंह टाइगर, अरूण शंकर प्रसाद, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, श्रेयसी सिंह लखेन्द्र कुमार रौशन -**शेष पृष्ठ दो पर**

# पढ़े-लिखे आतंकी ज्यादा खतरनाक: दिल्ली पुलिस



**सुप्रीम कोर्ट में कहा-ये सरकारी पैसों से डाक्टर और इंजीनियर बनते हैं, फिर दंगे करते हैं**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि जब पढ़े-लिखे आतंकवादी बन जाते हैं तो वे ओवरग्राउंड वर्कर्स से ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। पुलिस ने कहा कि डाक्टरों और इंजीनियरों के लिए देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होना अब एक ट्रेंड बन गया है। ये लोग सरकारी पैसों का इस्तेमाल करके पढ़ाई करते हैं फिर एंटी नेशनल एक्टिविटी में शामिल हो जाते हैं।

दिल्ली पुलिस ने 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में शरजील इमाम के भड़काऊ भाषणों के वीडियो पेश किए। वीडियो में शरजील इमाम नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देते हुए दिख रहा है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इन भाषणों से माहौल बिगड़ा और लोगों को उकसाने का काम हुआ। शरजील इमाम ने सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान ऐसे भाषण दिए, जिसने हिंसा भड़काने का काम किया। शरजील इमाम इंजीनियरिंग ग्रेजुएट है। दिल्ली पुलिस ने 2020 दिल्ली दंगे में शामिल एक्टिविस्ट उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं का विरोध किया। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली दंगे को पूरे भारत में फैलाने की कोशिश की गई थी और इसका मकसद अंतर्राष्ट्रीय ध्यान खींचना था। आरोपियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत दौरे के समय ही हिंसा भड़काने की योजना बनाई थी, जिससे कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींचा जा सके। यह एक साजिश थी। यह एक गहरी, सुनियोजित और सोची-समझी साजिश थी। दंगों में 53 लोगों की मौत हुई, और सैकड़ों करोड़ों रुपयों की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा। इस हिंसा से जुड़े 753 एफआईआर दिल्ली में दर्ज की गईं। पुलिस ने ये भी दावा किया कि जांच के दौरान मिले चैट मैसेज और अन्य डिजिटल सबूतों से पता चला है कि दंगों की योजना केवल दिल्ली तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसे देशभर में फैलाने की कोशिश की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर की संपत्ति कुर्क की

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के अंतर्गत एक मादक पदार्थ तस्कर की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि आरोपी की पहचान बूट पॉलिश मोहल्ला, राजीव नगर, नरवाल निवासी विशाल कुमार के रूप में हुई है, जो मादक पदार्थ तस्करी के विभिन्न मामलों में शामिल है। प्रवक्ता ने कहा कि जांच अधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संपत्ति की कुर्की की और कुर्की का आदेश अधिनियम की प्रक्रिया के अंतर्गत जारी किया गया था।

### लोगों को जागरूक कर रहा है स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय गीत-संगीत, नुक्कड़ नाटक और चित्रकला के जरिए लोगों को जागरूक बना रहा है। भारत मंडपम में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में स्वास्थ्य मंत्रालय के पवेलियन में गुरुवार को दर्शकों की काफी भीड़ देखने को मिली। मंत्रालय की ओर से आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए पवेलियन में संगीत, नुक्कड़ नाटक और चित्रकला का आयोजन किया गया था। मंत्रालय की कर्मचारी नन्हें बच्चों को चित्रकला के माध्यम से स्वास्थ्य के बारे में जानका. रियां दे रही थी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से यहां पर टीबी उन्मुलन, अंग प्रत्यारोपण और परिवार नियोजन जैसे विभिन्न प्रकार के काउंटर स्थापित किए गए हैं, जहां पर मंत्रालय के कर्मचारी सरकार की ओर से चलाई जा रहीं योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

## कांग्रेस ने अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की रिपोर्ट को चिंताजनक बताया

# विवादास्पद रिपोर्ट पर जवाब दे सरकार

नई दिल्ली, वार्ता



- कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने बोला हमला
- 800 पेज की रिपोर्ट के 108 व 109 पन्ने पर दिए गए उल्लेख आश्चर्यजनक व समझ से परे

कांग्रेस ने अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की हाल में आई वार्षिक रिपोर्ट को भारत के लिए चिताजनक बताया और इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए कहा कि उनकी सरकार को इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रिपोर्ट में भारत से जुड़े संवेदनशील सुरक्षा मुद्दों का उल्लेख है, जिसने भारत की राजनयिक स्थिति के लिए चिंता पैदा कर दी है। यह वार्षिक रिपोर्ट करीब 800 पेज की है और इसके पृष्ठ 108 और 109 में दिए उल्लेख आश्चर्यजनक और समझ से परे हैं। रिपोर्ट में इस साल अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तान द्वारा आयोजित 'विद्रोही हमला' बताया गया है। रिपोर्ट में इसके बाद चार दिन चले संघर्ष में भारत पर पाकिस्तान की 'सैन्य सफलता' बताया गया है। कांग्रेस नेता ने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय इस रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे। यह रिपोर्ट हमारी कूटनीति को एक और गंभीर झटका है। सरकार बताए कि इस रिपोर्ट में किए गए दावों के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी। अमेरिकी कांग्रेस को सौंपी गई यह रिपोर्ट चीन से संबंधित आर्थिक और सुरक्षा मुद्दों का आकलन करती है, लेकिन यह रिपोर्ट भारत-पाकिस्तान संघर्ष सहित दक्षिण एशियाई भू-राजनीतिक तनावों को भी छूती है।

### कांग्रेस ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाएगी!

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ संसद के शीतकालीन सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी इलेक्ट्रानिक वोटिग मशीन (ईवीएम), मतदाता सूची में गड़बड़ियों, चुनावी पारदर्शिता और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के संबंध में विपक्षी दलों के सवालों का चुनाव आयोग से समुचित जवाब न मिलने से असंतुष्ट है।

### 80 साल पुराने संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार की जरूरत: ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि लगभग 80 साल पुराना यह संगठन समकालीन वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं है।

नई दिल्ली में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिरला ने बुधवार को कहा कि वैश्विक दक्षिण के लिए उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए लोकतांत्रिक, निष्पक्ष एवं समावेशी सुधारों की आवश्यकता है। बिरला ने वैश्विक शांति एवं सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की प्राचीन परंपरा और 'लो. कतंत्र की जननी' के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भारत के महत्वपूर्ण योगदान, जिसमें 300,000 से अधिक सैनिक शामिल हैं, तथा कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के मानवीय प्रयासों का उल्लेख किया। बिरला ने कहा कि भारत ने कोविड संकट के दौरान 150 देशों को दवाइयां उपलब्ध कराकर 'वैश्विक फार्मेसी' की तरह काम किया।

# बिहार में बसपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई दुर्भाग्यूपर्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मतगणना वाले दिन जानबूझकर कराया था उत्पात

**लखनऊ/नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बिहार में पार्टी कार्यकर्ताओं पर कथित पुलिस कार्रवाई को गंभीर मुद्दा बताते हुए प्रदेश सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान यह तथ्य सामने आया कि 14 नवम्बर को मतगणना वाले दिन विपक्षी दलों और असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर उत्पात कराया गया था। सुश्री मायावती ने आरोप लगाया कि इस दौरान नव-निर्वाचित बसपा विधायक सतीश यादव की गाड़ी के साथ-साथ प्रशासन की कई गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। बसपा अध्यक्ष के अनुसार हालात को नियंत्रित करने के नाम पर पुलिस ने रात में लाठीचार्ज किया, जिसमें बसपा के कई कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने दबाव में आकर बसपा के लगभग 250 कार्यकर्ताओं और करीब 1000 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की, जबकि वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस केवल बसपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है, जबकि पहले घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और उसके बाद ही कोई कानूनी कदम उठाया जाना चाहिए। बसपा अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि उनकी पार्टी की मांग है कि इस पूरे मामले की सही और निष्पक्ष जांच कराई जाए। जब तक जांच पूरी न हो जाए, तब तक किसी भी कार्यकर्ता की गिरफ्तारी या पुलिस कार्रवाई उचित नहीं होगी। उन्होंने दावा किया कि बिना जांच के बसपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण है और पार्टी इसे स्वीकार नहीं करेगी।

### यूपी विधानसभा चुनाव से पहले होगा उपचुनाव?

**मऊ।** यूपी के मऊ की घोसी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह का गुरुवार को निधन हो गया हैं। उनके निधन के बाद घोसी सीट एक बार फिर से खाली हो गई हैं। ऐसे में अब इस सीट पर 2022 के बाद दूसरी बार उपचुनाव होंगे। नियमों के मुताबिक अगर किसी जन प्रतिनिधि की अचानक मृत्यु होने, अयोग्य ठहराए जाने या इस्तीफा देने के बाद कोई सीट खाली हो जाती है, तो उस पर छह महीने के भीतर उपचुनाव कराए जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक बार फिर से घोसी सीट पर मुकाबला देखने को मिलेगा।

2022 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से दारा सिंह चौहान ने इस सीट पर जीत हासिल की थी, लेकिन एक साल बाद ही उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देकर बीजेपी ज्वाइन कर ली थी, जिसके बाद 2023 में घोसी में उपचुनाव कराए गए। बीजेपी ने इस सीट से दारा सिंह चौहान को उतारा, लेकिन सपा के टिकट पर सुधाकर सिंह ने उन्हें 50 हज़ार वोटों से हरा दिया था।

# विकसित यूपी 2047 का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण व समान शिक्षा प्रणाली पर आधारित: पार्थ

लखनऊ, वार्ता

- योजना भवन में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य के साथ गुरुवार को योजना भवन में राज्य स्तरीय सम्मेलन 'शिक्षा में नवाचार, प्रगति का आधार विक. सित उत्तर प्रदेश /2047' का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में शिक्षा के भविष्य, तकनीकी बदलावों के प्रभाव, सीखने के परिणामों में सुधार और वैश्विक मानकों वाली शिक्षण प्रणाली पर व्यापक चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थसारथी सेन शर्मा ने कहा कि विकसित यूपी 2047 का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और अवसर-समान शिक्षा प्रणाली पर आधारित है। उन्होंने शिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण, वैश्विक स्तर की शिक्षण पद्धति, तकनीकी दक्षता और सीखने के मूलभूत परिणामों को सुधार यात्रा के केंद्र में रखने की आवश्यकता बताई। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि डिजिटल कंटेंट, तकनीकी हस्तक्षेप और कौशल- आधारित शिक्षा आज की अनिवार्यता बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि नवाचार की यह गति जारी रही, तो उत्तर प्रदेश निकट भविष्य में देश का अग्रणी शिक्षा मॉडल बनेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 के विजन में उत्तर प्रदेश की युवा पीढ़ी सबसे बड़ी शक्ति है और इसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकसित यूपी एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज, संस्थाओं और नीति-निर्माताओं का सामूहिक संकल्प है। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा, महा. निदेशक मोनिका रानी, सलाहकार अवनीश अवस्थी, शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह और

# यूपी में बिजली बिल राहत योजना एक दिसम्बर से

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड एक दिसम्बर से 'बिजली बिल राहत योजना' शुरू करने जा रहा है। योजना का उद्देश्य नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड और बिजली चोरी के प्रकरणों को हल करते हुए करोड़ों उपभोक्ताओं को राहत देना हैं।

प्रदेश में 54,12,443 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्होंने बिजली के बिल के रूप में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को एक भी रुपये का भुगतान नही किया है। इन पर पावर कारपोरेशन का 16,105 करोड़ रुपया बकाया है। जबकि 91,45,985 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन पर लंबे समय से कारपोरेशन का 15,100 करोड़ रुपये बकाया पड़ा है। ऐसे में उपभोक्ताओं से बकाए की वसूली को लेकर पावर कारपा. ेरेशन यह योजना शुरु कर रहा है। गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पॉवर कारपा. ेरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि कुल 1. 45 करोड़ उपभोक्ताओ के ऊपर कुल 31,205 करोड़ बकाया सरचार्ज सहित कुल देयक 45,980 करोड़ रुपये (जिसमें 24,775 करोड़ रुपये सरचार्ज) है। उन्होंने कहा कि यह योजना सरचार्ज माफी और मूलधन में भारी छूट देने वाली ऐतिहासिक पहल हैं।



सेंसेक्स 85632.68

निफ्टी 26192.15



सोना रु. 127000

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 159000

प्रति किलो



# नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही और वे इस साल के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 446.21 अंक (0.52 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 85,632.68 अंक पर बंद हुआ।

बीच कारोबार में यह 85,801.70 अंक तक मजबूत हुआ था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 139.50 अंक यानी 0.54 प्रतिशत ऊपर 26,192.15 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का इस साल का उच्चतम स्तर है। हालांकि कुल मिलाकर बाजार में बिकवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी में मझौली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक लगभग सपाट रहे, जबकि छोटी कंपनियों में गिरावट रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.05 प्रतिशत लुढ़क गया। एनएसई में कुल 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,721 के शेयर बढ़त में और 1,385 के ल ा ल निशान में बंद हुए जबकि 96 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सार्वजनिक बैंक, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों में बिकवाली ज्यादा रही। वहीं, ऑटो, वित्त, निजी बैंक और तेल एवं गैस समूहों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर लाल निशान में और अन्य 15 के हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे अधिक 2.28 फीसदी चढ़ा। बजाज फिनसर्व का शेयर 2.25 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.01, एचडीएफसी बैंक का 1.42, टेक महिंद्रा का 1.29 और एक्सिस बैंक का 1.20 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। ट्रेंट, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, आईटीसी, मारुति सुजुकी और एलएंडटी के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियन पेंट्स के शेयर में 1. 20 फीसदी की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.06 प्रतिशत, टाइटन का 0.80, हिदुस्तान यूनीलि. वर का 0.48 और कोटक महिंद्रा बैंक का 0. 43 प्रतिशत फिसल गया। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई आज 2.65 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.02 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.40 फीसदी की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.70 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.57 फीसदी ऊपर था।

### रेल पवेलियन में भारत के बदलते परिदृश्य की झलक

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में रेल पवेलियन भारत के बदलते परिदृश्य की झलक प्रस्तुत कर रहा है। यहां के भारत मंडप में स्थापित रेल पवेलियन में नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रैपिड रेल जैसी आधुनिक ट्रेनों की झलक देखने को मिल रही है, जो तेजी से बदल रही रेल यातायात की कहानी बयां कर रही है। भारतीय रेलवे के पवेलियन में सरकार की ओर से यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक और तीव्र यातायात की सुविधा मुहैया कराने के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। यहां पर रेलवे के विभिन्न कारखानों में निर्मित हो रहे डीजल और इलेक्ट्रिक इंजनों की भी छवि प्रदर्शित की गई हैं। साथ ही यहां भारतीय रेलवे की ओर से विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होने वाली पत्रिकाएं भी आगंतुकों को मुफ्त में मुहैया कराई जा रही हैं, जिनमें रेलवे से संबंधित परियोजनाओं के बारे में जानकारी मुहैया कराई गई हैं।

# शहरों में जर्जर मकानों की जगह बनेंगी हाई-राइज बिल्डिंग्स

- योगी सरकार ने बनाया लोगों के लिए मेगा प्लान, अर्थव्यवस्था को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर जैसे शहरों में दशकों से खतरनाक बनी जर्जर इमारतों को हटाया जाएगा। योगी सरकार प्रदेश में पहली बार व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति ला रही है। इसके तहत 25 साल से पुराने खतरनाक भवनों को तोड़कर उनकी जगह मॉर्डन हाई-राइज बिल्डिंग्स बनाई जा सकेंगी। वह भी रिकॉर्ड समय में मंजूरी और भारी छूट के साथ बनेंगी।

यह योजना कम से कम 1500 वर्ग मीटर जमीन पर ही लागू होगी। 25 साल या उससे ज्यादा पुरानी इमारतें इसके अंदर आएंगी। साथ ही दायरे में स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर तुरंत मंजूरी मिलेगी। इसके अलावा एकल मकान या लीज वाली जमीन पर इस योजना का क्रियान्वन नहीं किया जा सकेगा। इन इमारतों को मिश्रित भू-उपयोग (रिहायशी + कमर्शियल) की पूरी छूट होगी। इसके अलावा डेवलपमेंट चार्ज में 50 प्रतिशत तक का भारी डिस्काउंट मिलेगा। प्रभाव शुल्क में भी 25 प्रतिशत का छूट मिलेगी। इन हाई राइज बिल्डिंग में 15 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस और 10 प्रतिशत एलआईजी फ्लैट्स होंगे। ये प्रोजेक्ट शहरों की सूरत और अर्थव्यवस्था दोनों बदलेगी। आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के पुराने शहरी इलाकों में सैकड़ों प्राइम लोकेशन पर जर्जर भवन पड़े हैं। इनके पुनर्विकास से हजारों नए फ्लैट्स बनेंगे, खासकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए। इससे शहरों की खूबसूरती लौटेगी, अरबों रुपये का नया निवेश आएगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा। बंद पड़े कारखानों पर भी खुलेगा रास्त। इसके तहत तीन साल से बंद या बीमार घोषित उद्योगों की जमीन पर भी नई इमारतें बनाने की अनुमति मिल सकेगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राज्यपाल...**

भीतर निर्णय लेना होगा। यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना गया, क्योंकि इससे पहले ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत उच्चतम न्यायालय से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को विधेयकों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 प्रश्नों पर उच्चतम न्यायालय से राय मांगी थी। यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितम्बर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत राष्ट्रपति संदर्भ का जवाब देते हुए, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने कहा कि न्यायालय द्वारा तय की गई समयसीमा संविधान में सोची गई ष्लचीलेपनष के खिलाफ होगी। न्यायालय ने पूछा कि क्या राज्यपाल पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोक सकते हैं और चेतावनी दी कि इस तरह की कवायद से लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारें राज्यपाल की मर्ज़ी पर आ सकती हैं। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायिक समय सीमा का इस आधार पर विरोध किया कि न्यायालय संवैधानिक कार्यालयों के कार्य नहीं कर सकते। उन्होंने मानी गई मंजूरी के विचार को भी खारिज कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, डा. एएम सिंघवी, केके वेणुगोपाल, गोपाल सुब्रमणियम और अरविंद दातार ने देरी से मंजूरी मिलने से होने वाली संवैधानिक रुकावट को रोकने के लिए न्यायिक रूप से लागू करने उचित समय सीमा के पक्ष में तर्क दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और महेश जेठमलानी ने तय समय सीमा के खिलाफ केन्द्र सरकार के रुख का समर्थन किया।

**नीतीश ने...** और डा. प्रमोद कुमार नीतीश कुमार की मंत्रिमंडल में इस बार शामिल हुए हैं, जबकि अन्य पांच पूर्व से मंत्रिमंडल में शामिल रहे। इसी तरह नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के आठ मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, लेसी सिंह, मदन सहनी, सुनील कुमार और मो. जमा खान शामिल रहे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामिवलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की पार्टी से दो मंत्री संजय कुमार और संजय कुमार सिंह ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। वहीं उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) से उनके पुत्र दीपक प्रकाश ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली है, जबकि केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) से उनके पुत्र संतोष कुमार सुमन ने एक बार फिर मंत्री पद की शपथ ली। श्री कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधामनंत्री श्री मोदी के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री अर्जन राम मेघवाल, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, राजस्थान की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित राजग में शामिल जदयू, भाजपा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के नवनिर्वाचित विधायक, अन्य विशिष्ट अतिथिगण, सांसदगण, नवनिर्वाचित विधायकगण, विधान पार्षदगण, गणमान्य व्यक्ति, राजनीतिक कार्यकर्त्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# नेहरू की किताबें व भाषण आदि स्मार्टफोन पर ऑनलाइन उपलब्ध

नई दिल्ली, वार्ता

- मेमोरियल फंड ने पंडित नेहरू के लेखन के चुने कार्यों को डिजिटल रूप से तैयार किया

जवाहरलाल नेहरू मेमो. रियल फंड ने एक ऑनलाइन साइट विकसित की है, जिसमें पंडित जवाहर लाल नेहरू के लेखन कार्यों, भाषणों तथा साक्षात्कारों को स्मार्टफोन पर पढ़ा और सुना जा सकता है।

जवाहरलाल नेहरू मेमो. रियल फंड ने गुरुवार को यहां एक विज्ञप्ति में यह बताया कि उसने पंडित नेहरू के लेखन के चुने हुए कार्यों को डिजिटलरूप में तैयार किया है, जिसे अब ऑनलाइन पढ़ा जा सकता है। मेमोरियल फंड ने पिछले वर्ष पंडित नेहरू की जयंती पर यह काम करने की घोषणा की थी और इसको लेकर वेबसाइट को पूरी तरह तैयार कर लांच कर दिया गया है। मेमोरियल फंड ने कहा है कि पंडित नेहरू के लेखन कार्यों के 100 संस्करणों का डिजिटल संस्करण तैयार किया गया है और उनके कार्यों के चुने हुए इन संस्करणों को अब स्मार्टफोन-अनुकूल नेहरूआर्काइव डॉट इन पर पढा जा सकता है। पंडित नेहरू के समग्र कार्यों को साइट पर जाकर अपने मोबाइल फोन पर आसानी से पढ़ा और देखा जा सकता है। इसे आसानी से खोजने के साथ ही डाउनलोड भी किया जा सकता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शिक्षा में नवाचार से होगा विकसित उप्र का आधार मजबूत

### योजना भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में नई रणनीति पर बनी सहमति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में गुरुवार को योजना भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन 'शिक्षा में नवाचार, प्रगति का आधारकृत विकसित उत्तर प्रदेश /2047' में शिक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण मंथन हुआ।

बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल पर आयोजित इस सम्मेलन में भविष्य की शिक्षण प्रणाली, तकनीकी हस्तक्षेप, शिक्षकों के कौशल-विकास और मूलभूत सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर व्यापक चर्चा की गई। सम्मेलन में यह बात प्रमुखता से सामने आई कि राज्य में हाल के वर्षों में शिक्षा क्षेत्र में लागू किए गए सुधार अब जमीनी स्तर पर बदलाव ला रहे हैं।

स्मार्ट क्लासरूम, ई-लर्निंग सामग्री, शिक्षक प्रशिक्षण के डिजिटल माध्यम और तकनीक आधारित सीखने को शिक्षा की नई पहचान बताया गया।

अपर मुख्य सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य तभी साकार होगा जब शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्ता, पारदर्शिता, समान अवसर और निरंतर नवाचार के आधार पर मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर की शिक्षण पद्धति और शिक्षकों के सशक्तीकरण पर विशेष जोर देना समय की आवश्यकता है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि तकनीकी नवाचार, डिजिटल कंटेंट और कौशल-आधारित शिक्षण भविष्य की शिक्षा प्रणाली के प्रमुख तत्व बन चुके हैं।

उन्होंने विश्वास जताया कि यदि यही गति बरकरार रही, तो उत्तर प्रदेश जल्द ही देश का अग्रणी शिक्षा मॉडल बनेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 का आधार उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति है, जिसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना ही सरकार का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बिना विकसित यूपी की कल्पना संभव नहीं। सम्मेलन का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा, महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह और नीति आयोग के शिक्षा प्रकोष्ठ में ओएसडी कर्नल जितेन्द्र वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें यूनिसेफ, लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन, भारती एयरटेल फाउंडेशन, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, सेंट्रल स्क्वेअर फाउंडेशन, ऐजुकेट गर्ल्स फाउंडेशन, सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी और नेल्को (टाटा समूह) सहित कई प्रतिष्ठित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और शिक्षा नवाचार पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन ने विकसित यूपी/2047 के शिक्षा विजन को नई दिशा देते हुए शिक्षा सुधार की आगे की रणनीति को मजबूत आधार प्रदान किया।

## जल ही जीवन मिशन पर लापरवाही भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सकरन क्षेत्र में केंद्र सरकार की हर घर नल योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में करीब एक -एक दर्जन युवाओं को प्रशिक्षण दिलाया गया। फिर हर ग्राम पंचायत में पेयजल की गुणवत्ता परिक्षण के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जल जीवन मिशन में काम दिया गया। पर आज तक ग्रामीणों को न तो स्वच्छ जल उपलब्ध हो पाया और न ही जल की गुणवत्ता की जानकारी दी जा सकी। जिसका मुख्य कारण ब्लॉक परिसर में आज तक पड़े लाखों रूपए के टेस्टिंग किट खुले में धूल खा रहे हैं। सरकार की करोड़ों रुपयों की धराशाई हो चुकी है। जल जीवन मिशन योजना के तहत गली - गली खुद चुकी है। पाइप डालने के नाम पर खड़ंजा आरसीसी सबको खोदा गया और पाइप डाल गया । इतना सब कुछ होने के बावजूद भी आज तक टंकियां से एक बूंद पानी भी नहीं निकल सका है।

# प्रदेश में 62.65 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए गए

### परियोजना का लक्ष्य 3.98 करोड मीटर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं की निगरानी और बिलिंग प्रणाली को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से चल रही स्मार्ट मीटर परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। यूपी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में अब तक62.65लाख से अधिक मीटर लगाए जा चुके हैं। परियोजना के अंतर्गत कुल3.98 करोड मीटर लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। स्मार्ट मीटरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को ऑनलाइन रीडिंग, डिजिटल बिलिंग और रीयल-टाइम खपत की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। तकनीक के चलते बिजली चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण और बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ने का दावा किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर व्यवस्था में उपभोक्ताओं को खपत मॉनिटरिंग, ऑनलाइन भुगतान, प्रीपेड सुविधा (जहां लागू), लाइन फॉल्ट की त्वरित जानकारी और लोड मैनेजमेंट जैसी सेवाएं शामिल हैं। यूपीपीसीएल के अनुसार तकनीक आधारित इस प्रणाली से बिजली वितरण नेटवर्क को अधिक सुव्यवस्थित करने में सहायता मिल रही है।

# नई बहू ने विवाह के बाद घर के द्वार पर किया वृक्षारोपण, क्षेत्र में चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बाराबंकी जिले के पूरे अमेठिया मजरे छंदवल निवासी ग्रीन गैंग के जिला प्रभारी आशीष सिंह के विवाह के बाद एक अनोखी पहल चर्चा का विषय बनी हुई है।

विदा होकर आई नई बहू काजल ने पति आशीष सिंह के साथ घर पहुंचते ही परंपरागत देव पूजन के बाद द्वार पर अमरूद का पौधा रोपा , जिसकी पूरे क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है। विवाह के एक दिन पहले ग्रीन गैंग संस्थापक प्रदीप सारंग और 'आंखें फाउंडेशन' के अध्यक्ष सदानंद वर्मा हल्दी-मेहंदी कार्यक्रम में पहुंचे थे, जहां उन्होंने नवदंपति को उपहार स्वरूप एक पौधा भेंट किया था। विवाह के अगले दिन बारात लौटने पर रिश्तेदारों की मौजूदगी में नवदम्पति ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नई दुल्हन द्वारा घर आते ही वृक्षारोपण करना सकारात्मक और प्रेरणादायी कदम है। उल्लेखनीय है कि रिंग सेरेमनी एवं जयमाल के समय भी दुल्हन काजल ने वर आशीष सिंह कोड पौधा भेंट किया था। ग्रीन गैंग की ओर से बताया गया कि संस्था हर खुशी, अनुष्ठान या शुभ कार्य पर वृक्ष लगाने की मुहिम चला रही है। संस्थापक प्रदीप सारंग ने कहा कि नई पीढ़ी पर्यावरण के प्रति सजग है और इस तरह के प्रयास समाज में जागरूकता बढ़ाने में मदद करेंगे।

## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** हरगांव थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में नाकेबंदी कर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने तालगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पटी सेवई निवासी मनीष उर्फ आशुतोष पुत्र आशीष उर्फ अखिलेश्वर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि मनीष शातिर अपराधी है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# कुशीनगर में देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ी

### बौद्ध सर्किट स्थलों पर सुविधाएं मजबूत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अनुसार कुशीनगर क्षेत्र में देशी और विदेशी बौद्ध श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

बौद्ध सर्किट के पवित्र स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के प्रयासों का सकारात्मक असर पर्यटकों की आमद पर दिख रहा है। कुशीनगर को भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली होने के कारण दुनिया भर से श्रद्धालु आकर्षित होते हैं। यहां स्थिति लेटे हुए बुद्ध की प्रतिमा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है।



पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सिद्धार्थनगर के पिपरहवा से प्राप्त पवित्र अवशेषों की भारत वापसी के बाद बौद्ध समुदाय में उत्साह में वृद्धि हुई है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में जनवरी से अक्टूबर के बीच 19.91 लाखपरृयटक कुशीनगर पहुंचे । विभाग का अनुमान है कि वर्षांत तक यह संख्या 25 लाख के पार जा सकती है। वर्ष 2024 में यह संख्या 22.23 लाख थीं , जबकि 2017 के अंत तक यह केवल 9.38 लाख थी। विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पर्यटन विभाग द्वारा 'बोधि यात्रा' पहल के तहत लगातार थाईलैंड, वियतनाम, श्रीलंका, मलेशिया, जापान, भूटान, कंबोडिया, लाओ पीडीआर, इंडोनेशिया और सिंगापुर जैसे देशों के टूर ऑपरेटरों, भिक्षुओं और मीडिया प्रतिनिधियों के लिए फैम ट्रिप का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के बौद्ध स्थलों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करना है।

# विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गत माह के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की निस्तारण स्थिति से जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।



उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा किसान भाईयों को जानकारी दी कि आप लोग अपने विकास खण्ड के राजकीय बीज भण्डार से नि:शुल्क मसूर की मिनीकिट प्राप्त कर सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी सीतापुर ने अवगत कराया कि किसान भाई विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर शाकभाजी के बीज 01 एकड तक नि:शुल्क प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसान भाई मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, आटा चक्की आदि पर 10 लाख तक अनुदान (35 प्रतिशत) तक प्राप्त कर सकते है। योजनाओं के बारे किसान भाईयों को जानकारी दी गयी। किसान दिवस में अधिकतर शिकायतें विद्युत विभाग से प्राप्त हुई। किसान दिवस में किसानों के स्तर से कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुई। किसान भाईयों के स्तर से प्राप्त शिकायतों को जिलाधिकारी द्वारा सुना गया। सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उक्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी।

## प्रयागराज में चलती कार में आग लगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में गुरुवार को प्रयागराज कानपुर हाइवे पर पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के पास एक कार में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार हाइवे पर एक चलती कार में आग लगने से अफरा तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कधी मशक्कत से आग पर काबू पाया। कार में बैठे सभी लोगों ने कार से कूद कर अपनी जान बचाई। चश्मदीदों ने बताया कि कार जैसे ही बमरौली इलाके के पास पहुंची तो उसमें से अचानक धुंआ उठने लगा और देखते ही देखते कार आग का गोला बन कर जलकर खाक हो गई।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर भाजपा नेता संजीव गुप्ता ने बच्चों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 5 विजयलक्ष्मी नगर की कार्यकत्री नीलम तिवारी के द्वारा विश्व बाल दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता संजीव गुप्ता उर्फ टिंचू, कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अनूप बाजपेई विजय लक्ष्मी नगर सभासद के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि संजीव गुप्ता टिंचू ने सभी बच्चों को पेंसिल बॉक्स एवं चॉकलेट वितरित किया। वहीं बच्चों को मिष्ठान वितरित



किया गया ।। उन्होंने कहा की नन्हे मुन्ने बच्चे आंगनबाड़ी से शिक्षा पाकर आगे प्रगति का कार्य करते हैं पहले शिक्षा आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राइवेट विद्यालय से बच्चों की प्रारंभ होती है। कार्यक्रम को सभासद अनूप बाजपेई ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर निशान खेल प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और अभिभावकों से विचार विमर्श भी पोषण संबंधित किया गया। इस मौके पर कनक

# वाराणसी में नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने वाराणसी सर्किट हाउस में नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, जलनिकासी प्रणाली और नगर निगम की विभिन्न शहरी परियोजनाओं की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। मंत्री शर्मा ने कहा कि वाराणसी एक वैश्विक धार्मिक और सांस्कृतिक शहर है, इसलिए यहां की शहरी व्यवस्था अनुकरणीय होनी चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता मानक उच्च स्तर के हों, सड़क किनारे कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कलेक्शन और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

पेयजल आपूर्ति की समीक्षा में उन्होंने पाइपलाइन लीकेज सुधार, ओवरहेड टैंकों की सफाई और ट्यूबवेलों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। जलनिकासी व्यवस्था पर मंत्री ने सभी नालों की सफाई और पंपिंग स्टेशनों की समयबद्ध मरम्मत को प्राथमिकता देने को कहा। जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थायी समाधान के लिए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। किसी भी शिकायत पर तत्काल मौके पर पहुंचकर निस्तारण करने को कहा गया। मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा किन जनहित के कार्यों में लापरवाही अस्वीकार्य है और विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है। बैठक में नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अखिलेश ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

### कई जिलों की घटनाओं का किया जिक्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उनका कहना है कि वर्तमान सरकार में हत्या, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराधों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और कानून व्यवस्था को लेकर सरकार के दावे जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों को राजनीतिक



संरक्षण मिलने के कारण आम नागरिक, व्यापारी और महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने एटा, प्रयागराज और चंदौली में हाल में सामने आई घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि एटा के सकीट थाना क्षेत्र में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा से दुष्कर्म के बाद हत्या की गई और छात्रा का अर्धनग्न शव मिला। प्रयागराज में जार्जटाउन थाना क्षेत्र के पास फतेहपुर में तैनात सूचना विभाग के उपनिदेशक का शव बरामद हुआ।

चंदौली के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र में जीटी रोड पर दवा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अखिलेश यादव का कहना है कि इन घटनाओं से स्पष्ट है कि कानून व्यवस्था चरमराई हुई है और सरकार के दावे केवल बयानबाजी तक सीमित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार बढ़ा है, अपराधियों में डर खत्म हुआ है और जनता न्याय के लिए भटक रही है। समाजवादी सरकार में शुरू की गई डायल 100 सेवा तथा 1090 वीमेन पावर लाइन जैसी व्यवस्थाएं वर्तमान सरकार में प्रभावित हुई हैं, जिसके कारण पुलिस प्रतिक्रिया समय और महिला सहायता दोनों कमजोर पड़े हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्ववर्ती समाजवादी सरकार द्वारा आम जनता की सहायता के लिए शुरू की गई योजनाएं उपेक्षित पड़ी हैं, जिससे व्यवस्था अव्यवस्थित होकर अराजकता की ओर बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि 2027 के चुनाव में जनता भाजपा सरकार से मुक्ति दिलाएगी और समाजवादी सरकार बनने पर प्रदेश में व्यवस्था और सुरक्षा की स्थिति सुधरेगी।

# डीएम ने रामदैपुर छावनी व जंगल रामनगर का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी संजय चौहान ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को तहसील अमेठी के ग्राम रामदैपुर एवं जंगल रामनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता तथा उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रामदैपुर छावनी की बीएलओ रेखा सरोज से गांव में गणना प्रपत्र वितरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली।



बीएलओ द्वारा बताया गया कि गांव के सभी घरों में गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधे बातचीत की और गणना प्रपत्र मिलने की पुष्टि की। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शीघ्र अति शीघ्र प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंपें। इसके बाद जिलाधिकारी जंगल रामनगर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अभी तक गणना प्रपत्र नहीं मिले हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और बीएलओ राम अभिलाष को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुपरवाइजर/लेखपाल रितु मौर्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने जंगल रामनगर के लिए वैकल्पिक बीएलओ की तैनाती करते हुए निर्देश दिया कि गणना प्रपत्र जल्द से जल्द घर-घर वितरित किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब प्रत्येक मतदाता सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने सभी बीएलओ को सख्त निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से गणना प्रपत्र वितरित करें और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट एवं समुचित जानकारी दें। उन्होंने चेताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न हो और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाए। उन्होंने इसे लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। ज्ञातव्य है कि यह विशेष अभियान 4 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा, जिसके दौरान बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। मतदाताओं को इन प्रपत्रों को भरकर पुन: बीएलओ को जमा करना है।

# भदोही में यूनिटी मार्च का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भदोही में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री एके शर्मा की अगुवाई में यूनिटी मार्च आयोजित किया गया। यह मार्च विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज से शुरू होकर अर्पित लॉन तक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय एकता और समरसता का संदेश देना था। मार्च में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाएं, स्कूली छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। मंत्री शर्मा ने प्रतिभागियों से संवाद कर राष्ट्रहित के लिए निरंतर योगदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के बाद 565 रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो विश्व इतिहास की अद्वितीय उपलब्धि मानी जाती है। शर्मा ने कहा कि यदि सरदार पटेल न होते तो भारत का इतिहास और भूगोल अलग हो सकता था। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक विपुल दुबे, पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय, जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खो-खो में रेड व ब्लू हाउस चमके

## हीरा इंटरनेशनल स्कूल में खेल उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** हीरा इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को उत्साह और रोमांच के बीच सम्पन्न हुई। इंटर हाउस प्रतियोगिता में रेड, ओरेंज, ग्रीन और ब्लू हाउस के छात्र-छात्राओं ने खेल भावना और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम चरण में खो-खो और दौड़ प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले हुए, जिनमें खिलाड़ियों ने अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन से उपस्थित दर्शकों की तालियां बटोरीं।

खो-खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में रेड हाउस ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ओरेंज हाउस द्वितीय और ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में ब्लू हाउस की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि ओरेंज हाउस दूसरे और ग्रीन हाउस तीसरे स्थान पर



रहा। दौड़ प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कक्षा 6 में गर्वित देवल, कक्षा 7 में पुष्कर कुमार और कक्षा 8 में अमान ने प्रथम स्थान अर्जित किया। बालिका वर्ग में कक्षा 6 की ऋतु कुमारी, कक्षा 7 की जसमीत कौर और कक्षा 8 की मीत चौधरी ने पहला स्थान हासिल किया।

विद्यालय के चेयरमैन कृष्ण कुमार अग्रवाल और निदेशक कपिल कुमार अग्रवाल ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए छात्रों को पढ़ाई के साथ खेलों को भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य भगवान सिंह ने कहा कि खेलकूद न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता का तीसरा चरण अगले तीन दिनों तक कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान आंचल अग्रवाल, लोकेश कुमार शर्मा, सुमन भाटिया, कमलेश अग्रवाल, नेहा शर्मा, शुभ्रा अग्रवाल, मेघा गर्ग, अर्पित कौशिक, राजकुमार और अचल सिंघल सहित कई शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# यातायता नियमों के प्रति किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर में मिशन शक्ति फेस 5.0' और 'यातायात महा अभियान के तहत थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। छत्तर सिंह सर्वेश देवी इंटर कॉलेज, ग्राम हथियाखेड़ा मंगरौली में आयोजित इस कार्यक्रम में उप निरीक्षक अमर पाल सर, उ0नि0 नेहा नेहरा तथा मिशन शक्ति सुरक्षा दल की टीम मौजूद रही। टीम ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को यातायात नियमों के महत्व से अवगत कराया और बिना हेलमेट चलने वाले मोटरसाइकिल सवारों को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित किया। थाना हसनपुर पुलिस की इस पहल का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित और जागरूक नागरिक बनाना तथा अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है।

# एंग्रीमेंट के बाद भी नहीं चुकाए ढाई लाख

## तहरीर दी, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एग्रीमेंट पर दिया गया ट्रक वापस न करने और बकाया रकम न चुकाने के मामले में युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी ने ढाई लाख रुपये देने के बाद न तो शेष एक लाख रुपये लौटाए और न ही फाइनेंस की किस्तें जमा कीं। पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी तक दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नीलीखेड़ी का है। यहां रहने वाले बाबू खान ने फाइनेंस पर एक ट्रक खरीदा था। उसी दौरान उनकी मुलाकात सहारनपुर जिले के गांव कैलाशपुर के रहने वाले सुलेमान से हुई। खुद की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण बाबू खान ट्रक सुलेमान को एग्रीमेंट पर दे दिया। लिहाजा सुलेमान ढाई लाख रुपये नकद देकर तथा शेष एक लाख रुपये बाद में देने का वादा कर ट्रक को ले गया। साथ ही फाइनेंस की सभी किस्त समय से जमा करने का भी करार हुआ था। आरोप है कि सुलेमान ने न तो बकाया एक लाख रुपये लौटाए और न ही फाइनेंस की किस्त जमा की। बाबू खान व उनके बेटे फरदीन ने जब तकादा किया तो सुलेमान ने पैसे व ट्रक लौटाने से मना कर दिया। उलटा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित फरदीन ने मामले में डिडौली कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने आरोपी सलमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# क्विज में हिमांशु व विवेक रहे प्रथम

## कुंदन कालेज में मानक विज्ञान प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वाधान में आज कुन्दन मॉडल इंटर कॉलेज, अमरोहा में इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए मानक विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। विशेषज्ञों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से आभूषण, आग बुझाने वाले सिलेंडर, पानी की बोतल, गैस चूल्हे, स्कूल बैग और हेलमेट के मानकों के बारे में जानकारी दी।

लिखित क्विज में प्रथम स्थान पर हिमांशु आर्य व विवेक सैनी, द्वितीय स्थान पर कनिष्क व दीपांशु, तथा तृतीय स्थान पर आलिया नाज व रिवेश कुमार रहे। विजेताओं को क्रमशः 1000, 750 और 500 रुपये व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संतराम सिंह यादव ने भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका, मार्क और हॉलमार्क की महत्ता पर प्रकाश डाला। गाजियाबाद शाखा के विशेषज्ञ ईशांत शर्मा ने विभिन्न वस्तुओं के मानकों की जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सी. पी. सिंह, विशेषज्ञ ईशांत शर्मा, गायत्री, मेंटर संत. राम सिंह यादव, सुधीर पाठक, विनय पाठक, महेश शर्मा, सत्येंद्र चौहान, भारती, विष्णुकांत शर्मा और उमेश शर्मा उपस्थित रहे।

# लक्ष्य प्राप्त करने को कठिन परिश्रम जरूरी: एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मदर्स टच पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मण्डी धनौरा की एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया।

नगर के ज्योति पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, गणेश वंदना, आर्मी ट्रिब्यूट, भगत सिंह, राम सिया राम, महिला सशक्तीकरण, सामुहिक नृत्य आदि प्रस्तुत करके मंत्रमुग्ध कर दिया। एसडीएम ने कहा कि छात्र जीवन बहुत उतार चढ़ाव से भरा होता है, इसलिए विषम परिस्थितियों से

**■ धूमधाम से मना मदर्स टच स्कूल का वार्षिकोत्सव**

कभी विचलित न हों और पूरी मेहनत से पढ़ाई करें। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ.जितेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा ही वह संजीवनी है जो हमारे जीवन को सही दिशा और सफलता देने का काम करती है। एसडीएम ने क्रिकेट मैच, फुटबॉल समेत विद्यालय टॉपर्स को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.मंजू सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस



अवसर पर पूर्व चेयरमैन राज. कुमार अग्रवाल, डॉ.लाल सिंह, हिमानी चौधरी, देविक्षा गोयल, निशा सिंह, पूजा, अंजू गोयल, मधु सैनी, शिवानी, सोनी शाह, चंचल, महक सैफी, शगुफ्ता, निदा परवीन, तनुजा, आयुषी, प्रिया, ईशा, मंजू, रूपाली आदि मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण पर विभाग ने दो भवन सील किए

## नोटिस के बाद भी जारी था निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** विनियमित क्षेत्र विभाग ने बिना स्वीकृत नक्शे के बनाए जा रहे दो अवैध निर्माणों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को सील लगा दी। बताया गया कि विभाग ने दोनों पक्षों को 25 तारीख तक अपना जवाब प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया था, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रखा गया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नल नई बस्ती का है। यहां मात्र 6 फीट चौड़ी गली में 3-3 फीट तक छज्जे निकाले जाने की शिकायत जिलाधिकारी अमरोहा से की गई थी। शिकायत के आधार पर विनियमित क्षेत्र विभाग ने संबंधित पक्षों को नोटिस देकर अपना पक्ष रखने को कहा था। निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी निर्माण जारी रहने पर नायब तहसीलदार विनियमित क्षेत्र रूपक सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों भवनों को सील कर दिया।

# एक सभासद व दो सभासद पतियों पर रंगदारी के आरोप में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पूर्व विधायक की ओर से न्यायालय के आदेश पर एक सभासद व दो सभासद पतियों के विरूद्ध व्हाट्स ग्रुप में पोस्ट डालकर अपमानित करने, रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में थाना गजरौला में मुकदमा दर्ज कराया है।

पूर्व विधायक हरपाल सिंह द्वारा दर्ज कराए मुकदमे में आरोप है कि वार्ड-14 के सभासद कपिल चौधरी उर्फ भानू, वार्ड 16 की सभासद विनीता अग्रवाल के पति अनिल अग्रवाल व वार्ड 19

**■ पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कोर्ट के माध्यम से दर्ज कराया केस**

से सभासद पुष्पा चौधरी के पति अशोक चौधरी उर्फ दिले उनकी पत्नी राजेन्द्री उर्फ उमा देवी के अध्यक्षा पद पर जीतने के बाद से ही लगातार परेशान कर रहे हैं। अनिल अग्रवाल व अशोक चौधरी सभासद पति होते हुए भी खुद को सभासद बताते हैं। आरोप है कि सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर भी उनके विरूद्ध आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने इन लोगों पर बीस हजार रूपये महीने की रंगदारी मांगने और रंगदारी न देने पर इसी तरह से परेशान करने और परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उन्होंने थाने जाकर पुलिस से और पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर मदद की गुहार लगाई मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिस पर उन्होंने कोर्ट की शरण ली।

'दो सभासद पतियों व एक सभासद पति द्वारा उनकी पत्नी के चुनाव जीतने के बाद से ही परेशान किया जा रहा है और रंगदारी मांगी जा रही है। पुलिस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर अग्रिम कार्रवाई करे। **पूर्व विधायक हरपाल सिंह**'

यह मुकदमा गलत है, अन्यायपूर्ण है। पुलिस की जांच में सब साफ हो जाएगा। **सभासद पति अनिल अग्रवाल**

'यह मुकदमा झूठा है और दबाब बनाने के उद्देश्य से दर्ज कराया गया है। पुलिस की जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

**सभासद कपिल चौधरी उर्फ भानू**'

'यह मुकदमा झूठा है। राजनैतिक द्वेष की भावना के साथ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस की जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

**सभासद पति अशोक चौधरी उर्फ दिले**

# स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए

## भाकियू असली की पंचायत में उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक की मासिक पंचायत तहसील प्रांगण में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता सूखा सिंह ने की। जबकि संचालन परम सिंह ने किया। किसानों ने गन्ना मूल्य में मात्र 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। चौधरी समरपाल सिंह ने बिजली विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि वे स्मार्ट मीटर लगाने और गलत बिजली बिल जारी करने का कार्य बंद करें। गोवर्धन सिंह ने आवारा कुत्तों और सांडों के बढ़ते आतंक पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि इनके हमलों के कारण आए दिन 7 से 8 मौतें हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की। बैठक में परम सिंह, मोहम्मद उमर, गोवर्धन सिंह, सुखीराम चौहान, रमेश चंद्र, कमल सिंह सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे। पंचायत में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई और उनके समाधान के लिए रणनीति बनाने पर जोर दिया गया।

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मार्गशीर्ष अमावस्या पर ब्रजघाट गंगा तट पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। गुरूवार के सुबह चार बजे से ही गंगा तट

**■ भोर होते ही शुरू हो गया था स्नान**

पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। जैसे जैसे धूप निकलती गई वैसे वैसे ही श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती गई। गुरूवार को अमावस्या



के अवसर पर ब्रजघाट गंगा में स्नान के लिए बुधवार रात बारह बजे के बाद से ही आसपास के लोग व पड़ोसी जनपदों के श्रद्धालु ब्रजघाट पहुंचने शुरू हो गए। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और सूर्य को अर्ध्य देकर पुण्य कमाया। जानकारों का कहना है कि इस अमावस्या पर लक्ष्मी का व्रत भी रखा जाता है। इस दिन दिन गंगा में स्नान के बाद गरीबों को दान किया जाना शुभ माना जाता है। उधर तिगरी में भी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की काफी संख्या देखने को मिली। दोंनों ही स्थानों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली।

# दीदी की दुकान खोलकर आत्मनिर्भर हो रहीं महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन एवं बी-एवल फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से खोली गईं दीदी की दुकान महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो

**■ जुबिलेंट द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र**

रही हैं। ऐसी 50 दुकान संचालक दीदियों को जुबिलेंट द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। महिलाओं ने उन्हें सशक्त बनाने




के लिए जुबिलेंट का आभार व्यक्त किया। बृहस्पतिवार को हाईवे किनारे स्थित जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के ट्रेनिंग सेंटर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रामेंद्र कुमार एवं जेबीएफ में सीएसआर कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। क्षेत्रीय प्रबंधक रामेंद्र कुमार ने बताया कि उनका बैंक महिलाओं को दीदी की दुकान खोलने के लिए ऋण भी दे रहा है। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि जेबीएफ के इस प्रोजक्ट को यूनिसेफ ने अपनी वेबसाइट पर भी साझा किया है। इस अवसर पर विशाल गौरव, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक से आई नीलम यादव, ज्योति, जुबिलेंट में सुरक्षा प्रमुख वीरेंद्र नेगी, एचआर हेड पुनीत तिवारी, चंदन सिंह, बूंदी सिंह, नवनीत मौजूद रहे।

# मदरसा बोर्ड का सदस्य बनवाने के नाम पर ठगे 18 लाख

## कोर्ट के आदेश पर पांच आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** मुस्लिम मदरसा बोर्ड लखनऊ में सदस्य बनाने का झांसा देकर 18 लाख रूपये ठगने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने कोर्ट के माध्यम से एक नामजद सहित पांच आरोपियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के गांव मोहरकापट्टी निवासी अशरफ अली द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि कुछ समय पूर्व उसकी मुलाकात जनपद बिजनौर के थाना कोतवाली देहात के गांव पित्ता रेडी निवासी मौलाना सलाउद्दीन से हुई। उसने झांसा दिया कि उसकी जान पहचान लखनऊ में है और वह मुस्लिम मदरसा बोर्ड लखनऊ में सदस्य बनवा सकता है। उसने अशरफ की कुछ बनावटी मदरसा अधिकारियों से मुलाकात भी कराई, जिस पर अशरफ को उसपर विश्वास हो गया। बीस लाख रूपये में सदस्य बनाने की बात तय हुई जिसमें 16 जून 2023 को अशरफ ने सलाउद्दीन को दस लाख रूपये नकद, फिर 04 अगस्त 2023 को पांच लाख रूपये नकद और फिर कुछ समय बाद तीन लाख रूपये नकद दिए। कहा कि दस दिन बाद बाकी के दो लाख रूपये देने के बाद मदरसा सदस्य के लैटर मिल जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अशरफ ने लैटर के बारे में पूछा तो सलाउद्दीन उसे लगातार गुमराह करता रहा और इसी तरह कई माह बीत गए। 28 दिसम्बर को उसने सलाउद्दीन से अपनी रकम मागी तो 20 जनवरी 2025 तक लैटर मिलने की बात कही, लेकिन कुछ समय बाद फोन करके सलाउद्दीन ने अशरफ को फोन पर गालियां दीं और रकम नहीं देने की बात कही। जिसके बाद अशरफ के ठगे जाने का अहसास हुआ। आरोप है कि उसने स्थानीय पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की जिस पर उसने कोर्ट की शरण ली। गुरूवार को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी सलाउद्दीन समेत चार अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तुर्की कालेज में छात्राओं को दी सुरक्षा की जानकारी

## मिशन शक्ति के तहत हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिडौली मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना डिडौली की मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी और एंटी रोमियो स्क्वाड की टीम ने गुरुवार को तुर्की इंटर कॉलेज पलोला में टीम ने कॉलेज में छात्राओं को सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ देकर जागरूक किया। टीम ने कॉलेज परिसर में स्थापित कैमरों की भी जाँच की और उन्हें सुचारू रूप से संचालित पाया।मिशन शक्ति प्रभारी कंचन टोलिया व महिला हेड कांस्टेबल अरूर्णमा वर्मा ने कॉलेज प्रधानाचार्य को परिसर में शिकायत पेटिका स्थापित कराने के लिए अवगत करायाद्य ताकि छात्राएँ अपनी समस्याएँ सुरक्षित रूप से संबंधित अधिकारियों तक पहुँचा सकें।पुलिस टीम ने छात्राओं को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करने और बेझिझक अपनी शिकायत दर्ज कराने की अपील की।



# भानपुर फाटक की ओर ही लगेगा बुध बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बुधवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार के फिर से स्टेशन रोड पर लगाने से संबधित अफवाहों को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके सूचित किया है कि बाजार फायरब्रिगेड कार्यालय की दिशा से भानपुर फाटक की ओर ही लगेगा।

बता दें कि कुछ समय पूर्व तक बुधवार का बाजार स्टेशन रोड की तरफ लगता था, जिससे यहां पर जाम आदि के हालात बने रहते थे। इस कारण यहां से बाजार को स्थानांतरित करते हुए फायर ब्रिगेड कार्यालय से भानपुर फाट की दिशा में किया गया।

# पत्रकार पर हमले की वकीलों ने की निंदा

## आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** 'लखनऊ में मान्यता प्राप्त टीवी चैनल के छायाकार सुशील अवस्थी पर हुए दिनदहाड़े जानलेवा हमले ने अमरोहा में भी आक्रोश पैदा कर दिया है। बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं और पत्रकारों ने एक स्वर में घटना की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए उच्च स्तरीय जांच, आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, घायल पत्रकार के उपचार और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह के नेतृत्व में इमरान एडवोकेट, राजीव सैनी एडवोकेट, शुभम एडवोकेट, पूजा सहगल एडवोकेट व अनिल एडवोकेट सहित अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की आवाज है और समाज का आईना भी, लेकिन उत्तर प्रदेश में पत्रकारों को सबसे उपेक्षित वर्ग बना दिया गया है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. महताब अमरोहवी, यूपी मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति अमरोहा के संरक्षक तुलाराम ठाकुर, उपाध्यक्ष बीएस आर्य, सचिव डॉ. तारिक अजीम, वरिष्ठ सदस्य परवेज सहारा, डॉ. शाकिर अमरोहवी, मंडी धनौरा प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, सचिव सचिन बिश्नोई, जितेंद्र शर्मा, सुमित अग्रवाल और गौरव शर्मा सहित अन्य पत्रकारों ने भी सुशील अवस्थी पर हुए हमले की निंदा की।

# जनहित के कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं: एके शर्मा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उप्र के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को यहां अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में शहर में चल रहे सफाई कार्य, पेयजल आपूर्ति, जलनिकासी व्यवस्था तथा नगर निगम की विभिन्न शहरी परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री शर्मा ने स्पष्ट कहा कि वाराणसी विश्व की प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी है, इसलिए यहां की व्यवस्थाएं आदर्श एवं अनुकरणीय होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मंत्री ने सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता उच्चतम मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। सड़क किनारे कचरा संग्रहण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रह, नालियों की नियमित सफाई, कचरा निस्तारण तथा कूड़ा घरों की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जाए। साथ ही नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को लीकेज सुधार, पाइपलाइन मरम्मत तथा ओवरहेड टैंकों की नियमित सफाई की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देशित किया। उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जल निक. ासी व्यवस्था पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी नालों की पूर्ण सफाई, पंपिंग स्टेशनों की मरम्मत, जाम लाइनों की पहचान तथा जलभराव संभावित क्षेत्रों में स्थाई समाधान के लिए तेजी से कार्य किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में जलभराव की समस्या उत्पन्न न होने पाए और यदि कहीं शिकायत आए तो तत्काल मौके पर पहुंचकर उसका समाधान कराया जाए।

## ट्रक से कुचल कर वृद्ध महिला की मौत

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज के नैनी कोतवाली क्षेत्र के समीप गुरुवार को एक ट्रक ने पैदल जा रही वृद्ध महिला को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने लगा तो भीड़ ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक महिला के घरवालों को सूचना दे दी। प्रयागराज के नैनी काजीपुर की रहने वाली डंगरी देवी के बेटे और पोते मेवालाल बगिया चौराहे ओर डोसा कार्नर की दुकान चलाते है। आज दोपहर डंगरी देवी दुकान का कुछ सामान लेकर अपने घर काजीपुर पैदल जा रही थी। इसी दौरान ट्रक ने डंगरी देवी को सामने कुचल दिया। सूचना पर पहुंचे नैनी चौकी इंचार्ज बलिराम ने तत्काल ट्रक चालक को हिरासत में लिया और थाने ले गई।

# घोसी से सपा विधायक सुधाकर सिंह का मेदांता में निधन

## राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/मऊ।** उप्र के मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक सुधाकर सिंह का गुरुवार तड़के साढ़े तीन बजे के करीब मेदांता में निधन हो गया।

वह 67 वर्ष के थे। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि श्री सिंह के शरीर के अधिकतर अंगों ने काम करना बंद कर दिया था जिसकी वजह से उनका निधन हो गया। श्री सिंह के निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। मेदांता के निदेशक डॉ राकेश कपूर ने बताया कि श्री सिंह को दो दिन पूर्व गम्भीर स्थिति में लाया गया था। उन्हें लिवर सहित कई समस्याएं थी। उन्होंने बताया कि आज तड़के मल्टी आर्गन फेल्योर के चलते उनका निधन हो गया। पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव के साथ शिवपाल अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने उनके (सुधाकर सिंह) पुत्र सुजीत सिंह से मिले और शोक संतप्त परिवार के लिए संवेदना व्यक्त की।

उधर उनके निधन की सूचना पर समाजवादी पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व ट्विटर) पर गहरा शोक व्यक्त किया। पार्टी ने लिखा ष्घोसी विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह का निधन अत्यंत हृदय विदारक है। उनके असामयिक निधन से परिवार, समर्थकों और पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। गौरतलब है कि श्री सिंह ने वर्ष 2022 के चर्चित घोसी उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान को कड़ी टक्कर देते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस उपचुनाव को पूर्वांचल की राजनीति का महत्वपूर्ण मोड़ माना जाता है, जिसमें सपा की जीत ने पूरे प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भर दिया था। मऊ जिले में जन्मे और पले-बढ़े सुधाकर सिंह लंबे समय से ग्रामीण मुद्दों की आवाज़ बनकर राजनीति में सक्रिय रहे। घोसी क्षेत्र में उनकी पकड़ बेहद मजबूत मानी जाती थी। जनता के बीच आसानी से घुल-मिल जाने और जमीन से जुड़े नेता की छवि ने उन्हें लगातार लोकप्रिय बनाए रखा। सुधाकर सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**प्रतापगढ़।** उप्र के प्रताप गढ़ जिले में अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट पारुल वर्मा ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अदालत ने उदय पुर थाना क्षेत्र के निवासी मनोज सिंह को नाबा. लिग से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार दिया और उसे सश्रम आजीवन कारावास तथा 60 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। अदालत ने जुर्माने की राशि पीड़िता के चिकित्सकीय एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा पुनर्वास के लिए प्रदान करने का आदेश दिया है। पीड़िता की मां के अनुसार यह घटना एक दिसम्बर 2016 की है जब उनकी बेटी सुबह करीब 10 बजे गांव के लल्लू सिंह के घर जा रही थी। आरोपी मनोज सिंह ने घर के अंदर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी दी कि इसके बारे में किसी को बताएगी तो जान से मार देगा। अदालत ने पीड़िता को उप्र रानी लक्ष्मी बाई महिला सम्मान कोष से भी क्षतिपूर्ति की राशि नियमानुसार प्रदान किए जाने का आदेश दिया है।

# कादीपुर में मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा, संगठनात्मक जिम्मेदारी पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को संत तुलसीदास महाविद्यालय कादीपुर, सुलतानपुर में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और संबंधित जिम्मेदारों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में सुल्तानपुर, अमेठी, जौनपुर और प्रतापगढ़ जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, बीएलए-1, मंडल अध्यक्ष तथा अभियान के संयोजक और सह-संयोजक मौजूद रहे। कार्यक्रम में धर्मपाल सिंह ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक जागरूकता का महत्वपूर्ण अभियान है। उनका कहना था कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण लोकतंत्र को मजबूत करता है और मजबूत लो. कतंत्र ही राष्ट्रीय निर्माण में सहायक बनता है।

उन्होंने इस प्रक्रिया को केवल प्रशासनिक औपचारिकता न मानते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला बताया। सिंह ने कहा कि अभियान का संकल्प यह है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़े और हर अपात्र या बोगस नाम सूची से हटे। इस कार्य को संगठनात्मक दायित्व मानते हुए पूरी गंभीरता के साथ करने की आवश्यकता बताई गई। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य गांव से लेकर शहर तक हर घर और हर बूथ तक पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क स्थापित करना है ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूट न जाए और कोई भी अपात्र नाम सूची में बना न रहे।

अभियान की निगरानी के लिए जिला और विधानसभा स्तर पर वॉर रूम स्थापित किए गए हैं, जो प्रदेश स्तर के वॉर रूम से तकनीकी रूप से जुड़े रहेंगे। इन वॉर रूम के माध्यम से सतत मॉनीटरिंग, तकनीकी सहायता और समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठनात्मक तालमेल, तकनीकी दक्षता और जनसंपर्क के माध्यम से इस अभियान को जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप देना है। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्तर पर बीएलए-1 और बूथ स्तर पर बीएलए-2 को पूर्ण सहयोग और तालमेल के साथ काम करना होगा। इनके साथ नियुक्त बूथ प्रवासी सहयोग की नई शक्ति बनेंगे। तीनों स्तरों पर जिम्मेदारों को आपसी समन्वय, कार्य विभाजन, बूथ अध्यक्षों को साथ लेकर घर-घर पहुंचने की रणनीति बनानी होगी। उनके अनुसार संपर्क, सत्यापन और सूचनाओं के आदान-प्रदान से अभियान को गति, पारदर्शिता और प्रमाणिकता मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएचयू में लागू हुई विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन टीचिंग फीडबैक प्रणाली

**वाराणसी।** काशी हिदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ने विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन टीचिंग फीडबैक प्रणाली शुरू कर दी है। इस नई व्यवस्था के तहत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के सभी विद्यार्थी अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं से ठीक पहले अपने पढ़ाए गए प्रत्येक पेपर के लिए ऑनलाइन फीडबैक दे सकेंगे। यह सुविधा ''नमस्ते बीएचयू'' मोबाइल ऐप के साथ-साथ ''नमस्ते बीएचयू'' वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। नई प्रणाली लागू होने के साथ ही आगामी अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यह व्यवस्था फीडबैक प्रक्रिया को सरल, त्वरित एवं पूरी तरह पारदर्शी बनाती है। कुलपति प्रो- अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि यह नया फीडबैक सिस्टम न केवल उत्कृष्ट शिक्षकों की पहचान और सराहना करने में सहायक होगा, बल्कि शिक्षण पद्धतियों में सुधार के लिए रचनात्मक सुझाव भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों से प्राप्त फीडबैक पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधन करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे विश्वविद्यालय का समग्र शैक्षणिक अनुभव और अधिक समृद्ध होगा। फीडबैक देने के लिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर से ''नमस्ते बीएचय'' ऐप या वेबसाइट पर लॉग-इन करना होगा।

### फेसबुक पर वीडियो अपलोड कर आत्महत्या करने जा रहे युवक को पुलिस ने बचाया

**सोनभद्र।** उप्र के चोपन थाना क्षेत्र में पत्नी एवं पारिवारिक विवाद से तंग आकर फेसबुक पर अपना विडियो अपलोड कर आत्महत्या करने जा रहे युवक को पुलिस ने दरवाजा तोड़कर बचा लिया। थाना चोपन पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता से युवक की जान बच गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने गुरुवार को बताया की डीजीपी मुख्यालय कंट्रोल रूम लखनऊ के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की चोपन थाना क्षेत्र के चोपन बैरियर रोड निवासी मुकेश साहनी द्वारा फेसबुक पर एक वीडियो अपलोड किया गया है, जिसमें वह पारिवारिक तनाव एवं पत्नी से विवाद के कारण आत्महत्या करने की बात कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना चोपन पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित मुकेश साहनी को उनके घर का दरवाजा तोड़कर आत्महत्या करने से रोका गया और उन्हें बचाया गया एवं मौके पर मानसिक रूप से सहारा दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया की पीड़ित द्वारा किए जा रहे आत्महत्या के कृत्य को रोककर थाना चोपन पुलिस युवक की जान बचाने में सफल रही। मुकेश साहनी ने पुलिस की तत्परता और काउंसलिग के बाद आत्महत्या न करने का आश्वासन दिया। पीड़ित के पिता पिन्टू साहनी को भी स्थिति की जानकारी देते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। थाना चोपन पुलिस ने इस प्रकरण में मानवीय संवे. दनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए समय रहते उचित कदम उठाकर एक जानलेवा परिस्थिति को टालने में सफलता प्राप्त की। थाना चोपन पुलिस ने केवल आत्महत्या रोककर ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से टूटे हुए युवक को भावनात्मक सहारा देकर जीवन के प्रति आश्वस्त किया।

### बस के ई-रिक्शा को टक्कर से तीन महिलाओं की मौत

**मऊ।** उप्र में मऊ जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में रोडवेज बस के एक ई-रिक्शा को टक्कर मार देने से तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि अन्य सात घायल हो गए। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह सभी लोग पहाड़पुरा से एक ई रिक्शा में बैठकर प्यारेपुरा की तरफ जा रहे थे। माता पोखरा के समीप आजमगढ़ डिपो से संबंधित एक रोडवेज बस ने पीछे से ई रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार तीन महिलाओं मजहबी अंसारी (65) नूरी (30) एवं शाहीन (33) की मृत्यु हो गई तथा चार बच्चों सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में अरशद (ई रिक्शा चालक), रफीक, शाहिद, सानिया, सोमैया, अनबिया व रोकैया शामिल हैं। ई-रिक्शा में सवार सभी लोग मऊ शहर के दक्षिण टोला थाना अंतर्गत बुलाकीपुरा में एक शादी समारोह में भाग लेने आए हुए थे। ए सभी लोग देवरिया जनपद के सलेमपुर कस्बे के रहने वाले हैं। घायलों में ई रिक्शा चालक रफीक व सोमैया का इलाज जिला अस्पताल मऊ में चल रहा है। शेष पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें रेफर कर दिया गया है।

## थ्रेसर पलटने से एक की मौत

**औरैया।** उप्र में औरैया जिले के थाना बेला क्षेत्र के हरदू गांव में कल देर शाम खेत में धान की मड़ाई के दौरान थ्रेसर पलटने से एक किशोर की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार सुबह यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरदू निवासी विकास बुधवार सुबह मजदूरी के लिए गांव के खेतों में धान की मड़ाई का काम करने गया था। देर शाम काम करते समय अचानक थ्रेसर पलट गया जिससे उसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद ट्रैक्टर मालिक और किशोर की मां सुधा देवी घायल विकास को लेकर तत्काल मेडिकल कॉलेज तिर्वा पहुंचे।

# फांसी के फंदे पर झूल कर नर्स ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उप्र के प्रतापगढ़ जिले में शहर के न्यू कालोनी बाबा गंज में कल देर शाम नर्स बंदना ने फांसी के फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन के बाद आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

घटना के समय उसकी दोनों बेटियां घर के बाहर खेल रही थी। जनपद अमेठी के गौरी गंज के हरचंदपुर के रहने वाले अमित की पत्नी बंदना (35) अपनी दो बेटियों के साथ न्यू कालोनी बाबा गंज में किराए के मकान में रहती थी। बंदना राजा प्रताप बहादुर महिला अस्पताल में स्टाफ नर्स के साथ ओ टी टेक्नीशियन का काम देखती थी। बंदना को छह अक्टूबर को नौकरी से निकाल दिया गया था तब से वह तनाव में रहती थी। सी ओ सिटी प्रशांत राज ने गुरुवार को बताया है कि मृतका के पति को सूचना दे दी गई है। बंदना ने यह कदम क्यों उठाया परिजनों के आने के बाद स्पष्ट होगा।

# डीएम ने ईवीएम/वीवी पैट वेयर हाउस की वाह्य सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददातामेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला. धिकारी संजय चौहान द्वारा तहसील गौरीगंज परिसर में स्थित ई0वी0एम0 एवं वी0वी0 पैट वेयर हाउस की वाह्य सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

उक्त वेयर हाउस में विधानसभा क्षेत्र- अमेठी, गौरीगंज, तिलोई व जगदीशपुर निर्वाचन क्षेत्र की ई0वी0एम0/वी0वी0 पैट मशीने लॉक के अन्दर संरक्षित हैं। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा के ख्रष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा अर्पित गुप्ता, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफगण उपस्थित रहे।



# एनसीपी प्रदेश महासचिव ने की भ्रष्टाचार की जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** विकास अधिकारी सीतापुर को एनसीपी प्रदेश महासि. चव प्रवीण कुमार सिंह ने पत्र दिया है। जिसमें प्रदेश महासचिव ने कहा है कि विकास खण्ड सकरन में तैनात खण्ड विकास अधिकारी शिरीष गुप्ता द्वारा क्षेत्र पंचायत के कार्यों में व्यापक घोटाला किया गया है। सिर्फ सादे बाऊचर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यों के सम्बन्ध में पूर्व में समाचार पत्रों में लगातार खबर फोटो सहित प्रका. शित हुई।

ग्राम पंचायत मानपुर सीकरी के मजरा बेदौर में सोहन के घर से राम किशुन के घर तक इन्टर लाकिगं कार्य 9 लाख 99 हजार का भुगतान किया गया है । ग्राम पंचायत सकरन में सुरेश के घर से कमलेश के घर तक इन्टर लाकिगं कार्य 9 लाख 97 हजार का भुगतान किया गया है। जबकि अगर क्षेत्र पंचायत के तैनात खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा किये गये समस्त कार्यों की जांच कराया जाए। पूर्व में खण्ड विकास अधिकारी शिरीष गुप्ता द्वारा विकास खण्ड महमूदाबाद में मनरेगा मटेरियल घोटाला से बड़ा घोटाला उजागर हुआ था । जबकि पूर्व में महमूदाबाद में मनरेगा मटेरियल भुगतान में 76 लाख का घोटाला किया गया था । जो जांच में सि) भी हुआ और तैनात खण्ड विकास अधिकारी महमूदाबाद शिरीष गुप्ता को जिला विकास अधिकारी सीतापुर कार्यालय सम्बंध कर लिया गया था। तैनात एपीओ कंई कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही भी किया गया था। लेकिन खण्ड विकास अधिकारी शिरीष गुप्ता जी को पुनः विकास खण्ड सकरनं में तैनात कर दिया गया था। जबकि दोषी पाये जाने पर ही जिला विकास अधिकारी कार्यालय से सम्बंध किया गया था और विकास खण्ड सकरनं में क्षेत्र पंचायत भुगतान व्यापक घोटाला किया गया है। अगर इनके द्वारा किये गये भुगतान जो 1अप्रैल 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक के भुगतान में एक भी बिल नहीं लगाया गया है। केवल सादे बिल बाऊचर लगाया गया जिससे कि मालुम हो कि क्या खरीद किया गया है। फर्म कहा अस्थापित है जिस कारण केवल सादे कागज का स्कैन करके विल की जगह लगाया गया है। कार्य की बात तो कार्य मानकों पर नहीं कराया गया है और जिन कार्यों का भुगतान किया गया है शायद कुछ कार्य मौके पर हुऐं भी कि नहीं है। जिस कारण बिल बाउचर की जगह सादे बिल बाऊचर लगाया गया है।

# सर्राफा कारोबारी से अज्ञात बदमाशों ने की लूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कौशांबी।** उप्र के कौशांबी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे एक सर्राफा व्यापारी को रास्ते में रोककर कार सवार बदमाशों ने मारपीट किया और कट्टा दिखा कर लाखों रुपये कीमत का आभूषण भरा बैग लूट कर फरार हो गए।

क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने गुरुवार को बताया कि सराय अकिल कस्बा के भगौवती गंज निवासी अंशु सोनी इसीपुर गांव में किराए पर कमरा लेकर ज्वैलरी की दुकन चलता है कल शाम दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से वह घर लौट रहा था जैसे ही पुरखास गांव के पास पिन्नई मोड़ पर पहुंचा इसी दौरान बोलेरो सवार छह बदमाशों ने अंशु सोनी को रोक लिया कट्टा दिखा कर आभूषण से भरा बैग छीनकर फरार हो गई। पीड़ित के अनुसार बैग में चार किलोग्राम चांदी और 23 ग्राम स्वर्ण आभूषण था। अंशु सोनी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# गबन कर लूट की सूचना देने वाला डाक कर्मी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उप्र के सोनभद्र में राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने डाक घर की धनराशि का गबन करके पुलिस को लूट की फर्जी सूचना देने के मामले में डाक कर्मी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने गुरुवार को बताया की सुअरसोत डाक घर कर्मचारी वाजिद ने थाना रॉबर्ट्सगंज पर लिखित सूचना देते हुए बताया कि वह एक बैग में 1,80,000 रुपये तथा तीन रजिस्टर लेकर पोस्ट ऑफिस सुअरसोत खुर्द शाखा से दोपहर में पैदल आ रहा था। मरकरी पुल के पास पीछे से बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्ति आए और उसका बैग छीन लिया। प्रतिरोध करने पर उन्होंने धक्का देकर उसे गिरा दिया जिससे उसे चोटें आईं।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू किया। जांच में निरीक्षक डाकघर रॉबर्ट्सगंज उपमंडल अंजनी कुमार राय द्वारा सूचना दी गई कि सुअरसोत खुर्द डाकघर के कर्मचारी वाजिद , निवासी ग्राम चितोरा, पोस्ट मंडी खेरा, जनपद नूह (हरियाणा) द्वारा डाकघर की कुल 1,69,387 रुपये की धनराशि का गबन कर लिया गया है। धनराशि हड़पने के बाद उक्त कर्मचारी ने स्वयं को बचाने के उद्देश्य से लूट की मनगढ़ंत कहानी बनाकर पुलिस को झूठी सूचना दीया है। पुलिस टीम द्वारा जांच में उजागर हुआ की डाक कर्मी वाजिद ने योजनाबद्ध तरीके से सरकारी धनराशि का गबन किया है। गबन को छिपाने हेतु उसने लूट की झूठी सूचना तैयार कर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास भी किया। डाक विभाग द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# योगी शनिवार को प्रयागराज दौरे पर

**प्रयागराज।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज दौरे पर रहेंगे और माघ मेले की तैयारी को लेकर आई ट्रिपलसी सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे तथा सभी अधिकारियों के साथ मेले को भव्य और दिव्य बनाने की चर्चा करेंगे।

श्री योगी शनिवार को एक विवाह समारोह में भी शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंचेंगे। वहीं उनके दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई है। मुख्यमंत्री आई ट्रिपल सी सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे उसके उपरांत गंगा पूजन करने के बाद एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद वह लखनऊ के लिए प्रयागराज से प्रस्थान करेंगे जिसको लेकर प्रशासन तैयारी में लगा हुआ है। गौरतलब है कि अगले वर्ष लगने वाले माघ मेले को भव्य और दिव्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी प्रयागराज दौरे पर रहेंगे साथ ही साथ 2024 और 2025 में महाकुंभ के तर्ज पर इस बार का माघ मेला रहेगा। श्री योगी माघ मेले को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ भी बैठक करेंगे और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए किस तरीके का इंतजाम किए गए हैं इस पर भी चर्चा कर सकते हैं।

# निजी स्कूल में गैस लीकेज से 25 बच्चे प्रभावित

**हरदोई।** उप्र में हरदोई जिले के संडीला कस्बे में एक निजी पब्लिक स्कूल में आज अचानक फैली अज्ञात गैस की तेज गंध से बच्चों में खांसी, चक्कर आना और बेहोशी की स्थिति बन गई।

जिससे करीब 25 बच्चे बीमार पड़े एवं कई बेहोश हो गए जिसके बाद पूरे स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी पाकर बच्चों के अभिभावक , पुलिस प्रशासन, और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद 16 बच्चे अलग अलग निजी अस्पताल में भर्ती कराए गए है जिनकी हालत स्थिर है जबकि एक बच्ची को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। प्रशासन और पुलिस अधिकारी घटना के कारणों की पघ्ताल कर रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संडीला कोतवाली इलाके में लायंस पब्लिक स्कूल में सुबह करीब दस बजे कक्षाओं में अचानक गैस जैसी तेज गंध फैलने लगी। गंध महसूस होते ही बच्चों में खांसी, उल्टी, सिर चकराना और बेहोशी जैसी दिक्कतें शुरू हो गई। घबराए बच्चे क्लास रूम से बाहर भागने लगे। शिक्षकों ने तुरंत सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला और प्रशासन के साथ-साथ परिजनों को भी सूचना दी। जानकारी मिलते ही एसडीएम संडीला, सीएचसी अधीक्षक, फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। बीमार बच्चों को तुरंत आर-बी- हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहां यशी गुप्ता, तान्या, दीपाली, लायबा, आराध्या, अनुष्का, इल्मा, निहालिका, स्तुति गुप्ता, संस्कृति, प्राची, वर्णिका और अंजनी सहित लगभग 16 बच्चों का इलाज जारी है। डॉक्टरों ने अंजनी नाम की बच्ची को गंभीर हालत में लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है। जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों की स्थिति का जायजा लिया और उन्हें समुचित उपचार करने के निर्देश दिए है।

# चार करोड़ के मादक पदार्थ नष्ट कराए





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को तस्करों से बरामद करीब चार करोड़ 29 लाख रुपये के मादक पदार्थ नष्ट कराए। इनमें गांजा, डोडा, चरस, एमडीएमए और अन्य मादक पदार्थ शामिल थे। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में पंजीकृत एनडीपीएस ऐक्ट के मुकदमों से संबंधित मादक पदार्थों को नियमानुसार नष्ट कराने के लिए अभियान चलाया गया। डीसीपी नार्कोटिक्स शैव्या गोयल के निर्देशन में सहायक एसीपी अपराध उमेश यादव और एसीपी लाइन राकेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में मादक पदार्थों को नष्ट कराया गया। इनमें कमिश्नरेट के सात थानों में दर्ज कुल 149 अभियोगों से संबंधित कुल 846.3091 किलोग्राम नशीले पदार्थों को नष्ट कराया गया।

इसमें 842.866 किलोग्राम गांजा (कुल अनुमानित कीमत लगभग चार करोड़ 21 लाख 43 हजार 300 रुपये), 510 ग्राम डोडा (कुल अनुमानित कीमत लगभग सात हजार 650 रुपये), 2.925 किलोग्राम चरस (कुल अनुमानित कीमत लगभग सात लाख 31 हजार 250 रुपये), 8.27 मिली ग्राम एमडीएमए (कुल अनुमानित कीमत लगभग आठ हजार 270 रुपये) और 100 गोलियं डायजापाम (कुल अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपये) को नष्ट कराया गया।

**इन थानों में जब्त थे मादक पदार्थ:** एक्सप्रेसवे थाने में दर्ज छह मुकदमों से संबंधित 5.510 किला.ग्राम गांजा, बादलपुर थाने में दर्ज 19 मुकदमों से संबंधित कुल 11.390 किलोग्राम गांजा, 510 ग्राम डोडा, सेक्टर-49 थाने में दर्ज 72 मुकदमों से संबंधित कुल 28.810 किलोग्राम गांजा, 2.925 किलोग्राम चरस, 8.27 मिली ग्राम एमडीएमए, 100 गोलियां डायजापाम, सेक्टर-58 थाने में दर्ज एक मुकदमे से संबंधित कुल 761 किलोग्राम गांजा, सेक्टर-142 थाना पर दर्ज दो मुकदमों से संबंधित कुल 2.850 किलोग्राम गांजा, ईकोटेक तृतीय थाने पर दर्ज चार मुकदमों से संबंधित कुल 5.698 किलोग्राम गांजा और बीटा-दो थाने पर दर्ज 45 मुकदमों से संबंधित कुल 27.6080 किलोग्राम गांजा का निस्तारण कराया गया।

# बार चुनाव समय पर होने के आश्वासन से अधिवक्ताओं ने धरना किया समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन का चुनाव कराने को लेकर अध्यक्ष से मिले आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने अपना धरना खत्म कर दिया। इससे पहले अध्यक्ष-सचिव सहित विभिन्न पदों के प्रत्याशियों ने समय पर चुनाव नहीं कराने की मांग को लेकर धरना दिया गया था। धरने के दौरान वर्तमान बार कार्यकारिणी के कनिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र खारी भी इस्तीफा दिया था।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनोज भाटी ने बताया कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी की ओर से गुरुवार को आम सभा की बैठक के दौरान अधिवक्ता चौक पर सभी को आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही एल्डर्स कमेटी का गठन किया जाएगा।

साथ ही तय समय 23 दिसंबर को बार का चुनाव करा दिया जाएगा। इस कारण पिछले दो दिन से चल रहे धरने को स्थगित कर दिया है। वहीं बार अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी का कहना है कि देश के समस्त प्रदेशों के बार काउंसिल के चुनाव के कारण बार काउंसिल आफ इंडिया द्वारा 15 नवंबर से 15 फरवरी 2026 के मध्य चुनाव ना करने का पत्र देश की समस्त जनपद की बार एसोसिएशन को जारी किया गया था।

जिससे गौतमबुद्धनगर बार एसोसिएशन के कुछ साथियों को भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। जिसके कारण उच्च न्यायालय दिल्ली में बार एसोसिएशन के कुछ सदस्यों द्वारा रिट लगाई की गई। मगर क्षेत्राधिकार न होने के कारण नोट प्रेस की गई। इसके बाद उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट लगाई गई थी। उच्च न्यायालय द्वारा भी बिना सभी पक्षों को सुने बार काउंसिल के द्वारा जारी आदेश के विरुद्ध कोई आदेश पारित नहीं किया गया। मामले में सुनवाई के लिए 6 दिसंबर की तारीख नियत की गई है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया के खिलाफ मथुरा जनपद के कुछ अधिवक्ताओं द्वारा सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली में भी याचिका लगाई गई है। उसमें भी बिना पक्षकारों को सुने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के आदेश संबंध कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। अग्रिम सुनवाई के लिए 5 दिसंबर 2025 तारीख तय की गई है। बार एसोसिएशन की मंशा स्पष्ट है और प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समय पर चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

## वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर 7.3 लाख का जुर्माना

**नोएडा।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने धूल उड़ाने वालों पर गुरुवार को 7.3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। नोएडा प्राधिकरण पर भी कार्रवाई की गई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम एक हफ्ते से लगातार कार्रवाई कर रही है। सेक्टर-74 में नोएडा प्राधिकरण द्वारा निर्माण सामग्री और मिट्टी खुले में रखी गई थी। बोर्ड की टीम ने संबंधित एजेंसी पर 50 हजार का जुर्माना लगाया। सर्फाबाद से सेक्टर-115 की ओर जाने वाली सड़क के निर्माण के लिए सामग्री और मिट्टी खुले में रखने पर पांच लाख का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा सेक्टर-14, 49, 41, 121 में भी ग्रैप-3 के नियमों के उल्लंघन पर एक लाख 80 हजार का जुर्माना लगाया गया।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली पदयात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** लौह पुरुष तथा देश की एकता और अखंडता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक भारत, आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आज जनपद गौतमबुद्ध नगर के जेवर विधानसभा में एक पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री सुरेश राणा, सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक धीरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

पदयात्रा की शुरुवात खेड़ा मो. हमदाबाद से विधायक धीरेन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। यह पदयात्रा ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, भाईपुर भोले मंदिर एवं मेंहदीपुर से होते हुए सिरौली बांगर एवं फलैदा बांगर गांव के रास्ते जनहित इंटर कॉलेज पहुंची। इस पदयात्रा में समाज के सभी वर्गों लोगों ने प्रतिभाग किया। पदयात्रा लगभग 8 किमी की थी। पदयात्रा में शिक्षा विभाग, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड्स, माय भारत, पीआरडी आदि ने हिस्सा लिया। यह पदयात्रा जिला प्रशासन, पीडब्ल्यूडी, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण, स्वास्थ विभाग आदि के सहयोग से संपन्न हुई।

इस मौके पर सुरेश राणा ने कहा कि सरदार पटेल ने 1947 में खण्ड-खण्ड भारत को एक कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की नींव रखी। यह पदयात्रा राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने तथा लोगों में भाई-बंधुत्व की भावना बढ़ाएगी।

सांसद डॉ. महेश शर्मा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है और एक संगठित समाज ही मजबूत राष्ट्र का आधार बनता है। समाज और राष्ट्र के विकास की पहली शर्त एकता है, जो 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करती है। विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह पदयात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक सद्भाव और देशभक्ति का सशक्त संदेश देने का अवसर है।

## एक नजर

### 20.54 लाख की साइबर ठगी में नहीं मिली अग्रिम जमानत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 20.54 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी में आरोपी मोनिश पाशा की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज की है। अभियोजन के अनुसार वादी संदीप कुमार के मोबाइल पर 21 जनवरी 2024 को एक अज्ञात नंबर से संदेश आया था। जिसमें उसे घर से कामकर पैसे कमाने का लालच दिया गया। उसे गूगल मैप पर होटल और रेस्टोरेंट की रेटिंग देने के नाम पर टेलीग्राम के वीआईपी 88 ग्रुप में जोड़ा गया। इस ग्रुप में कई लोग जुड़े थे, जो टास्क के बदले भुगतान का झांसा देते थे। धीरे-धीरे उसे मर्चेंट टास्क के नाम पर 60 हजार रुपये निवेश करने को कहा गया। इसके बाद सर्विस टैक्स और अन्य कारणों से वादी से लगभग 20.54 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। जब उसने रुपये लौटाने की मांग की, तो उसे धमकियां मिलने लगीं। मामले की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज हुआ।

### युवती पर थिनर से हमला

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर में बाथरूम में पहले नहाने को लेकर हुए विवाद में एक महिला पर थिनर फेंक दिया गया। इस घटना में महिला की आंखें झुलस गईं, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी महिला के पति पर भी हमला किया गया, जिससे उन्हें भी चोटें आई हैं।

यह घटना दनकौर के तुलसी नगर मोहल्ले की है। पीड़ित महिला रविता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ एक किराए के मकान में रहती हैं। उसी मकान के दूसरे कमरे में एक अन्य महिला भी रहती है।बुधवार शाम रविता ड्यूटी जाने के लिए बाथरूम में नहाने जा रही थीं। इसी दौरान दूसरे कमरे में रहने वाली महिला ने उनसे पहले नहाने को कहा। जब रविता ने जल्दी होने का हवाला देते हुए पहले नहाने देने का अनुरोध किया, तो दूसरी महिला गुस्सा हो गई। गुस्साई महिला ने रविता के साथ गाली-गलौज की और फिर उन पर थिनर फेंक दिया। थिनर गिरने से रविता की आंखें बुरी तरह झुलस गईं। उन्हें गंभीर हालत में पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के दौरान आरोपियों ने रविता के पति पर भी सिर पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें भी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष ने बुधवार देर रात कोतवाली में आरोपी पक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित पक्ष की शिकायत ले ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### महिला ने जेठ पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- मारने के लिए छत से दिया धक्का

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर क्षेत्र के कनरसा गांव की रहने वाली एक महिला ने अपने जेठ पर छत से धक्का देकर गिराने का आरोप लगाया है। घायल महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के एक माह बाद कोर्ट के आदेश पर आरोपित जेठ के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार किया जाएगा। पीड़ित महिला कुसुमलता का कहना है कि उनका जेठ अनिल कुमार उनसे और उनके पति से रंजिश मानता है। 20 अक्टूबर को वह अपने घर की छत पर खड़ी थी। इसी दौरान आरोपित जेठ भी छत पर आ गया और जान से मारने की नीयत से उसे छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया। घटना के बाद से ही महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बृहस्पतिवार को कोर्ट के आदेश पर आरोपित जेठ के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जाएगी।

### तीन महीनों में 30 हजार वाहनों की आरसी रद्द

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर में पुराने वाहनों की आरसी लगातार रद्द की जा रही है। पिछले तीन माह में 10 साल के डीजल और 15 साल वाले पेट्रोल चलित पुराने करीब 30 हजार से अधिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट को रद्द किया गया। सेक्टर-32ए स्थित उप संभागीय परिवहन विभाग के दफ्तर से मिली जानकारी के अनुसार अक्टूबर माह में 10409 वाहनों की आरसी रद्द की गई। इसके पहले सितंबर माह में 10310 वाहन और अगस्त माह में 10197 वाहनों की आरसी रद्द की गई। इनमें 10 साल की मियाद पूरी कर चुके डीजल वाहन और 15 साल की मियाद पूरी कर चुके पेट्रोल चलित वाहन शामिल हैं। इनमें निजी व कमर्शियल दोनों तरह के वाहन शामिल हैं। हालांकि ऐसे वाहन जिन्होंने अपनी फिटनेस कराई, ऐसे करीब 3090 वाहनों को अक्टूबर में एनआ.सी जारी की गई। यह वाहन अब अगले एक साल तक सड़कों पर दौड़ सकेंगे।

# जिम्स में मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में गुरुवार से मोतियाबिंद का आपरेशन निशुल्क कर दिया गया है। इससे मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी और उनकी जेब पर असर नहीं पड़ेगा। वहीं, संस्थान में बेहतर चिकित्सीय सुविधा के लिए ईएसआईसी से भी समझौता किया है। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. राक.ेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मरीजों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए गए, जो सफल भी हुए। अब मरीज यहां पर निशुल्क आपरेशन करा सकेंगे। इससे मरीजों को निजी अस्पतालों की लूट से राहत मिलेगी। इसके अलावा जिम्स आने वाले मरीजों को सस्ती और बेहतर सुविधा व उपचार देने के लिए ईएसआइसी से एमओयू किया गया है।

ईएसआइसी की डायरेक्टर मेडिकल डॉ. सविता भाटिया ने माडर्न, कुशल और पेशेंट-सेंट्रिक हेल्थकेयर सर्विस देने में जिम्स की सरहाना की। उन्होंने कहा कि यह सहयोग ईएसआइसी लाभार्थियों के लिए बेहतर हेल्थकेयर सर्विस के लिए एक बेहतर पहल है। इससे गौतम बुद्ध नगर और आस-पास जिलों के मरीजों को लाभ मिलेगा। इस पैनल में शामिल होने के साथ लाभार्थियों को स्पेशल मेडिकल सर्विस, इमरजेंसी केयर, एडवांस्ड डायग्नोस्टिक्स और सुपर-स्पेशियलिटी ट्रीटमेंट का इस्तेमाल कर पाएंगे।

## यूपी रेरा ने नौ और परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने गुरुवार को हुई बैठक में गौतमबुद्ध नगर समेत छह जिलों में नौ परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं से लगभग 2009 करोड़ रुपये का निवेश आने का अनुमान है। फ्लैट, भूखंड और विला मिलाकर 1586 इकाइयां विकसित की जाएंगी। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि स्वीकृत प्रदान की गई नौ परियोजनाएं लखनऊ, बाराबंकी, प्रयागराज, चंदौली, अलीगढ़ और गौतमबुद्ध नगर में हैं। इनमें सबसे अधिक तीन परियोजनाएं गौतमबुद्ध नगर में हैं। नौ परियोजनाओं में फ्लैट, भूखंड और विला मिलाकर कुल 1,586 इकाइयां विकसित की जाएंगी। परियोजनाएं आवासीय एवं मिश्रित विकास मॉडल पर आधारित हैं, जो शहरी और उपनगरीय दोनों क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करेंगी।

# सोरखा में ताबड़तोड़ फायरिंग

- **जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में चल रहा विवाद, वीडियो वायरल, पुलिस ने दो पकड़े**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सोरखा गांव में दबंगों ने कई राउंड फायर किया। फायरिंग की आवाज सुनकर गांव निवासी घरों में घुस गए। जिस घर पर फायर किया जा रहा था वहीं किसी महिला ने एक वीडियो बनाया। जिसे अब वायरल किया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो-तीन को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस बीच दोनों पक्षों में एक पक्ष के लोग सड़क पर हाथ में डंडा और पिस्टल लेकर पहुंचे। जमकर गाली गलौज किया गया।

इसके बाद एक युवक ने तीन से चार राउंड फायर किया। फायर की आवाज सुनते ही ग्रामीण घर के अंदर चले गए। एक महिला ने चोरी से इसका वीडियो बनाया। बताया कि जिस महिला ने वीडियो बनाया दबंग लोग उसी के घर को टारगेट कर रहे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महर्षि संस्थान द्वारा भारत उत्कर्ष महायज्ञ का आयोजन

- **108 कुंडों में सामूहिक आहुतियों के साथ जन-कल्याण की प्रार्थना**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** महर्षि नगर, सेक्टर-110 स्थित महर्षि महेश योगी संस्थान द्वारा आयोजित 108 कुण्डीय भारत उत्कर्ष महायज्ञ के पाँचवें दिन "शत्रु नाश यज्ञ" का विशेष आयोजन किया गया। विशाल रामलीला ग्राउंड में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यजमानों ने एक साथ अग्नि में आहुति अर्पित कर व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के कल्याण की मंगलक.ामना की।

इस यज्ञ का उद्देश्य केवल बाहरी शत्रुओं का नाश ही नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर बसे मानसिक और आध्यात्मिक शत्रुओं का भी शमन करना बताया गया। यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रों की ध्वनि और अग्निहोत्र की पवित्र सुगंध से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि यह यज्ञ तीन प्रकार के शत्रुओं के नाश के लिए किया गया। जैसे अंत: शत्रु: काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसे वे दोष जो मनुष्य के भीतर ही छिपे रहते हैं। जो वाह्य शत्रु: वे चुनौतियाँ और बाधाएँ जो सीधे रूप में व्यक्ति या समाज के सामने आती हैं। गुप्त शत्रु: वे नकारात्मक शक्तियाँ या परिस्थितियाँ जिन्हें हम देख नहीं सकते, लेकिन जो प्रगति में अवरोध बनती हैं।

भारत उत्कर्ष महायज्ञ में अब तक करीब 5 लाख से ज्यादा लोग शामिल हो चुके हैं। इस महायज्ञ में आगामी 25 नवंबर तक प्रतिदिन विशेष अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आध्यात्मिक गति.विधियाँ आयोजित की जाएँगी। प्रवेश नि:शुल्क है और कोई भी इस आध्यात्मिकख्रसांस्कृतिक आयोजन में शामिल हो सकता है।

# यीडा के इंडस्ट्रियल पार्कों में आएगी प्लाट योजना, तलाशी गई जमीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के पांच औद्योगिक पार्कों में प्लाट की योजना जल्द आएगी। प्राधिकरण ने सभी पार्कों में 40 से ज्यादा छोटे और बड़े औद्योगिक भूखंडों पर योजना शुरू करने की तैयारी कर ली है। अगले सप्ताह तक योजना शुरू की जा सकेगी। यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि शहर में मेडिकल डिवाइस पार्क, हस्तशिल्प, टॉय, अपैरल और एमएसएमई पार्क विकसित हो रहे हैं। सभी पार्कों में अब तक 1049 भूखंड आवंटित हो चुके हैं, जिनमें से 336 आवंटियों ने भूखंडों पर कब्जा ले लिया है। कई कंपनियों का मौके पर निर्माण कार्य चल रहा है।

**नए भूखंड पर योजना निक.ालने की तैयारी:** पार्कों में औद्योगिक गतिविधियां तेज करने के लिए अब नए भूखंड पर योजना निकालने की तैयारी है। पिछली बोर्ड बैठक में नए भूखंडों पर योजना शुरू करने का प्रस्ताव भी पास किया जा चुका है। प्राधिकरण पहले करीब 40 भूखंडों पर योजना लेकर आएगा, इसे लेकर जमीन तलाश ली गई है। अगले सप्ताह तक इन पार्कों में योजना शुरू होने का अनुमान है।

**दिसंबर 2026 तक संचालन का लक्ष्य:** यमुना प्राधिकरण ने इन सभी पार्कों के संचालन के लिए दिसंबर 2026 की लक्ष्य निर्धारित किया है। इन पार्कों में काम तेजी से पूरे कराने के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। नोडल अधिकारी देखेंगे कि आवंटी ने कितने समय पहले भूखंड पर कब्जा लिया और अब काम की क्या स्थिति है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**निवेश के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे:** प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के साथ ही एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लिए शासन स्तर से भी निगरानी की जा रही है।

# पुलिस के विरोध में किसान सभा ने की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** किसान संघर्ष मोर्चा की 25 नवंबर को कलेक्ट्रेट पर होने वाली महापंचायत को रोकने के लिए पुलिस किसान नेताओं पर दबाव बना रही है। किसानों को पांच लाख रुपये के नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जिन किसानों को नोटिस मिले हैं, उनमें से कई किसानों ने अपना लिखित जवाब भी दाखिल दिया है। गुरुवार को पतवाड़ी गांव में पंचायत कर किसानों ने रोष जाहिर किया है।

किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नगर ने बताया कि बीती रात करीब 2 बजे पुलिस सैंकड़ों की संख्या में किसानों के घरों पर पहुंची, पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। यह सब केवल इसलिए किया जा रहा है, ताकि किसान अपनी वाजिब मांगें न उठा सकें।

किसान सभा के नौजवान सचिव सुरेंद्र यादव ने कहा कि किसानों की पुश्तैनी आबादियों का अधिग्रहण किया है, 10 फीसदी प्लॉट का वैधानिक हक छीना गया है। किसान किसी भी दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। अपने हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेंगे।

किसान सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. रूपेश वर्मा ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर में किसी भी किसान संगठन ने कभी कोई हिंसक आंदोलन नहीं किया, फिर भी किसानों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए, ताकि वे 10 फीसदी प्लॉट, आबादियों के निस्तारण और नए भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने की मांग न उठा सकें।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## निजी वाहनों की नई सीरीज यूपी16एफजे जारी

**नोएडा।** निजी वाहनों की नई सीरीज यूपी16एफजे गुरुवार को जारी हो गई। वाहन मालिक शुक्रवार से परिवहन विभाग की वेबसाइट www-parivahan-gov-in पर सीरीज के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यूपी16एफएच पूरी होने के बाद ब्लॉक कर दी गई है। अब इस सीरीज का कोई नंबर बुक नहीं होगा। वहीं, नई सीरीज यूपी16एफजे जारी कर दी गई है। सीरीज के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें वाहन मालिक को निर्धारित पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा।

# अपर जिला जज ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर आज अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव चंद्र मोहन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के परिसर में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वाद चिन्हित करने तथा चिन्हित किये गये वादों में पक्षकारों को नोटिस व सम्मन आदि भिजवाने को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किये जाने को निर्देशित किया।

बैठक के दौरान अपर जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में तथा जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबंधित मामले, धारा-138 एनआई एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि के लिए इच्छुक हो, वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत की डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है। यह फैसले बाध्यकारी होते हैं और इनके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। लोक अदालत का कोई न्यायालय शुल्क नहीं है और यदि न्यायालय शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, तो लोक अदालत में विवाद का निपटारा होने पर राशि वापस कर दी जाती है।

आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाक.ांत द्विवेदी, एसीपी सुरक्षा सुनील गुलाटी, यातायात पुलिस विभाग से राकेश प्रताप सिंह, मुख्य प्रशास.निक अधिकारी अनुराग सारस्वत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन दिन बाद जिंदगी की जंग हार गया रियासत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तीन दिन पहले नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला के एक युवक ने बीमारी से तंग आकर ब्लेड से अपना पेट फाड़ लिया था, घायल युवक को पहले कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे बरेली रेफर कर दिया था। परिजनों ने उसे महानगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने गुरुवार को आखिरी सांस ली।

ग्राम के मरहूम करामुद्दीन के चार पुत्र मुख्तियार अहमद, शहाबुद्दीन, रियासत और रईस अहमद हैं, जिनमें सबसे छोटा पुत्र रईस अहमद ग्राम में ही अपनी मां बतूलन के साथ रहता है, जबकि तीनों भाई दिल्ली में रहकर कवाड़े का काम करते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक तीन सप्ताह पहले रियासत अपने घर आया था। वह अपनी बीमारी से काफी परेशान था। पांच साल पहले उसकी पत्नी का तलाक हो गया था।



तीन दिन पहले वह शाम को खाना खाकर सोने चला गया था। सुबह करीब 4 बजे उसने ब्लेड से रियासत ने अपना पेट फाड़ लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया और चीखने चिल्लाने लगा था। शोर शराबा होने पर उठे उसके भाई और मां ने तत्काल ही डायल 112 को फोन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल ही नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसे बरेली रेफर कर दिया था। परिजनों ने इसे महानगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा था।

गुरुवार को सुबह 6 बजे उसने आखिरी सांस लेते हुए दम तोड़ दिया। मृतक को बरेली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। देर शाम उसका शव गांव पहुंचा, जहां देर रात उसे गांव के कब्रिस्तान में सुपर्द ए खाक कर दिया गया।

# डीएम ने ताइक्वांडो पदक विजेता छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**■ 69वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयीय प्रतियोगिता 2025 के विजेताओं से की मुलाकात**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने 69वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 में पदक जीतने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता 14 से 17 सितंबर तक पीएन श्री राजकीय इंटर कॉलेज मिर्जापुर में आयोजित की गई थी।



प्रतियोगिता के अंडर-14 आयु वर्ग में कई छात्रों ने पदक हासिल किए। बालिका वर्ग में यूपीएस शिवनगर भुता की कक्षा 6 की छात्रा रागिनी, कक्षा 7 की प्रियांशी, कक्षा 6 की अनुपम गौतम और कक्षा 6 की पारुल ने कांस्य पदक जीते। इसी वर्ग में कक्षा 8 की अर्चिता सिंह ने रजत पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग में यूपीएस शिवनगर भुता के कक्षा 7 के छात्र इंद्रजीत सिंह और कक्षा 8 के छात्र दिनेश ने कांस्य पदक जीते, जबकि कक्षा 7 के छात्र अनुज कुमार ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

अंडर-17 आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में कुसुम कुमारी बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा काजल और इस्लामिया बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा पूजा ने रजत पदक प्राप्त किए। बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज के कक्षा 9 के छात्र लव भारती ने रजत पदक जीता।

सभी विजयी छात्र-छात्राओं ने अपने टीम कोच जय सिंह के साथ डीएम अविनाश सिंह से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। डीएम ने सभी पदक विजेताओं को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।

## एक नजर

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ मेडिकल संचालक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** रात्रि गस्त के दौरान चौकी टांडा छंगा पुलिस ने एक मेडिकल संचालक को एक अवैध 315 वोर का तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी रुद्रपुर में घर के पास ही मेडिकल स्टोर चलाता है।



उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह राठी ने वताया कि गस्त के दौरान रात्रि लगभग 1.30 बजे टांडा छंगा से रुद्रपुर जाने बाली सड़क से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर जामा तलाशी ली।तलाशी में युवक के पास से 315 वोर का एक अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस मिले।पूछताछ में युवक ने अपना नाम शिखर पुत्र चन्द्र सेन निवासी भूत बंगला चौकी रम्पुरा कोतवाली रुद्रपुर (उत्तराखण्ड )आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसनें बी फार्मा की पढ़ाई की है।और घर के पास ही मेडिकल स्टोर चलाता है।गलत संगति के कारण अबैध तमंचा रखने लगा।पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# लाही की फसल पलटने के विरोध पर दबंगों ने धारदार हथियार से किसान को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** दो माह पूर्व खेत में बोई लाही की खड़ी फसल को दबंग ट्रेक्टर से पलट रहे थे।जानकारी होने पर किसान खेत पर पहुंचा और विरोध किया।इस पर दबंगो ने गाली गलौच करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। दबंगों के हमले से किसान घायल हो गया। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल को इलाज को भेज दिया।

ग्राम खमरिया निवासी सलमान पुत्र पीर खान ने पुलिस को बताया कि उसनें अपने चार बीघा खेत में दो माह पूर्व लाही की फसल बोई थी।उक्त फसल को तहसील खान,तौफील खान,तौसीब खान व आसिफ निवासी सहदौरा थाना किच्छा जनपद ऊधम सिंह नगर दबंगई के बल पर ट्रेक्टर से पलट रहे थे। मैंने फसल पलटने का विरोध किया तो उपरोक्त चारों लोगों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट की तथा कोई धारदार चीज हाथों में मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मिल ने 18 नवम्बर तक क्रय किए गन्ने का किया भुगतान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** केसर चीनी मिल ने किसानों को नए सत्र का गन्ना भुगतान शुरू कर दिया है। मिल प्रबंधन ने नये पेराई सत्र का 18 नवंबर तक का भुगतान किसानों के खाते में पहुंचा दिया है।

केसर चीनी मिल के मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी शरत मिश्रा ने बताया कि दिनांक 20.11.2025 को पहली एडवाइज रूपये 1.95 करोड़ के साक्षीप 2.0 करोड़ का भुगतान एस्क्रू खाते में भेजा है। किसानो के खाते में अब तक क्रय किया गया 18 नवंबर तक के गन्ने का भुगतान 1.95 करोड़ किसानों के खाते में जमा करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी किसानों को समय से गन्ने का भुगतान किया जाता रहेगा।

# रिछा-जहानाबाद मार्ग पर मरम्मत कार्य शुरू

**■ अतहर नियाजी की पहल पर पीडब्ल्यूडी ने काम शुरू किया, साइन बोर्ड भी लगेंगे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** चावल नगरी रिछा में राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी की पहल पर विकास के मुद्दे अब जमीन पर उतरते दिख रहे हैं। इसी क्रम में रिछा-जहानाबाद मार्ग की मरम्मत का कार्य गुरुवार से शुरू हो गया है।

लोक निर्माण विभाग ने रेलवे स्टेशन से दमखोदा तक सड़क पर मौजूद बड़े गड्ढों की मरम्मत का काम शुरू किया है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया था कि सड़क पर साइन बोर्ड पहले ही लगाए जा चुके हैं और रिफ्लेक्टर्स के लिए बजट का इंतजार है, जिसके बाद आगे का काम होगा। अतहर हुसैन नियाजी समय-समय पर राइस मिलर्स और आम जनता से जुड़े मुद्दों को उठाते रहे हैं, जिनमें



सड़कों की स्थिति प्रमुख है। उन्होंने रिछा-जहानाबाद रोड पर गड्ढों की मरम्मत का मुद्दा पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता के समक्ष उठाया था और उनसे इस संबंध में बात की थी। इससे पहले, नियाजी ने रिछा रेलवे फाटक और डांडी हमीर रोड की मरम्मत का मुद्दा भी उठाया था, जिन पर पूर्व में कार्य हो चुका है। इन कार्यों से आम लोगों के साथ-साथ मिलर्स को भी लाभ मिला था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने रिछा टेलीफोन टावर से तेजनगर मिंतरपुर रोड की मरम्मत का मुद्दा भी उठाया है, जिस पर मंडी विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है।

डांडी हमीर से बंजरिया रोड के संबंध में नियाजी ने केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से मांग की थी। पीडब्ल्यूडी ने इस पर स्पष्ट किया है कि यह सड़क पहले गन्ना विभाग द्वारा बनवाई गई थी और अब पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित हो गई है। हालांकि, चार साल की डीएलपी (डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड) अवधि के कारण, इस सड़क का निर्माण अभी भी गन्ना विभाग द्वारा ही कराया जा सकता है।

इस रोड को वर्ष 2022-23 में तत्कालीन पीलीभीत सांसद वरुण गांधी द्वारा पड़वाया गया था, और इस रोड की एक बार मरम्मत होने के बावजूद रोड की हालत खघ्राब है, और रोड से सरिया बाहर निकल रही है। नियाजी ने बताया के डीएलपी पीरियड में होने के कारण गन्ना विभाग ही मरम्मत करा सकता है, और उसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग इस रोड को पड़वाएगा। गन्ना विभाग द्वारा दो किलोमीटर रोड डाला गया था, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने नियाजी की मांग पर आधा किलोमीटर रोड और आगे का पड़वाया था। नियाजी ने अपने सभी राइस मिलर्स और एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सहयोग के लिए आभार जताया, साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग का जिन्होंने उनकी मांग पर कार्य शुरू किया।

# हजरत सैयद अहमद अली मियां का उर्स कुल के साथ हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** जवाहरपुर में हजरत सैय्यद अहमद अली शाह दादा मियाँ रहमातुल्लाह अलैह का सालाना उर्स वृहस्पतिवार को आखिरी कुल के साथ सम्पन्न हो गया। उर्स के मौके पर जायरीनों और अकीदतमंदों ने दादा मियां की दरगाह पर हाजिरी दी और फातिहा ख्वानी कराई। जायरीनों ने सज्जादनशीन से मुलाकात कर उनसे दुआ भी कराई।



हजरत सैय्यद अहमद अली शाह दादा मियां रहमातुल्लाह अलैह के उर्स के आखिरी कुल की शुरुआत उलेमाओं ने तिलावते कुरआन के साथ की। इसके बाद उलेमाओं और शायरों ने नातियां कलाम व मनकबत पेश की। इस दौरान जायरीनों और अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी दी और फातिहा ख्वानी की। सज्जादानशीन हाजी जमीर अख्तर उर्फ गुड्डू मियां ने मुल्क में अमन चैन के लिये दुआ की। इशा की नमाज के बाद सज्जादानशीन ने मरीजों को फूंक लगाई। इस मौके पर आरिफ एडवोकेट, शफीक मुनीम, अनवार मलिक सहित जायरीन व अकीदतमंद मौजूद रहे।

# प्रधान प्रतिनिधि ने हेडमास्टर पर लगाया लगातार लेट आने का आरोप

**■ शिकायत करने के बाबजूद बीएसए ने नहीं लिया कोई संज्ञान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** सरकारी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था दिन व दिन लचर होती जा रही है। मिड्डे मिल और छात्रवृत्ति के लालच में बच्चे जैसे तैसे स्कूल पहुंच जाते हैं, लेकिन सरकार से मोटी तनख्वाह हासिल करने वाले शिक्षक बच्चों को पढ़ाने में कोई रूचि नहीं दिखाते हैं। सरकारी विद्यालयों में अव्यस्थाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिस कारण इन विद्यालयों में बच्चों की संख्या मे गिराबट आ रही है।



प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पिंदारी अभयचंद के हेड मास्टर लगातार विद्यालय लेट पहुंच रहे हैं। आरोप है कि जब उनसे लेट आने का कारण पूछा जाता है तो वह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि से अभद्रता करते हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि खजान सिंह गुर्जर हेड मास्टर विवेक त्रिवेदी की शिकायत बीएसए से कर चुके हैं, लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी उनकी शिकायत पर कोई गौर नहीं कर रहे हैं।

हेड मास्टर लगातार बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। विद्यालय परिसर के अंदर कोई ऐसा क्रियाकलाप नहीं हो रहा है जिससे कि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। सबको शिक्षा का अधिकार देने वाली सरकार का स्लोगन सिर्फ एक ढकोसला ही साबित होता नजर आ रहा है। अगर विभाग ने लापरवाही बरतने वाले हेडमास्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो इसका खामियाजा यहां पढ़ने वाले बच्चों को भुगतना पड़ेगा।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बीएलओ कार्यों की समीक्षा

**■ फर्जीवाड़े का खुलासा, एफआईआर के लिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने तहसील फरीदपुर में वोटर रजिस्ट्रेशन सेंटर और फील्ड में बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमाण पत्रों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई, जिसके बाद एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए।



निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी और तहसीलदार प्रशांत शर्मा भी उनके साथ थे। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) के कार्यों की समीक्षा की और फॉर्म की फीडिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। जांच के दौरान निवास प्रमाण पत्र के आवेदनों में बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ। फरीदपुर कस्बे की निशा पत्नी फिरसत और मुन्नी पुत्री इरशाद के आवेदनों में पाया गया कि उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष शराफत के एक ही पैड पर प्रमाण पत्र लगाए थे। चौंकाने वाली बात यह थी कि इन प्रमाण पत्रों पर फोटो किसी तीसरे व्यक्ति का था। इस गंभीर अनियमितता के सामने आने पर तहसीलदार को तत्काल जांच के आदेश दिए गए। जिस जनसुनवाई केंद्र से ये फॉर्म भरे गए थे, उसे भी चिह्नित कर लिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने तहसीलदार को इन सभी संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना के आरोप में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

वर्तमान में कुछ विशेष स्थानों से लोग फर्जी तरीके से जाति और निवास प्रमाण पत्र बनवाने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही, फर्जी आधार कार्ड बनाने की शिकायतें भी मिल रही हैं। इसे देखते हुए, सभी उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) को प्रमाण पत्र जारी करते समय विशेष सावधानी बरतने और आवेदन के साथ लगाए गए साक्ष्यों की गहन जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। आधार कार्ड के क्यूआर कोड को सिस्टम से जांच कर सत्यापन अनिवार्य किया गया है। चेतावनी दी गई है कि यदि कोई जनसेवा केंद्र या व्यक्ति गलत अभिलेखों के साथ आवेदन करता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा और उसका लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जो भी राजस्व कर्मी, पालिका कर्मी या पंचायत सचिव गलत जांच रिपोर्ट लगाएगा, उसे भी बख्शा नहीं जाएगा।

# न्याय पंचायत बलिनगर क्रीड़ा प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय अटंगा योगी का दबदबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकासखंड नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय फाजिलपुर के निकट मैदान में गुरुवार को न्याय पंचायत स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई।प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में सत्यम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे तेज दौड़कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्राथमिक स्तर की 50 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से मोहम्मद आरिश ने बाजी मारी, जबकि 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग से नैतिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कंपोजिट विद्यालय अटंगा योगी के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा। विद्यालय की बालिका एवं बालक कबड्डी टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। वहीं खो-खो में भी कंपोजिट विद्यालय अटंगा योगी की बालक एवं बालिका टीमों ने प्रथम स्थान के साथ अपना वर्चस्व दर्ज कराया। विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरस्वरूप, देवेंद्र, संजय सिंह, हरीश गंगवार, भूपेंद्र, तनवीर सिंह, पारुल गंगवार, वंदना सहित शिक्षक और छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।



# निदा खान के घर में अजनबी घुसा, चाकू दिखाया

**■ मौलाना तौकीर और समर्थकों पर लगाए गंभीर आरोप**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आला हजरत खानदान की बहू निदा खान ने अपने घर में एक अजनबी के घुसने और चाकू दिखाने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। निदा खान ने जेल में बंद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के समर्थकों से अपनी जान को खतरा बताया है और अजनबी की फुटेज भी वायरल की है। हालांकि, पुलिस इस युवक को स्मैकिया बता रही है।



निदा खान के अनुसार, यह घटना मंगलवार रात करीब नौ बजे हुई, जब वह छत पर थीं। एक 23 वर्षीय युवक जीने के रास्ते उनके घर में घुस आया। उसने घर से बाहर निकल रही घरेलू सहायिका से निदा खान के बारे में पूछा। शोर सुनकर निदा कमरे से बाहर आईं और डंडा लेकर उसे भगाने का प्रयास किया। निदा खान ने बताया कि युवक बार-बार अपने थैले में हाथ डाल रहा था। कुछ देर बाद उसने थैले से एक छुरी निकाली और उन पर हमला करने की कोशिश की। परिवार के अन्य सदस्यों के इकट्ठा होने पर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। निदा खान ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी।

निदा खान ने इस घटना के बाद मौलाना तौकीर रजा, अपने पति शीरान रजा और ससुराल वालों से अपनी जान को खतरा बताया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि एक्स पर उनकी शिकायत के बाद पुलिस से इस मामले में जवाब मांगा गया है। मामले की जांच के बाद बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि संदिग्ध युवक स्मैकिया था। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग श्यामगंज से गंगापुर तक के इलाकों में घूमते रहते हैं। पुलिस के अनुसार, फुटेज देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि युवक आराम करने के लिए कोई एकांत स्थान तलाश रहा था।

थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि निदा खान के घर के अंदर भी सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन उन्होंने पुलिस को अंदर की फुटेज उपलब्ध नहीं कराई है। निदा खान को पहले से ही गनर और होमगार्डों की सुरक्षा मिली हुई है। निदा खान ने अपने एक पत्र के माध्यम से मौलाना तौकीर रजा खां और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार, मौलाना और उनके परिवार के पास आय का कोई ज्ञात साधन नहीं है, फिर भी उनके पास अकूत संपत्ति है। निदा खान ने यह भी आरोप लगाया है कि मौलाना तौकीर रजा के संबंध आतंकी संगठनों से हैं, जिसके कारण वे अक्सर भड़काऊ बयान देते हैं। उन्होंने मौलाना और उनके परिवार की संपत्ति की विस्तृत जांच कराने की मांग की है।

# किसान के साथ मारपीट करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कल बुधवार को उप मंडी स्थल गेट के कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा क्षेत्र के एक किसान के साथ गिरा गिरा कर मारपीट की गई थी, जिसका किसी ने वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। गुरुवार को कई किसानों के साथ थाने जाकर पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर दी, जिसपर कोतवाल ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव ग्रेम के किसान रामबहादुर ने तीन दिन पहले यानि 17 नवम्बर को धान ऑनलाइन कराए जाने के बाद जमीन के कागजात मण्डी स्थल पर कंप्यूटर ऑपरेटर रामनिवास के पास जमा किए थे, बताया जाता है कि टोकन पास करने के बाद कागज वापस लौटा दिए जाते हैं। जब उसने कंप्यूटर ऑपरेटर से अपने कागज मांगे तो उसने अगले दिन आने को कहा, जब वह अगले दिन यानि कल बुधवार को गया तो उसने कहा या तो 1000 रुपए दो नहीं तो कल आना। किसान रामबहादुर को रुपए देने में असमर्थता जताई तो उसने कहा तुम्हारे कागजात खो गए हैं, और दोबारा जमा करो, जब उसने खोने का कारण पूछा जिस पर कंप्यूटर ऑपरेटर आग बबूला हो गया, और गंदी गंदी गलियां देते हुए अपने केविन से बाहर निकलकर मारने पीटने लगा। बताया जाता है कि कंप्यूटर ऑपरेटर ने किसान को बुरी तरह से सड़क पर गिराकर खूब पीटा।

पिटाई से आहत किसान को लेकर गुरुवार को कई किसान उसे लेकर कोतवाली पहुंचे, और 1000 रुपए वसूलने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की। किसानों के पत्र पर कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने तत्काल ही रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के आदेश दिए हैं।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# लापरवाही बरतने पर भोजीपुरा में 15 बीएलओ को नोटिस जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2025 के कार्य में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की गई है। विधानसभा-120 भोजीपुरा में कार्य की प्रगति अत्यंत खराब पाए जाने के बाद 15 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को नोटिस जारी किए गए हैं। यह विशेष पुनरीक्षण अभियान 4 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाना है। भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य में शिथिलता बरतने वाले बीएलओ की पहचान की गई, जिसके बाद यह कदम उठाया गया। जिन बीएलओ को नोटिस तामिल किए गए हैं, उनमें चंदन सक्सेना (धौरेरामाफी), आयद खां और ममता गंगवार (भगवानपुर धिमरी), सुमिताभ कुमार (रूपापुर बढैपुरा), इरशाद अली (गिरधारीपुर), नूतन कुमारी झा (धौराटांडा), प्रियंका सिंह (विवियापुर चौधरी), प्रवीन कुमार (दौली रघुवर दयाल), सुरजीत कुमार (घुरसमसपुर), रिजवाना बेगम (डहिया), रवि अली (उदयपुर बन्नोजान), विमला देवी (सेड़ा), मुजफ्फर खां (करमपुर चौधरी), नरोत्तम पाल (गहलुईया) और राजेंद्र सिंह (नगरिया खुर्द) शामिल हैं। निर्वाचन कार्य में लापरवाही और शिथिलता बरतने के कारण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की सुसंगत धाराओं के तहत इन बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# चोरों की 'शातिर जोड़ी' गिरफ्तार

## एक छात्र, दूसरा बैंक कर्मचारी, पुलिस ने चालान कर भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तीन दिन पहले हुई एक साधारण-सी बाइक चोरी की वारदात ने पूरे शहर को हिला दिया। किसे पता था कि जिस वारदात को लोग 'छोटी घटना' समझ रहे थे, उसके पीछे दो ऐसे चेहरे सामने आएंगे, जिन पर किसी को शक भी नहीं हो सकता था। एक कक्षा 11 का छात्र और दूसरा बैंक में कार्यरत कर्मचारी है।

घटना उस समय की है जब मनभावन बैंकट हॉल के पास की तंग गली में दो युवक लाल बाइक से पहुंचे। कुछ ही सेकंडों में वे वहां खड़ी काली बाइक का लॉक तोड़कर उसे लेकर गायब हो गए। जिस तेजी से यह चोरी हुई, उसने स्थानीय लोगों को डरा दिया। कई लोगों ने कहा इतनी आसानी से बाइक कैसे गायब हो सकती है? क्या शहर अब सुरक्षित नहीं रहा? इस बीच मामला उजागर होने के बाद पुलिस हरकत में आई और शहर में सघन वाहन चेकिंग शुरू हुई। चेकिंग के दौरान पुलिस की नजर एक काली बाइक पर गई। नंबर-प्लेट कुछ गड़बड़ लगी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की, लेकिन बाइक पर बैठे युवक भागने लगे। प्रयास चौकी के पास पुलिस ने पीछा कर उन दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी आशुतोष (नसीरपुर बनवारी) और अमित (रानीबाग कॉलोनी) निकले। आशुतोष पढ़ाई करता है। घरवालों को शायद यह अंदाजा भी नहीं होगा कि उनका बेटा चोरी जैसे अपराध में शामिल है। वहीं अमित, जो बैंक में नौकरी करता है, लोगों की मेहनत की कमाई संभालने वाली संस्था का हिस्सा होने के बावजूद खुद अपराध के रास्ते पर चल पड़ा।

जांच में सामने आया कि दोनों चोरी की बाइक पर अपनी स्कूटी की नंबर-प्लेट लगा कर घूमते थे। पुलिस के अनुसार दोनों हरियाणा में भी कई घटनाओं में शामिल रहे हैं, पर वहां रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

धामपुर में ये उनकी पहली चोरी थी, मगर किस्मत ने साथ नहीं दिया और दोनों पुलिस के हत्थे चढ़ गए। स्थानीय लोगों में राहत है कि यह गिरोह पकड़ा गया, वरना आगे चलकर यह बड़े अपराधों को जन्म दे सकता था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर बाइक बरामद की और दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।क्षेत्रवासियों ने पुलिस के साहस और मीडिया की भूमिका की खुलकर सराहना की है।

## पंचायतें बनेगी स्वावलम्बी: सतेन्द्र




**कोतवाली।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्त्रोत विषय पर जनपद बिजनौर के ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में विकासखण्ड सभागार कोतवाली देहात पर आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये मंथन करना था। जिसमें सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए सतेंद्र शर्मा के द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह के द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम व पुस्तकालय बना कर। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, मेहनाज के द्वारा कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क, शहनाज के द्वारा सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वावलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव मौजूद रहे।

### एक नजर

## रिजर्व बैंक ने लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर



**नांगल सोती।** भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ कार्यालय के द्वारा नांगल सोती में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी नितिन कुमार, नाबार्ड के डीडीएम, जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंकों के शाखा प्रबंधक, ग्राम मुखिया मोनू राजपूत , सीएफएल सेंटर मौहम्मदपुर देवमल स्टाफ से अर्पित शर्मा और लेखराज उपाध्याय सदस्य एवं लगभग 200 महिलाओं एवं पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बैंक से संबंधित जानकारी, बैंक खाता, स्वयं सहायता समूह, चिट फंड कंपनी, बैंकिंग लेन देन में होने वाले धोखाधड़ी, बैंकिंग लोकपाल, डिजिटल पेमेंट के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को केंद्र सरकार एवम् राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में नितिन कुमार के द्वारा जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बैंकिंग फ्रॉड, साईबर फ्रॉड एवं शिकायत निवारण प्रणाली से प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही प्रतिभागियों को समय समय पर अपने खाते का केवाईसी कराने का अनुरोध किया। नाबार्ड के डीडीएम ने स्वयं सहायता समूह से संबधित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। अग्रणी जिला प्रबंधक ने प्रतिभागियों को बैंक से जुड़कर विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया एवं ऋण की समय पर वापसी के लिए भी प्रतिभागियों से अनुरोध किया।

## एसपी पूर्वी ने किया थाने का निरीक्षण



**स्योहारा।** कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से एसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव ने स्योहारा थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर मालखाना, शस्त्रागार, कंप्यूटर कक्ष, हवालात सहित सभी शाखाओं की गहराई से समीक्षा की। एसपी पूर्वी ने थाना स्तर पर अपराध नियंत्रण, लम्बित मामलों के निस्तारण तथा बीट प्रणाली को मजबूत करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। एसपी पूर्वी जब से जिले की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं तभी से लगातार क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। आम जनता से सीधा संवाद, चौपालों के माध्यम से समस्याओं का समाधान और फील्ड में निरंतर उपस्थिति इन सभी ने पुलिस तंत्र को और अधिक सक्रिय व जवाबदेह बनाया है। उनकी सख्त लेकिन संवेदनशील कार्यशैली से अपराधियों में भय और आम नागरिकों में भरोसा बढ़ा है। निरीक्षण के दौरान एसपी पूर्वी ने थाना प्रभारी और उनकी पुलिस टीम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में निरंतर गश्त, विवादित स्थानों पर सतर्कता व शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा अपराध नियंत्रण में किए जा रहे कार्य उत्कृष्ट हैं। थाने की साफ-सफाई अनुशासन और दस्तावेजी व्यवस्था की एसपी पूर्वी ने प्रशंसा करते हुए कहा कि स्योहारा थाना जिले के मॉडल थानों में गिना जा सकता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि जनता से संवाद और संपर्क बनाकर रखना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि पुलिस की छवि और अधिक सकारात्मक बने।

## कौशल विकास मिशन के सेंटर का उद्घाटन



**धामपुर।** क्षत्रिय नगर स्थित महादेव एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के द्वारा संचालित सेंटर का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की जानकारी दी एवं कोर्स की उपयोगता के बारे में बताया। छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्म निर्भर बनने पर जोर दिया। इस अवसर पर सेंटर इंचार्ज सुमित राजपूत ने छात्र छात्राओं के हेल्थ केयर सेक्टर के अन्तर्गत आने वाले कोर्स हॉस्पिटल फ्रंट डेशक कोऑर्डिनेटर कोर्स के बारे में जानकारी दी। इस कोर्स की अवधि 900 घंटे है। सरकार द्वारा यह कोर्स नि:शुल्क कराया जा रहा है। इसके अन्तर्गत कंप्यूटर शिक्षा भी दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आत्म निर्भर बनाने का है। इस कार्यक्रम में पारुल चौहान, गुलशन जहां, बीरेंद्र सैनी, अभय राजपूत, अमन सैनी, सोनीपाल, पीयूष गुर्जर मौ. साद, उजैर हमजा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुमित राजपूत द्वारा किया गया।

## वेदों से ही विश्व में कायम हो सकती है शांति



**धामपुर।** वैदिक यज्ञ प्रचार समिति के पंचम दिवस पर प्रात: कालीन सत्र में जनकल्याणार्थ हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। टीचर कॉलोनी स्थित सत्य धाम धर्मशाला में आयोजित हवन यज्ञ आचार्य वीरेंद्र शास्त्री एवं डा. विवेक शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया। जिसके मुख्य यजमान आलोक आर्य, धर्मपत्नी मीनू आर्य, सौरभ अग्रवाल धर्मपत्नी माधुरी गुप्ता, विवेक अग्रवाल धर्मपत्नी दीप्ति अग्रवाल, संजय पुरी आर्य धर्मपत्नी संजना आर्य, नितिन सैनी, मालती देवी आदि शामिल रहे। दूसरे सत्र में भजन उपदेशक राजेश अमर प्रेमी एवं मोहित शास्त्री ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। भजन हृदय से मेरे भगवान एक ओम नाम निकाले, प्रभु भक्ति में मन में लगाइये यह भजन सभी को बहुत पसंद आया सब ने तालियां बजा कर उत्साह वर्धन किया। आचार्य वीरेंद्र शास्त्री ने वेदों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वेद में धर्म और विज्ञान दोनों है परंतु प्रचलित दूसरे पंथो एवं मतों में विज्ञान नाम की कोई चीज नहीं है। जिन ग्रंथ में परमात्मा की निंदा की गई हो, परस्पर विरोधी और प्रकृति के विरोधी बातें लिखी हो वे धार्मिक पुस्तक ईश्वर प्रदत्त नहीं कहीं जा सकती। वेद ही एक ईश्वरीय ज्ञान की पुस्तक हैं जो सृष्टि के रचना के साथ-साथ मानव मात्र के गाइडलाइन के रूप में ईश्वर ने चार ऋषियों के द्वारा प्रकट किए गए हैं और वेद ही संसार की सबसे पहली और पुरानी पुस्तक मानी जाती है। वेदों को मानने से उनके बताएं मार्ग पर चलने से विश्व में शांति कायम हो सकती है। कार्यक्रम में सुशील रस्तोगी, मंजू रस्तोगी, चंद्रपाल आर्य, हरिराज सिंह, अनिल कश्यप, शलभ अग्रवाल, निशंक भटनागर, जितेन सिंह गहलोत, राधा देवी, मालती सैनी, शोभा रानी, नितिन सैनी, प्रमोद कुमार आहूजा, विवेक अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार बहाल, ओमप्रकाश भोला, डॉ. आरके चौहान, अजय पाल, बालक राम, उमा वर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र आर्य द्वारा किया गया। अंत में शांति पाठ कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। इसी के साथ पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया।

### एक नजर

## सोनीपत ने सहारनपुर को हराया



**चांदपुर।** दो दिवसीय विवेक कप द्वितीय नार्थ जोन हॉकी टूर्नामेंट मे चार मैच खेले गये। जिनमें पहला मैच सोनीपत और सहारनपुर के बीच खेला गया, जिसमें सोनीपत की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सहारनपुर की टीम को 2-0 से हराया। इसी मैच में बरेली का मुकाबला रामपुर से हुआ, जिसमें रामपुर ने 1-0 से विजयीश्री प्राप्त की। तीसरा मैच हरिद्वार और चंडीगढ़ की टीमों के बीच हुआ, जिसमे दोनों टीमे बराबर रही जिसमें सडन डेथ के द्वारा हरिद्वार ने मुकाबला जीता। चौथे मैच में फरीदाबाद ने बलरामपुर को हराया। मैच के विशिष्ट अतिथि गोविंद मित्तल, चांद मियां बादशाह व तैयाब खान रहे। डी.एस.रेड्डी, पीबीएस फूड्स शुगर मिल चांदपुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें खेल को खेल की भावना से खेलने का संदेश दिया। इस मैचे के दौरान चौथे मैच में फरीदाबाद को पैनल शूट मे 1-0 से हराया जबकि पांचवे मैच में हॉफ टाइम तक चांदपुर काशीपुर के मुकाबले में 1-0 से आगे रही। इस मौके पर मसूदूल हसन रिजवी उर्फ असद मियां, मुमताज अहमद प्रबंधक एम.एम. इंटर कॉलेज चांदपुर, सरदार अच्छन सिंह लोहिया, चौधरी इतेखार कुरैशी, पूर्व प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर विनेश त्यागी, पत्रकार मौहम्मद हनीफ,रऊफ अहमद ठेकेदार आदि सहित नागरिक व हॉकी प्रेमी मौजूद रहे।

## पिंक शौचालय का शिलान्यास



**नजीबाबाद।** कृष्णा टॉकीज चौराहे के पास एवं एमजीएम इंटर कॉलेज में पिंक शौचालय बनाने के लिए चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम खां, अधिशासी अधिकारी श्रीमती मुक्ता सिंह एवं सफाई इंस्पेक्टर आदेश सैनी, राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान द्वारा नारियल तोड़ के पिंक शौचालय का शिलान्यास किया गया। इस दौरान पवन, वरिष्ठ लिपिक अफजाल आदि अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## क्रिसेंट में वार्षिक खेलकूद समारोह



**चांदपुर।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई आकर्षक मुकाबले प्रस्तुत किए। समारोह के दौरान विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के वाइस मैनेजर मरगूब अहमद, प्रधानाचार्य नदीम बख्त तथा एकेडमिक हेड शाहजाद खान ने सभी प्रतिभागियों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों तथा छात्रों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। विद्यालय प्रबंधन ने आगामी वर्षों में भी ऐसे शैक्षिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को और भव्य रूप से आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के शैक्षणिक इंचार्ज सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## पीबीएस फूड्स शुगर मिल गन्ना भुगतान में फिसड्डी

**चांदपुर।** पीबीएस फूड्स शुगर मिल किसानों से खरीदे गये गन्ना भुगतान में अब तक फिसड्डी साबित हुई है, जबकि चांगीपुर शुगर मिल जनपद में ही नही बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में गन्ना भुगतान में सबसे आग्रणी रही है। उधर जनपद बिजनौर की उत्तम शुगर मिल बरकातपुर ने भी किसानों से नवीन गन्ना सत्र 2025/26 मे खरीदे गन्ने का 17 करोड़ 94 लाख 82 हजार रूपए का भुगतान किसानों के खातों मे भेज दिया है। उत्तम शुगर मिल ने दस नवंबर 2025 का भुगतान भेज दिया है। रही जनपद की अन्य शुगर मिले किसानों के गन्ना भुगतान हेतु प्रयासरत है, लेकिन चांदपुर स्थित पीबीएस फूड्स( यूनिट) चांदपुर शुगर मिल किसानों के गन्ना भुगतान में पूर्व गन्ना सत्रों में भी पिछड़ी रही है। अभी तक नवीन गन्ना सत्र 2025/26 में खरीदे गये गन्ने का भुगतान कर पाने में फिसड्डी साबित हो रही है है। आज 20 नवंबर को मिल के ही एक अधिकारी प्रदीप सोलंकी ने बताया कि मिल एक दो दिन में किसानों के खरीदे गये गन्ने का भुगतान भेजनें कि तैयारी कर रही है। उधर किसानों की हितैषी कहलवाने वाली सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड चांदपुर के सचिव जितेंद्र कुमार भी किसानों के गन्ना भुगतान में मिल द्वारा देरी का कारण नहीं बता पा रहे हैं। हालांकि उनका प्रयास है कि वे किसानों को उनके खरीदे गये गन्ने का भुगतान शीघ्र से शीघ्र उनके खाते में पहुंचवा दिया जाए। उनका कहना है कि मिल सीजीएम से मिलकर आजकल में ही किसानों के गन्ना भुगतान हेतु बात करेंगे।

# छात्राएं राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए लखनऊ रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर में कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएँ 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए लखनऊ रवाना हुई।

लखनऊ में 61 वर्ष बाद आयोजित की जा रही 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेने के लिए कन्या इंटर कॉलेज धामपुर का दल आज उत्साहपूर्वक रवाना हुआ। कार्यक्रम का आयोजन 23 से 29 नवंबर तक किया जाएगा। जिसमें देश भर के स्काउट-गाइड संगठन से हजारों प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। विद्यालय की छात्राएं चंचल, अनन्या, भावना, खुशबू, अल्फिया, सानिया, अंजलि और अंतरा इस राष्ट्रीय आयोजन में प्रतिभाग कर रही हैं। छात्राओं के साथ



## देश भर से हजारों स्काउट-गाइड हो रहे शामिल

शिक्षिका रंजना एवं प्रतीक्षा भी दल का नेतृत्व करने हेतु शामिल हुई हैं। विद्यालय परिवार ने इसे गौरव का क्षण बताया है। रवानगी के अवसर पर विद्यालय प्रबंधक शलभ कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गौरव माहेश्वरी एवं उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जम्बूरी जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्या रेखा देवी ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यालय की बेटियां हर मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती आई हैं और इस आयोजन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। इस मौके पर शिक्षिका विनोद शर्मा एवं अंजलि भी उपस्थित रही। दोनों ने छात्राओं के सुरक्षित व सफल प्रवास की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। विद्यालय परिवार तथा अभिभावकों ने आशा जताई है कि छात्राएं जम्बूरी में विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।

# इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने दिखाई एकजुटता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील के नेतृत्व में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती बड़े ही सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें राष्ट्र शक्ति और अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं अहसन जमील ने की। जमील ने कहा कि इंदिरा गांधी ने भारत की एकता सुरक्षा और प्रगति के लिए जिस अद्वितीय नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। वह आज भी हर देशभक्त के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर एकता, भाईचारा और संगठन की मजबूती का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस की सक्रिय भूमिका स्योहारा में और भी प्रबल की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष दिलशाद अहमद ने किया और आयोजन की पूरी व्यवस्था नगर अध्यक्ष अहसन जमील की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में मोनू कुमार, जानिब हुसैन, रितिक कुमार, रमीज राजा, फैज अहमद, राहुल कुमार शर्मा, रितिक पाल, विशाल अहमद, अरशद अहमद, इमरान अहमद, नौशाद अंसारी, लईक अहमद, अफजाल अहमद, नदीम अहमद, भोलू अहमद, इफ्तिकार अहमद आदि शामिल रहे। वहीं कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा जनहित और सामाजिक सद्भाव की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी जैसी प्रेरणादायक नेता को याद करते हुए हमें उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

# कृष्णा कालेज के छात्रों ने किया जिला जेल का भ्रमण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के समाज कार्य विभाग ने जिला जेल बिजनौर का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज़ अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ सांइस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने छात्र/छात्राओं को आशीर्वाद देकर भ्रमण के लिए रवाना किया।

यह भ्रमण जिला कारागार के जिला जेल अधीक्षक डा. अदिति श्रीवास्तव व जेलर रवीन्द्र नाथ के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने कारागार के चिकित्सा बोर्ड, साधारण बोर्ड, प्रशासनिक भवन व कैदियों से बाहरी व्यक्तियों के मिलने का स्थान इत्यादि को देखा और जेल में होने वाली गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कार्यवाई का वितरण प्राप्त किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जेल में विभिन्न अपराधों में सजा काट रहे बंदियों की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

जेल अधिकारियों की ओर से

## कैदियों की दिनचर्या के विषय में जानकारी ली

विस्तृत तरीके से जेल भ्रमण करते हुए कैदियों की दिनचर्या के विषय में जानकारी दी।

जिला जेल के अधिकारियों की ओर से छात्र-छात्राओं को दिखाया गया कि किस प्रकार जेल में बंदियों के लिए उनके जीवन में सुधार के कार्यक्रम चलाए जा रहे है, जिससे वे सामाजिक जीवन में लौटने के बाद अपना रोजगार स्थापित कर सके और अपराध की दुनिया से अलग हो सके।

जिला जेलर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जन्मजात अपराधी नहीं होता। कई बार ऐसी परिस्थितियां निर्मम हो जाती हैं। जिनके कारण अपराध हो जाते हैं। फिर भी बंदियों को समाज मे सामाजिक जीवन जीने के लिए जेल के अन्दर तैयार करने का प्रयास किया जाता है। इस भ्रमण को सफल बनाने में सहा प्रवक्ता गोपाल स्वरूप व अनुज कुमार का विशेष योगदान रहा।

# गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव मनाया

## नगर कीर्तन का पुष्पवर्षा से स्वागत, अखाड़े में दिखाएं हैरतअंगेज करतब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गुरु नानक देव जी महाराज का 556 वा प्रकाश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रागी कुलविंदर सिंह खरड तथा भाई मंजीत सिंह संत अमृतसर वाले ने शब्द कीर्तन के दौरान संगत को गुरु वाणी के माध्यम से निहाल किया तथा गुरु नानक के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया तथा संगत ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया कड़े सुरक्षाओं के बीच नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार गुरुद्वारा परिसर में 7 दिवसीय 556 गुरु नानक देव प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा परिसर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। समापन पर गुरुद्वारा परिसर में अखंड पाठ का आयोजन किया गया। बाहर के रागी कुलविंदर सिंह खरड तथा भाई मंजीत सिंह द्वारा सिख संगत को गुरुवाणी कीर्तन के माध्यम से रागियों द्वारा संगत को निहाल किया गया। गुरुद्वारा परिसर में विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण



किया। इस अवसर पर सेवादारों को गुरु सभा के द्वारा सरोपे भेंट किए गए। साथ ही गुरुद्वारा परिसर से नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन मौहल्ला सराय जौका, चौधरियान, सब्जी मंडी, हलवाईयान एजेंसी चौराहा ईदगाह मोड, जोशियान, पीर की चुंगी, मक्खन मार्केट, हाथी वाला मंदिर, होलियान धर्मशाला से होते हुए गुरुद्वारा परिसर में जाकर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में सिखों के गुरुओं के होर्डिंग, अखाड़ा, पंच प्यारे गुरु ग्रंथ साहब की अगुवाई करते चल रहे थे। बैंड धार्मिक धुन बजाते चल रहे थे। साथ ही संगत द्वारा भजन कीर्तन करते चल रहे थे। महिलाएं सड़कों की सफाई करती हुई चल रही थी। नगर कीर्तन में अखाड़ा आकर्षण का केंद्र रहा।

साथ ही नगर कीर्तन में 800 मीटर लंबी साज सज्जा सहित 150 किग्रा की पगड़ी धारण करने वाले यमुनानगर के मछरौली स्थित गुरुद्वारा बाबा प्यार सिंह पिंड के जत्थेदार बाबा सरदार बलवंत सिंह ने 800 मीटर की पगड़ी बांधे नगर कीर्तन में प्रतिभागी अपना करतब दिखा रहे थे। साथ ही गुरु ग्रंथ साहिब का वाहन फूलों से सजा हुआ था। गुरु ज्ञानी त्रिवेंद्र सिंह प्रसाद वितरण करते हुए चल रहे थे। साथ ही नगर में कई स्थानों पर दूसरे समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। मौहल्ला जोशियान में अन्य समाज के लोगों ने नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

इस अवसर पर अरविन्द जोशी, ऋषभ जैन, रोहित सैनी, पंकज शर्मा, तेजपाल सैनी, आदेश चंद्र, विकास जोशी आदि समाज के लोग शामिल रहे। गुरु सभा के अध्यक्ष निशु सिंह, शक्ति सिंह, गुरमीत सिंह को शॉल ओढ़ा कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर गुरु सभा अध्यक्ष निशु सिंह, गुरदीप सिंह, गुरमीत सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सेकेट्ररी सानू सिंह, जितेंद्र सिंह, परमजीत सिंह, संजू सिंह, रणजीत सिंह बंटी, गुरमीत सिंह, सुरेंद्र फलोदिया, सरदार राजेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, लोकेंद्र सिंह, दीपक सिंह, सिमरन, हर्ष सिंह आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि थानाध्यक्ष धीरज नागर भारी पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहे।

# अवैध टोल वसूली के विरोध में भाकियू ने दिया धरना

## भाकियू संयुक्त मोर्चा ने जोया टोल पर दिया धरना, अधिकारियों ने मांगा सात दिन का समय

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि भारत एक ऐसी टोल वसूली की ओर बढ़ रहा है, जो जन विश्वास अर्जित करने के बजाय केवल शुल्क वसूलने वाली व्यवस्था बन कर रह गई है।

गुरूवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जोया स्थित टोल प्लाजा पर प्रस्तावित धरना विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आंदोलन न केवल अवैध टोल वसूली के खिलाफ है, बल्कि किसानों के व्यापक हितों और एकजुटता की रक्षा का प्रतीक है। कहा कि स्थानीय स्तर पर यह प्रदर्शन किसान एकता को मजबूत करने का काम कर रहा है, लेकिन संबंधित अधिकारियों की उदासीनता चिंताजनक है। आगे कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर और अमरोहा जिले के जोया के बीच बामुश्किल 25-30 किमी की दूरी पर स्थित टोल प्लाजा बनाए जाने से किसान और स्थानीय आम जनता पर अतिरिक्त भार पड़ने की वजह से लंबे समय से यह जायज मांग की जा रही है। कहा कि नियमानुसार दो टोल प्लाजा के बीच न्यूनतम 60 किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए लेकिन यहां स्पष्ट रूप नियमों को धता बताई जा रही है। कम दूरी पर दो टोल प्लाजा बनाकर आम आदमी और खासकर किसानों से दोहरी लूट वर्षों से की जा रही है। सब्जी, दूध, अनाज जैसी रोजमर्रा की जरुरतों के लिए आने-जाने वाले वाहनों से बार बार टोल वसूला जा रहा है। जिससे यह मामला एक बार फिर सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की मनमानी को उजागर करता है जहां नियमों को ताक पर रख कर ठेकेदारों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। जिससे लागत बढ़ गई है। उन्होंने सरकार से टोल दरों के पीछे के बुनियादी सिद्धांत पर सिरे से विचार करने का आह्वान किया। धरने के दौरान पहुंचे मुरादाबाद परियोजना अधिकारी से वार्ता करके टोल को हटवाने के लिए चर्चा हुई, परियोजना निदेशक ने उच्चाधिकारियों से वार्ता करने के लिए सात दिन का समय मांगा। जिसके बाद किसानों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त किया और इसी तरह



एकजुट रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दलजीत सिंह, अरुण सिद्धू, सचिव चंद्रपाल सिंह, गिरेंद्र सिंह ,रामकृष्ण चौहान, राहुल सिद्धू, नितिन चौधरी, ओम प्रकाश, कैलाश नाथ, प्रिंस चौधरी, देवेंद्र चौधरी विनीत तोमर, असलम चौधरी, सचिन, परविंदर, अर्जुन उपाध्याय, पाटिल चौधरी आदि किसान लोग मौजूद रहे।

# उमराह के नाम पर सात लाख बीस हजार ठगे

## तीन लोगों को बनाया शिकार, एयरपोर्ट पर खुली पोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तीन लोगों के साथ उमराह के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ है। संभल जिले के दो लोगों ने पासपोर्ट और सात लाख 20 हजार रुपये लेकर उन्हें फर्जी फ्लाइट टिकट थमा दिए। दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर जब टिकट फर्जी निकले तो पीड़ितों ने रकम वापस मांगी, लेकिन आरोपियों ने लौटाने से इनकार कर दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना, डिडौली व फत्तेहपुर माफी से जुड़ा है। गांव हरियाना निवासी कमर आलम, डिडौली निवासी अशरफ नेता तथा गांव फत्तेहपुर माफी निवासी शजर अली ने इस संबंध में तहरीर दी है। उनका आरोप है कि बीती चार अक्तूबर को उनकी मुलाकात संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर निवासी दो लोगों से हुई थी। उन्होंने उमराह की जियारत कराने की बात कही। तीनों लोगों ने हामी भर दी और अपने-अपने पासपोर्ट व अन्य जरूरी कागजात आरोपियों को दे दिए। इसके अलावा तीनों ने सात लाख 20 हजार रुपये का भी भुगतान कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने एक सप्ताह बाद ही उन्हें फ्लाइट के टिकट दिए। लिहाजा तीनों लोग तय तारीख पर उमराह के सफर के लिए घर से रवाना हो गए। जब दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे तो वहां पता चला कि इनके टिकट फर्जी हैं। लिहाजा तीनों को एयरपोर्ट से वापस भेज दिया गया। घर आकर आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे लौटाने से मना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।

# रंजिशन कैमिकल डालकर खराब की फसल

## दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ´रंजिश में केमिकल छिड़ककर धान की फसल को बर्बाद कर दिया। मामले में किसान की तहरीर पर पुलिस ने गांव के रहने वाले दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पलौला की है। यहां पर किसान इंद्रीश का परिवार रहता है। गांव के जंगल में उनकी कृषि भूमि है। जिसने उन्होंने धान की फसल की बुआई कर रखी थी। दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक बुधवार सुबह जब इंद्रीश का बेटा मोहम्मद उमर खेत पर पहुंचा तो फसल मुरझाई हुई थी। उसने घर जाकर तुरंत इसकी जानकारी परिजनों की दी। इसके बाद जब इंद्रीश खेत पर पहुंचे तो पता चला कि फसल पर केमिकल का छिड़काव किया गया है। उनका आरोप है कि गांव के रहने इमरान और फरहान से उनका विवाद चल रहा है। रंजिश में इन दोनों ने ही केमिकल छिड़ककर फसल को जलाया है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी की हत्या में पति दोषी करार

## सजा पर आज आएगा कोर्ट का फैसला, छह आरोपियों को निकाल दिया था विवेचना से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पत्नी की जहर पिलाकर व मुंह दबाकर हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी पति को दोषी माना है। कई वर्षों से विचाराधीन मुकदमे में गुरुवार को अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर बलराम को दोषी माना, जबकि अन्य छह आरोपियों को विवेचना में निकाल दिया गया था। सजा का फैसला शुक्रवार को सुनाया जाएगा।

हत्या से जुड़ा मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मटैना से जुड़ा था। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव तरारा के रहने वाले जसवंत सिंह ने 20 मई 2013 को बेटी मानवती की शादी गांव मटैना के रहने वाले बलराम के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग मानवती को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। मायके से कार दिलाने का दबाव बनाते थे। प्रताड़ना के बीच मानवती ने दो बेटे और एक बेटी को भी जन्म दिया। विवाद के बीच दोनों पक्षों में कई बार पंचायतें भी हुईं लेकिन मसला हल नहीं हो सका। आखिर में 27 अप्रैल 2022 को जसवंत सिंह अपने भाइयों के साथ मानवती को लेकर ससुराल पहुंचे और दामाद बलराम को समझाने का प्रयास किया लेकिन बलराम ने उनके सामने ही मानवती के साथ मारपीट की। इस दौरान गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई और बलराम को समझाकर उस वक्त विवाद को निपटा दिया गया। इसके बाद जसवंत सिंह बेटी को सुसराल छोड़ अपने भाइयों के साथ घर वापस लौट आए लेकिन उसी दिन शाम में करीब छह बजे बलराम ने मानवती को जबरन जहर खिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष के लोग जब मौके पर पहुंचे तो बलराम समेत अन्य ससुराल वाले घर से भाग चुके थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो रिपोर्ट में जहर के सेवन के साथ मुंह दबाकर हत्या की पुष्टि की गई थी। मामले में जसवंत सिंह ने बलराम समेत ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने बलराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तभी से वह जेल में बंद है। पुलिस ने विवेचना में छह आरोपियों के नाम निकालकर सिर्फ बलराम के खिलाफ हत्या की धाराओं में आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई एफटीसी प्रथम की अदालत में विचाराधीन थी। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने पत्रावली व साक्ष्यों का गहनता से अवलोकन किया। मानवती की हत्या में पति बलराम को दोषी करार दिया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी ने बताया कि सजा के प्रश्न पर अदालत शुक्रवार को सुनवाई करेगी। बताया कि बलराम ने अपनी पत्नी मानवती को पहले जबरन जहर खिलाया था और बाद में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसका मुंह दबाकर हत्या कर दी थी।

# पिकअप ने ई रिक्शा को रौंदा, चालक घायल

## गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जोया ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा का रौंद दिया। हादसे में गंभीर घायल चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में पिकअप के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बे की जाटव कॉलोनी में रहने वाले राम अवतार ई-रिक्शा चालक हैं। रोजाना की मेहनत मजदूरी से होने वाली कमाई पर परिवार की आजीविका निर्भर है। 18 नवंबर की रात करीब साढ़े तीन बजे वह सवारियों की तलाश में ई-रिक्शा लेकर कस्बे में घूम रहे थे। जोया पुल से गुजरते में दिल्ली दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में राम अवतार गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, हादसा अंजाम देने वाला चालक पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राम अवतार को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी पर पहुंचे परिजन प्राथमिक उपचार के बाद वहां से निजी अस्पताल ले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में राम अवतार के बेटे अंकुर की तहरीर पर पिकअप के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# गौ वंश के संरक्षण के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जानकारी देते हुये कहा कि निराश्रित गौवंश के संरक्षण एवं भरण-पोषण हेतु प्रदेश सरकार दृढ संकल्पित है। वर्तमान में लगभग 12.36 लाख निराश्रित गौवंश प्रदेश के समस्त जनपदों में संचालित गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित हैं। इसी क्रम में जनपद अमरोहा में वर्तमान में 5118 गौवंश विभिन्न गौ-आश्रय स्थलो में संरक्षित हैं। इस कार्य के सुचारु संचालन हेतु महत्वपूर्ण दायित्व निर्धारित करते हुए राजस्व, नगर विकास (मुख्य नोडल विभाग प्रदेश मुख्यालय स्तर पर), ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पशु पालन विभाग, कृषि

**डीएम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी जानकारी**

विभाग, वन विभाग विभागों को समय-समय पर विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये है। इसी क्रम में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश निर्गत किये है, जिनमे समस्त गौ आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी स्थापित कर जनपद व निदेशालय स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई। इसी प्रकार गौ-आश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में भूसा, साइलेज, पशु आहार व हरे चारे की उपलब्धता तथा गौ-आश्रय स्थलों से चारागाह भूमि पर हरे चारे की बुआई सुनिश्चित करना। अधिकारियों द्वारा गौ-स्थलों का नियमित भ्रमाण व पर्यवेक्षण किया जाना। हरे चारे की बुआई हेतु क्षेत्र के किसानों से हरे चारे की बुआई हेतु एमओयू कर फसल चक्रानुसार नियमित रूप से हरा बारा प्राप्त कर, चारा उपलब्ध कराने वाले कृषकों को उनके बैंक खाते में सीधे भुगतान की व्यवस्था की जायेगी। कहा कि प्रत्येक गौ आश्रय स्थल पर पर्याप्त संख्या में केयर टेकर्स की व्यवस्था है, जिससे गौ-आश्रय स्थलों पर केयर टेकर की निरंतर उपलब्धता बनी रहे तथा सघन पर्यवेक्षण व मानकों के अनुरूप भरण पोषण व स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।

# गैंगस्टर के दो दोषियों को दो साल की सजा

## कोर्ट ने साढ़े दस हजार का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गैंगस्टर एक्ट के मामले में अदालत ने दो अपराधियों को 2 साल एक महीने जेल की सजा सुनाई है। दोषियों पर 10500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मुकदमे में दोनों जमानत पर थे।

मामला सैदनगली थाने से जुड़ा है।तत्कालीन एसएसआई बृजेश कुमार सिंह ने क्षेत्र के ढयोटी शेरपुर के रहने वाले सद्दाम और बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र की फीना कॉलोनी के रहने वाले गुलफाम के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों चोरी और नकबजनी की घटनाओं का अंजाम देते थे। सद्दाम गिरोह का सरगना था और वह मूलरूप से नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा का रहने वाला है। बाद में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल, दोनों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई एफटीसी द्वितीय की अदालत में विचाराधीन थी। बुधवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलो. कन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने सद्दाम और गुलफाम को दोषी करार दिया। दोनों को 2 साल एक महीने जेल की सजा सुनाई तथा 10500 रुपये का जुर्माना लगाया।

# नोएडा से लौटते इंजीनियर की हादसे में मौत

## नौगांवा रोड पर पेड़ से टकराई कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगांवा रोड पर अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गयी। हादसे में सॉफ्टवेयर इंजीनियर मौत हो गई। वह नोएडा से अपने घर लौट रहे थे। परिजन किसी ट्रक से टक्कर की आशंका जता रहे हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा अपरौला में किसान अर्जुन चौहान का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी रीता के अलावा दो बेटियां मोनिका व वैशाली के अलावा एक बेटा मोहित चौहान था। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। मोहित चौहान नोएडा की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में इंजी.



नियर था। बताया जा रहा है कि बुधवार रात करीब 11 बजे मोहित चौहान कार ड्राइव कर नोएडा से घर लौट रहा था। उसे एक परिचित की शादी में शामिल होना था। जैसे ही उसकी कार अमरोहा-नौगावां सादात रोड स्थित गांव रज्जाकपुर के पास पहुंची तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मोहित चौहान गंभीर घायल हो गया। थोड़ी देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोहित चौहान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया कि हादसा कार पेड़ से टकराने के कारण हुआ है जबकि परिजन ट्रक द्वारा टक्कर मारने की आशंका जता रहे हैं।पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द-कर दिया गया है। तहरीर के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हादसे में घायल पांच बहनों के इकलौते भाई की मौत

## ढाई माह पहले हुआ था घायल, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ढाई माह पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुए पांच बहनों के इकलौते भाई की मौत हो गई। गमजदा माहौल में जनाजे को सुपुर्द खाक कर दिया गया।

´कोतवाली क्षेत्र के गांव हैबतपुर बंजारा निवासी गुल मोहम्मद उर्फ गुल्लू पुत्र मोहम्मद जाहिद ढाई माह पहले जब घर को लौट रहे थे तो ट्रैक्टर ट्राली से जोरदार टक्कर हो गई थी। जिससे गुल मोहम्मद बुरी तरह से घायल हो गये थे। परिजनों द्वारा गंभीर हालत में उन्हें मुरादाबाद में भर्ती कराया गया था। उसके बाद परिजन दिल्ली व मेरठ भी उनका उपचार कराने के लिए ले गये थे। लेकिन गुल मोहम्मद आयु 26 वर्ष को बचाया नहीं जा सका उनका इंतकाल गुरुवार की सुबह हो गया। जैसे ही गुल मोहम्मद के इंतकाल की खबर गांव पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। गुल मोहम्मद पांच बहनों का



इकलौता भाई था। 15 साल पहले गुल मोहम्मद के पिता मोहम्मद जाहिद का बिजली का करंट लगने से इंतकाल हो गया था। गुल मोहम्मद की वालिदा रमजानों ने बहुत ही मेहनत से उनकी परवरिश की थी। 5 दिन पहले गुल मोहम्मद के पहली बेटी ने जन्म लिया था। लेकिन जिस बेटी ने अभी ठीक से आंखें भी नहीं खोली थी उसके वालिद का इंतकाल हो गया। गुल मोहम्मद की पत्नी आलिया मां रमजानो ह वह बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पैसों के लेनदेन में युवक को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के फतेहपुर अब्बू गांव निवासी राम. रतन सिंह ने गांव के ही तीन लोगों पर उनके बेटे के साथ मारपीट कर जानसे मारने की धमकी दी। आरोप है कि रामरतन सिंह का बेटा अर्जुन गांव में मुनेश की दुकान पर हिसाब लगवाने गया था। इसी दौरान लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। मुनेश ने अपने भाई लक्की व पिता होराम बेटे अर्जुन के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उसके बेटे के सिर पर डंडे से वार कर घायल कर जान से मारने की धमकी भी गई।

# योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं

## प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यो की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री श्री केपी मलिक ने जिले में चल रही विकास परियोजनाओं, कानून-व्यवस्था और विभागीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता, गति और गुणवत्ता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे।

गुरुवार को जनपद भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री केपी मालिक कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उनका स्वागत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर किया। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में मंत्री श्री मलिक ने जिले में चल रही विकास परियोजनाओं, कानून-व्यवस्था और विभागीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता, गति और गुणवत्ता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे। बैठक के दौरान विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने गंगा नदी किनारे बंधे की मरम्मत का मुद्दा उठाया, जिस पर मंत्री जी ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व मंत्री श्री मलिक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने लाभार्थियों को 100 ट्राईसाइकिल, 56 एम.आर. किट और 71 कृत्रिम अंग प्रदान किए। ट्राईसाइकिल पाकर दिव्यांगजन खुशी से झूम उठे। मंत्री जी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उनका प्रयास है कि विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हों और वे आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में पीडी अम्बरीष कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्री अमित कुमार, जिला दिव्यांगजन अधिकारी शिखा शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



अमरोहा। दिव्यांगों को ट्राइसकिल का वितरण करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक।



# इंडिया टुडे के खिलाफ सपाईयों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सपा संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव पर की गई आपत्तिजनक पोस्ट के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस तरह सोशल मीडिया पर उन पर अमर्यादित व अपमान. जनक टिप्पणी पोस्ट की गई है, वह बेहद निंदनीय है और इससे सपा कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं।

प्रदर्शन के बाद सपाइयों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि मुलायम सिंह यादव देश की राजनीति में सम्मानित स्थान रखने वाले वरिष्ठ नेता हैं, ऐसे में उनके खिलाफ अपमान. जनक पोस्ट करना गंभीर अपराध है और यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। सपा कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से आग्रह किया कि जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की विवादित और भड़काऊ पोस्ट करने का दुस्साहस न कर सके। उन्होने डिप्टी कलेक्टर ब्रजपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में सलमान प्रधान, वहाब सैफी, राधेलाल रघुवंशी, गुड्डू सैनी, शाहजेब खान, विवेक कुमार एडवोकेट, रोहित सैनी एडवोकेट सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दीक्षा डागर ने जीता सोना



**सिल्वर मेडल फ्रांस की मार्गो ब्रेजो को मिला और ब्रांज मेडल कनाडा की एरिका डॉन ने जीता**

**टोक्यो, वार्ता।** भारत की प्रोफेशनल गोल्फर दीक्षा डागर ने गुरुवार को डेफलंपिक्स के छठे दिन महिलाओं के इंडिविजुअल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। दीक्षा ने 3 राउंड के बाद 11 अंडर पार का स्कोर किया। 54 होल के आखिर में उनके कुल पार थे- राउंड3: 11 अंडर पार, राउंड2: 11 अंडर पार और राउंड1: 4 अंडर पार। यह 24 साल की दीक्षा का तीसरा डेफलंपिक्स मेडल है। उन्होंने 2017 में सैमसन तुर्किए में अपने पहले गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था, फिर ब्राजील के कैक्सियास डो सुल में गोल्ड मेडल जीता था। तीन डेफलंपिक्स के अलावा, अर्जुन अवॉर्डी दीक्षा ने टोक्यो ओलंपिक्स 2020 (एबल बॉडी) में भी देश को रिप्रेजेंट किया है। सिल्वर मेडल फ्रांस की मार्गो ब्रेजो को मिला और ब्रॉन्ज़ मेडल कनाडा की एरिका डॉन रिवार्ड ने जीता। डेफलिपिक्स 15-26 नवम्बर तक टोक्यो में खेले जा रहे हैं और इसमें 111 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## अरशद नदीम ने भाला फेंक स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**रियाद, वार्ता।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम ने इस्लामिक सॉलिडैरिटी गेम्स 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। प्रिंस फैसल बिन फहद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में बुधवार को हुए मुकाबले में अरशद नदीम ने अपने दूसरे प्रयास में 83-05 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सात प्रतियोगियों के बीच अपना खिताब सफलतापूर्वक बचाया।

अरशद नदीम ने तुर्की के कोन्या में पिछले एडिशन में भी 88.55 मीटर का नया गेम्स रिकॉर्ड बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था।



खेल विशेष

## फेडरर अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम चुने गए

**लंदन, वार्ता।** स्विट्जरलैंड के स्टार टेनिस खिलाड़ी और 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रोजर फेडरर को अंतर्राष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में चुना गया है। रोड आइलैंड स्थित हॉल ऑफ फेम ने बुधवार को यह जानकारी दी। टीवी प्रस्तोता और पत्रकार तथा पूर्व खिलाड़ी मैरी कैरिलो को योगदानकर्ता श्रेणी में चुना गया। इन्हें हॉल ऑफ फेम में शामिल करने के लिए समारोह अगस्त 2026 में होगा। फेडरर ने 103 टूर-स्तरीय खिताब, 20 बड़ी ट्रॉफियां और 28 एटीपी मास्टर्स 1000 क्राउन जीते है। 43 साल के फेडरर के नाम फरवरी 2004 से अगस्त 2008 तक 237 हफ्तों तक लगातार वर्ल्ड नंबर वन रहने का रिकॉर्ड है। वह पांच बार एटीपी ईयर-एंड नंबर वन रहे, पीआईएफ सम्मान से सम्मानित हुए, 13 बार स्टीफन एडबर्ग स्पोर्ट्समैनशिप अवॉर्ड मिला और 2003-21 तक लगातार 19 सालों तक एटीपी फैंस के पसंदीदा चुने गए। अपनी इस उपलब्धि पर फेडरर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होना और खेल के इतने सारे महान चैंपियन के साथ खड़ा होना बहुत बड़ा सम्मान है। अपने पूरे करियर में, मैंने हमेशा टेनिस के इतिहास और मुझसे पहले आए लोगों के उदाहरण को महत्व दिया है। स्विस टेनिस में, अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों से घिरे हुए यह खबर सुनना बहुत खास था वह जगह जहां मेरी अपनी यात्रा पहली बार शुरू हुई थी। खेल और मेरे साथियों से इस तरह पहचान मिलना बहुत अच्छा लग रहा है। मैं अगले अगस्त में टेनिस कम्युनिटी के साथ इस खास पल को मनाने के लिए न्यूपोर्ट आने का इंतजार कर रहा हूं। 20 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी फेडरर 'क्लास ऑफ 2026' के लिए समर्थन प्राप्त करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। फेडरर ने नडाल और जोकोविच जैसे साथी महान खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले युग को 'टेनिस के लिए स्वर्णिम समय' माना।

# मुशफिकुर-लिटन के शतक, आयरलैंड 98/5 पर

**मीरपुर, वार्ता।** मुशफिकुर रहीम (106) और लिटन कुमार दास (128) की शतकीय पारियों के दम पर बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में 476 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद बल्लेबाजी कर रही आयरलैंड के स्टंप के समय तक 98 रन पर पांच विकेट झटकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। बांग्लादेश ने कल के 294 पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में अपने 100वें टेस्ट में शतक बनाने वाले मुशफिकुर रहीम आउट हुए। उन्होंने 214 गें. दों में पांच चौके लगाते हुए 106 रन बनाए। उन्हें मैथ्यू हम्फ्रीज ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मेहदी हसन मिराज ने लिटन दास के साथ छठे विकेट के लिए 123 रन जोड़े। गेविन होए ने मेहदी हसन मिराज को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। बंगलादेश का सातवां विकेट दूसरे शतक वीर लिटन कुमार दास के रूप में गिरा। लिटन कुमार दास ने 192 गेंदों में आठ चौके और चार छक्कों की मदद से 128 रनों की पारी खेली। तैजुल इस्लाम (चार), हसन मुराद 11 रन बनाकर आउट हुए । 142वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन ने खलील अहमद (आठ) को आउटकर 476 के स्कोर पर बंगलादेश की पहली पारी का अंत कर दिया। आयरलैंड के लिए एंडी मैकब्राइन ने छह विकेट लिए। मैथ्यू हम्फ्रीज और गेविन होए को दो-दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड के लिए कप्तान एंडी मैकब्राइन और पॉल स्टर्लिंग की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। खलील अहमद ने पॉल स्टर्लिंग (27) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 19वें ओवर में हसन मुराद ने एंडी मैकब्राइन (21) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कैड कारमाइकल (17), हैरी टेक्टर (14) और कर्टिस कैम्फर (शून्य) पर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय आयरलैंड ने पांच विकेट पर 98 रन बना लिए थे और लोरकन टकर (नाबाद 11) और स्टीफन डोहेनी (नाबाद दो) क्रीज पर मौजूद थे। बांग्लादेश के लिए हसन मुराद ने दो विकेट लिए। खलील अहमद , तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## फीफा रैंकिंग में स्पेन शीर्ष पर

**जिनेवा, वार्ता।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) की ओर जारी की ताजा विश्व रैंकिंग में स्पेन 1877.18 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। ताजा रैंकिंग के अनुसार इस दौरान कुल 149 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए, जिसमें 74 मैत्री मैच शामिल हैं। रैंकिंग में अर्जेंटीना 1873.33 अंक के साथ दूसरे , फ्रांस 1870 अंक के साथ तीसरे और इंग्लैंड 1834.12 अंक के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है। ब्राजील को दो स्थान का फायदा हुआ है वह 1760-46 अंक के साथ दो पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर आ गया, जबकि पुर्तगाल 1760.38 अंक छठे और नीदरलैंड्स 1756.27 अंक सातवें स्थान पर आ गए। नॉर्वे से 4-1 से हारने के बाद इटली शीर्ष 10 से नीचे गिरकर 1702.06 अंक के साथ 12वें स्थान पर खिसक गया।

# सात्विक-चिराग और लक्ष्य सेन ने क्वॉटर फाइनल में प्रवेश किया

- **सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-11 से हराया**

**सिडनी, वार्ता।** भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईंराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने गुरुवार को चीनी ताइपे की जोड़ी सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिटंन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। वहीं लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल मुकाबले में जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई।

पुरुष युगल बैडमिटंन रैंकिंग में तीसरे नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 50वीं रैंक वाली चीनी ताइपे की जोड़ी सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन की जोड़ी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-11 से हराया। भारतीय बैडमिटंन खिलाड़ियों ने सिडनी के ओलंपिक बुलेवार्ड के क्वेसेंटर में धीमी शुरुआत की। वे सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन के खिलाफ शुरुआती गेम में 15-9 से पीछे चल रहे थे। इसके बाद सात्विक-चिराग ने तेजी दिखाते हुए बढ़त बना ली और पहला गेम 21-18 से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम एकतरफा रहा। सात्विक-चिराग की जोड़ी शुक्रवार को शीर्ष आठ में इंडोनेशिया के पांचवें सीड मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और फजर अल्फियन से मुकाबला करेंगे। इस बीच, पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने एक घंटे से अधिक देर तक चले मुकाबले संघर्षपूर्ण मुकाबले में चीनी ताइपे के 27वें रैंक वाले ची यू-जेन को 21-17, 13-21, 21-13 से हराया। इस बीच, आयुष शेट्टी ने जापान के कोडाई नाराओका पर दूसरी उलटफेर वाली जीत दर्ज की। 32वें नंबर पर मौजूद शेट्टी ने एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में नाराओका को 21-17, 21-16 से हराया। आयुष शेट्टी शुक्रवार को क्वार्टर-फाइनल में लक्ष्य सेन का सामना करेंगे। भारत के दुनिया के 35वें नंबर के एचएस प्रणय इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 21-19, 21-10 से हारकर मुकाबले से बाहर हो गए।



## महित संधू ने 50 मीटर राइफल प्रोन में जीता सिल्वर

**टोक्यो, वार्ता।** राइफल शूटर महित संधू ने 50मी प्रोन इवेंट में सिल्वर जीता, टोक्यो में चल रहे 25वें समर डेफलंपिक्स में यह उनका तीसरा मेडल है। महित ने फाइनल तक पहुंचने के लिए क्वालिफिकेशन में वर्ल्ड डेफ रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने फाइनल में 246-1 का स्कोर करके सिल्वर मेडल जीता, जबकि चेकिया की एलिस्का स्वोबोडोवा ने 247-2 के स्कोर के साथ गोल्ड जीता। हंगरी की मीरा जुज़ाना बियातोव्स्की ने 225-0 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में दूसरी भारतीय शूटर, नताशा जोशी शूट-ऑफ के बाद आठवें स्थान पर रहीं।

फाइनल में, महित 14 शॉट पूरे करने के बाद चौथे स्थान पर थीं। अगले दो शॉट्स की सीरीज के बाद वह ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रहीं, उन्होंने यूक्रेन की वायलेटा लाइकोवा को हराया और 20 शॉट्स पूरे होने तक उसी पोजीशन पर रहीं। इसके बाद माहित ने अगली सीरीज में 9-8 और 10-2 का स्कोर किया, लेकिन हंगेरियन शूटर के 9-4 और 9-8 के स्कोर ने पक्का कर दिया कि भारतीय सिल्वर पोजीशन पर पहुंच गईं। माहित ने फिर 10-0 और 10-7 के स्कोर के साथ फाइनल खत्म किया, लेकिन स्वोबोडोवा के कुल स्कोर की बराबरी नहीं कर सकीं क्योंकि चेक शूटर ने भी अपने दोनों आखिरी शॉट 10 में मारे। इससे पहले क्वालिफिकेशन में, माहित ने 619-7 के स्कोर के साथ छह सीरीज खत्म करके एक नया डेफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जबकि नताशा जोशी ने 611-6 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। भारत ने टोक्यो में शूटिंग में अपने मेडल की संख्या 12 कर ली है, जिसमें माहित ने तीन मेडल जीते हैं।

# युवराज संधू ने छह शॉट की बड़ी बढ़त हासिल की

- **युवराज अब डिगबोई में अपनी तीसरी जीत और सीजन के पांचवें टाइटल के लिए तैयार है**

**डिगबोई ( असम ), वार्ता।** पीजीटीआई रैंकिंग लीडर युवराज संधू के तीसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन ने उन्हें डिगबोई गोल्फ लिंक्स में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स 2025 में कुल 16-अंडर 200 के स्कोर के साथ छह शॉट की बड़ी बढ़त दिला दी। युवराज (65-69-66), जो पहले और दूसरे राउंड के बाद दो स्ट्रोक से आगे थे, ने गुरुवार को शानदार और बिना गलती के छह-अंडर 66 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त चार शॉट और बढ़ा ली। चंडीगढ़ के 28 साल के युवराज अब डिगबोई में अपनी तीसरी जीत और सीजन के पांचवें टाइटल के लिए तैयार हैं। आखिरी दिन युवराज का पीछा विराज मदप्पा (70-68-68) करेंगे, जो पहली बार डिगबोई में खेल रहे हैं और अभी 10-अंडर 206 के साथ दूसरे नंबर पर हैं। 28 साल के मदप्पा के तीसरे राउंड में 68 के स्कोर ने उन्हें रात भर की टाई वाली तीसरी जगह से एक जगह ऊपर उठा दिया। श्रीलंका के एन थंगाराजा (67) और डिगबोई के पूर्व विजेता वीर अहलावत (69) नौ-अंडर 207 के कुल स्कोर के साथ तीसरे नंबर पर रहे। डिगबोई के देवेन भूमिज, जो कट बनाने वाले एकमात्र लोकल प्रोफेशनल हैं, अपने तीसरे राउंड में 73 के स्कोर के बाद चार-ओवर 220 के स्कोर के साथ 42वें नंबर पर रहे। युवराज संधू, जो पहले दिन से ही लीडरबोर्ड में टॉप पर हैं, ने तीसरे राउंड में ज़बरदस्त शुरुआत की, पहले सात होल्स में पांच बर्डी हासिल की, जहां उन्होंने छह से 10 फ़ीट की रेंज से तीन पट लगाए। इसके बाद युवराज ने पार-5 के 15वें होल पर एक और बर्डी लगाई। युवराज, जो इस साल अब तक च्ळज्न्‍ पर सीज़न की कमाई में 1 करोड़ रुपये की कमाई पार करने वाले अकेले खिलाड़ी हैं, ने कहा कि मैंने लगातार दूसरे दिन रेग. ुलेशन में 17 ग्रीन्स मारे, इसलिए मेरी बॉल-स्ट्राइकिग सॉलिड बनी हुई है। पटर ने भी अपना काम किया।

हालांकि, बैक-नाइन पर बर्डी के लिए मैं कुछ फोर-फुटर्स चूक गया, जिससे मेरी प्रोग्रेस थोड़ी धीमी हो गई। इस साल की शुरुआत में पीजीटीआई के विनर विराज मदप्पा, डिगबोई गोल्फ़ लिंक्स में अपनी पहली मौजूदगी में ही अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे, जो असम का उनका पहला दौरा भी है। विराज के राउंड में 11वें होल पर ईगल के लिए एक चिप-इन, एक और शानदार चिप जिससे उन्हें 14वें होल पर टैप-इन बर्डी मिली, दो और बर्डी और एक बोगी मिली। सप्तक तलवार (72), जो हाफ़वे स्टेज में दूसरे नंबर पर थे, आठ-अंडर 208 के साथ टाई में पांचवें स्थान पर आ गए।

## रोनाल्डो ने राष्ट्रपति ट्रम्प को कहा शुक्रिया

**वाशिगटन, वार्ता।** पुर्तगाली फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने व्हाइट हाऊस में सऊदी प्रिस मोहम्मद बिन सलमान के लिए आयोजित स्टेट डिनर मे उन्हें और उनकी मंगेतर जॉर्जिना रोड्रिगेज को बुलाए जाने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया है। रोनाल्डो ने ट्रम्प के साथ अपनी और जॉर्जिना रोड्रिगेज की फोटो सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा कि मिस्टर प्रेसिडेंट, आपके निमंत्रण और आपने और प्रथम महिला ने मुझे और मेरी होने वाली पत्नी जॉर्जिना का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया, उसके लिए धन्यवाद। हममें से हर किसी के पास समाज को देने के लिए कुछ ना कुछ है और मैं अपनी ओर से पूरा प्रयास करुंगा।



# गुवाहाटी टेस्ट नहीं खेल पाएंगे शुभमन गिल

## दूसरे टेस्ट में उप कप्तान ऋषभ पंत शुभमन गिल की जगह कप्तान


**गुवाहाटी, वार्ता।** शुभमन गिल पिछले हफ्ते कोलकाता में पहले टेस्ट के दौरान लगी गर्दन की चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हो पाने के कारण शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में शुरू होने वाले भारत के दूसरे टेस्ट से बाहर हो जाएंगे। उप कप्तान ऋषभ पंत उनकी जगह कप्तान होंगे।

माना जा रहा है कि मेडिकल सलाह के अनुसार, अगर गिल इतनी जल्दी खेलते हैं तो उन्हें गर्दन में ऐंठन दोबारा होने का खतरा है। उन्हें और आराम करने की सलाह दी गई है। इस बात का असर 30 नवम्बर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले तीन मैचों के लिए वनडे टीम में उनके सिलेक्शन पर भी पड़ सकता है। उस सीरीज के लिए टीम 23 नवम्बर को चुने जाने की उम्मीद है। गिल के बाहर होने की वजह से, भारत को उनकी जगह साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और नीतीश कुमार रेड्डी में से किसी एक को चुनना पड़ सकता है। कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गिल को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जब उन्होंने भारत की पहली पारी में सिर्फ तीन बॉल खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट होने का फैसला किया था। तीसरे दिन की सुबह, बीसीसीआई ने कहा कि वह टेस्ट में आगे हिस्सा नहीं लेंगे। भारत 124 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 93 रन पर आउट हो गया और पिच पर अनइवन बाउंस थी, जिसके बाद टीम 30 रन से मैच हार गई। गिल अक्टूबर 2024 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ गर्दन में ऐंठन की वजह से एक टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। गुरुवार को, जब ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला कि गिल मैच नहीं खेल पाएंगे, तो भारत के बैटिग कोच सीतांशु कोटक ने गिल को बाहर किए बिना एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अगर ऐंठन दोबारा होने की कोई संभावना है तो टीम उन्हें खिलाने का रिस्क नहीं लेगी। कोटक ने कहा कि वह निश्चित रूप से बहुत अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। अब, (उन्हें खिलाना है या नहीं) यह फैसला कल शाम को लिया जाएगा। फिजियो, डॉक्टरों को यह फैसला करना होगा कि, (भले ही) वह पूरी तरह से ठीक हो जाएं, (खेल के दौरान), उन्हें फिर से वह ऐंठन नहीं होनी चाहिए। अगर हमारे पास यह गारंटी है कि, बहुत संभावना है, उन्हें यह समस्या दोबारा नहीं होगी, तो वह खेलेंगे। अगर कोई शक है, तो मुझे यकीन है कि वह एक और गेम के लिए आराम करेंगे, क्योंकि अगर वह खेलते हैं तो यह टीम के लिए मददगार नहीं होगा। गिल के रिप्लेसमेंट के बारे में सोचते समय भारत के लिए एक चिता यह है कि उनकी टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की संख्या ज़्यादा है। कोलकाता में उनकी एकादश में छह खिलाड़ी थे। टॉप आठ में पांच -और साई सुदर्शन और पडिक्कल, जो लाइन-अप में आने की कोशिश कर रहे थे, वे भी बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं। भारत की लाइन-अप में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की संख्या ज़्यादा होने से कोलकाता में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर को काफी फायदा हुआ। कोटक ने कहा कि ऑफ स्पिनर बनाम बाएं हाथ के बल्लेबाज के मैच पर बहुत ज़्यादा ध्यान दिया गया, और बताया कि दक्षिण अफ्रीका ने कोलकाता में बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को भी खिलाया, जिससे भारत की लाइन-अप को फायदा होना चाहिए था। आप मुझे एक बात बताइए, उनके पास एक बाएं हाथ का स्पिनर भी था। अगर हमारे पास सात दाएं हाथ के बैट्समैन होते, तो? उनके पास एक बाएं हाथ का स्पिनर भी था, और एक ऑफ स्पिनर भी। मेरा मानना है कि आपको अच्छा खेलना होगा। ऑफ स्पिनर का बाएं हाथ के बल्लेबाज को बॉलिंग करने का मतलब यह नहीं है कि बाएं हाथ का बल्लेबाज आउट हो जाए। हमारे पास (कोलकाता में) दो बाएं हाथ के स्पिनर थे, उनके पास नौ दाएं हाथ के बल्लेबाज थे( क्या वे आउट हुए? तो शायद वह बात थोड़ी ओवररेटेड है। ओवररेटेड हो या न हो, इंडिया शायद मैच-अप पर सोचेगा, भले ही वे गुवाहाटी के ट्रैक के लिए तैयारी कर रहे हों, जो कोलकाता के मुकाबले बैटर्स के लिए ज़्यादा आसान होने वाला है। मैच से दो दिन पहले इंडिया के ज़रूरी प्रैक्टिस सेशन से कुछ इशारा मिला कि गिल की जगह कौन आ सकता है। नेट्स में बैटिग करने आए पहले चार बैटर यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, वाशिगटन सुंदर और ध्रुव जुरेल थे। पहले तीन कोलकाता में इंडिया के टॉप तीन थे, और जुरेल ने गिल की गैरमौजूदगी में दूसरी इनिग्स में नंबर 4 पर बैटिग की थी। साई सुदर्शन अगले नेट्स में थे। इस बीच, पडिक्कल ने नेट्स सेशन के शुरुआती हिस्से में बैटिग नहीं की, लेकिन स्पिनर्स के नेट में पार्ट-टाइम ऑफस्पिन बॉलिंग करते दिखे। सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर रेड्डी, जिन्हें कोलकाता में स्क्वॉड से रिलीज कर दिया गया था ताकि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंडिया ए की लिमिटेड-ओवर्स सीरीज में खेल सकें, ट्रेनिग में वापस आ गए, और साथ में बॉलिंग की। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप फास्ट बॉलर्स के नेट में। अक्षर ने शुरू में बॉलिंग नहीं की, और सेशन शुरू होने के लगभग 45 मिनट बाद ही अपने टीम के साथियों के साथ शामिल हुए। इनमें से कोई भी बात जरूरी नहीं कि भारत के संभावित सिलेक्शन की ओर इशारा करती हो।

# सैन्य क्षमता बढ़ाना जरूरी

अमेरिका ने भारत के लिए दरियादिली का रास्ता खोला है, या जबरदस्ती कर्ज में फंसाने की चाल चली है, यह तो बाद में पता चलेगा। ट्रम्प ने भारत के लिए हथियारों के दरवाजे खोल दिए हैं। भारत अब यूएस से 93 मिलियन डालर (8249379000 रुपये) के हथियार खरीदेगा। इस डील के बाद अब भारत को जेवलिन एंटी-टैंक मिसाइलों और एक्सकैलिबर प्रिसिजन-गाइडेड आर्टिलरी राउंड्स का नया बैच मिलने का रास्ता साफ हो गया है। ये डील चीन और पाकिस्तान के लिए भारी साबित होगी। डील में मिलने वाले हथियारों से दोनों देशों की रातों की नींद उड़ जाएगी। दुश्मन के टैंक के लिए तो ये तबाही साबित होंगे। ये अमेरिका की चाल है या भारत अपने रक्षा सिस्टम में बढ़ोतरी करना चाहेगा, क्योंकि आज दुनिया विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी है। भारत के एक तरफ चीन और पाकिस्तान हैं, तो दूसरी तरफ बांग्लादेश है। इसलिए हमें अभी से चौकन्ना रहना है। इसका नतीजा ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए पाकिस्तानी सेना के हमले से निकला है। अगर भारत के पास रूस का एस-400 एंटी मिसाइल सिस्टम नहीं होता, तो भयंकर परिणाम हो सकते थे। इसलिए भारत को अपनी सेना की ताकत बढ़ाना आज के समय में जरूरी है। भारत को यह देखना होगा कि उसे अमेरिका ने हथियार देने का जो रास्ता खोला है, वह कहीं कुटिल चाल न हो। अमेरिकी एजेंसी डीएससीए ने अपने बयान में कहा है कि प्रस्तावित बिक्री से भारत की मौजूदा और भविष्य के खतरों का सामना करने की क्षमता में सुधार होगा। देश की सुरक्षा मजबूत होगी और क्षेत्रीय खतरों को रोका जा सकेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि भारत को इन चीजों और सेवाओं को अपनी सेना में शामिल करने में कोई मुश्किल नहीं होगी। अमेरिका ने एक्सकैलिबर गाइडेड आर्टिलरी राउंड की बिक्री को भी मंजूरी दी है। इसकी कीमत लगभग 47 मिलियन डॉलर है, जिससे कुल कीमत लगभग 93 मिलियन डॉलर हो गई है। बता दें कि जेवलिन सिस्टम आरटीएक्स और लॉकहीड मार्टिन ने मिलकर बनाए हैं, जिससे पैदल सेना की यूनिट लंबी दूरी पर बख्तरबंद टारगेट पर बहुत सटीकता से हमला कर सकती हैं। एक्सकैलिबर राउंड आर्टिलरी यूनिट के लिए ळचै-गाइडेड सटीकता देते हैं, यह एक ऐसी क्षमता है जिसका इस्तेमाल भारत पहले भी कोलेटरल डैमेज को कम करने के लिए कर चुका है। डीएससीए ने इन प्रस्तावों को ट्रांसफर करने के बारे में औपचारिक तौर पर जानक.ारी साझा की है। भारत को इन सभी सैन्य हथियारों को अपनी सेना में शामिल करने में किसी भी प्रकार की मुश्किल नहीं होने वाली है। इस उपकरण की प्रस्तावित बिक्री से क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा। जेवलिन दुनिया की सबसे एडवांस पोर्टेबल एंटी-टैक गाइडेड मिसाइल है। एक बार फायर हो जाने के बाद सैनिक को निशाना बनाए रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यह मिसाइल खुद लक्ष्य को ढूंढ़ती है और टारगेट करती है। इससे पहले भारत फ्रांस से राफेल फाइटर खरीद चुका है, जो दुश्मन पर भारी पड़ रहे हैं। हमारे देश की सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना है। सरकार को चाहिए कि देश की सेना नंबर एक पर आ जाए, तो फिर कोई भी आंख उठाने की जुर्रत नहीं कर सकेगा। क्योंकि अभी चीन और पाकिस्तान समय-समय पर भारत को आंख दिखाते रहे हैं। कुल मिलाकर जब सभी देश अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ा रहे हैं, तो भारत पीछे क्यों रहे, लेकिन खरीदारी भी संयम के साथ करनी होगी, जिससे देश के विपक्ष और जनता में सकारात्मक संदेश जा सके।


## भारत के लिए चिंताजनक रिपोर्ट



अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की हाल में आई वार्षिक रिपोर्ट को भारत के लिए चिंताजनक है, इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, उक्त रिपोर्ट करीब 800 पेज की है और इसके पृष्ठ 108 और पृष्ठ 109 में दिए उल्लेख आश्चर्यजनक और समझ से परे हैं, रिपोर्ट में पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तान द्वारा आयोजित विद्रोही हमला बताया गया है, रिपोर्ट में इसके बाद चार दिन चले संघर्ष में भारत पर पाकिस्तान की सैन्य सफलता बताया गया है, क्या प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय इस रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे।

**-जयराम रमेश**
**प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# SIR सिर्फ आरोप से काम नहीं चलेगा





**यशोदा श्रीवास्तव**

**चुनाव आयोग खुलकर सत्ता पक्ष के लिए यूपी विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव की बिसात बिछा रहा है उधर विपक्ष बैठकें करने में व्यस्त है। बड़ा सवाल यह है कि जब एसआईआर चल रहा है तब विपक्ष के लोग कहां हैं? बात केवल यूपी की करें तो यहां साफ साफ दिख रहा है कि एसआईआर एक पक्षीय चल रहा है। बीएलओ से लेकर सरकारी अमला, भाजपा और संघ के लोग सब इसमें शामिल है, लेकिन यह सब आसानी से होने क्यों दिया जा रहा है? सरकारी अमला तो सरकार के लोग होते हैं, वे वही करेंगे जो सरकार चाहेगी। और यह आज की बात नहीं है।**

एस आई आर क्यों? इस सवाल का कोई मतलब नहीं। इस सवाल का भी कोई मतलब नहीं कि बिहार के बाद सिर्फ 12 राज्यों में ही एस आई आर क्यों? म्यांमार, जहां से सर्वाधिक रोहिंग्या घुसपैठ कर सीमावर्ती भारतीय प्रदेशों में विराजमान हैं जैसा कि कहा जाता है,लेकिन म्यांमार के सीमावर्ती भारतीय प्रदेशों में एस आई आर की जरूरत चुनाव आयोग ने बिल्कुल नहीं महसूस की। यह तय है कि विपक्ष कितना भी चिल्ल पों कर लें यूपी में 2027 का विधानसभा चुनाव और 2029 में लोकसभा चुनाव एस आई आर के जरिए परिवर्तित वोटर लिस्ट से ही होना है। दरअसल चुनाव आयोग आगामी इसी चुनाव की बिसात बिछा रहा है।

एसआईआर की विसंगतियां हजार है। जैसे बीएलओ जिन्हें एसआईआर फार्म घर घर पहुंचाने की जिम्मेदारी है,वह लगभग नहीं हो रहा है। जागरूक लोगों को बीएलओ को ढूंढ कर एसआईआर फार्म लेना पड़ रहा है। राजस्थान से लेकर यूपी में ऐसे हजारों उदाहरण मौजूद हैं। यूपी के एक भाजपा विधायक के वायरल वीडियो पर यकीन करें तो वह अपने लोगों से बहुत साफ शब्दों में कह रहा है कि विपक्षी वोटरों के नाम उड़ा दिए जाएं। दरअसल चुनाव आयोग की मंशा भी यही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी के खिलाफ बड़ा आंदोलन चलायाए लेकिन क्या हुआ, किसने सुनी उनकी बात? उलटे 272 पूर्व जज और नौकरशाहों ने राहुल के खिलाफ चिट्ठी लिखकर विरोध जताया कि वे चुनाव आयोग जैसी पवित्र संस्था को बदनाम कर रहे हैं। इन नौकरशाहों को ब्राजील की मॉडल का भारतीय वोटर लिस्ट में शामिल होकर कई जगहों पर मतदान करना गलत नहीं लगा और न ही बिहार में बीच चुनाव सरकारी खजाने से लाखों महिलाओं को दस दस हजार की इमदाद भी अचंभित नहीं किया। जब दो पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त मौजूदा चुनाव आयोग दिशा हीन बता रहा है तब लोकसभा में बहुमत के आंकड़े के बराबर 272 पूर्व नौकरशाहों का राहुल के खिलाफ खुलकर आना हैरान करने वाला है। तो क्या पूर्व नौकरशाहों के खुला विरोध को राहुल के खिलाफ महाभियोग माना जाए?

इधर चुनाव आयोग खुलकर सत्ता पक्ष के लिए यूपी विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव की बिसात बिछा रहा है उधर विपक्ष बैठकें करने में व्यस्त है। बड़ा सवाल यह है कि जब एसआईआर चल रहा है तब विपक्ष के लोग कहां हैं? बात केवल यूपी की करें तो यहां साफ साफ दिख रहा है कि एसआईआर एक पक्षीय चल रहा है। बीएलओ से लेकर सरकारी अमला, भाजपा और संघ के लोग सब इसमें शामिल है, लेकिन यह सब आसानी से होने क्यों दिया जा रहा है? सरकारी अमला तो सरकार के लोग होते हैं, वे वही करेंगे जो सरकार चाहेगी। और यह आज की बात नहीं है। पहले भी सरकारें ऐसे ही करती रही हैं, लेकिन सत्ता में विराजमान राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं के समतूल्य विपक्षी दलों के लोग ऐसा क्यों नहीं कर पाते? यूपी में प्रमुख विपक्षी दल सपा है। आगामी विधानसभा चुनाव में इसे सत्ता के लिए जंग करनी है, लेकिन यह पार्टी भी पूरे यूपी में कुछ जगहों को छोड़ कर एस आई आर को लेकर शायद ही कहीं और दिख रही हो। हां वाट्सएप पर इनके ज्ञान की भरमार है। वे जानते हैं कि उनके कोर वोटर कौन हैं और इन्हीं वोटरों को सहेजने में वे विफल हो रहे हैं। दूसरी पार्टी कांग्रेस है। यूपी के लिए फिलहाल इसकी बात ही क्या करना। इसी मुद्दे को लेकर हाल ही उसकी दिल्ली में हाई लेवल की बैठक हुई, इस बैठक में जो भी निर्णय लिए गए हों, उसका धरातल पर उतरना आसान नहीं है। यूपी में कांग्रेस के अभी छह सांसद हैं। सपा के साथ मिलकर 17 सीटों पर लड़ी थी। हारी हुई सीटों पर भी कांग्रेस की स्थिति सम्मान जनक थी। विधानसभा में कांग्रेस के सिर्फ दो विधायक हैं। एसआईआर को लेकर यह दो विधायक कितना कुछ कर पाएंगे, बताने की जरूरत नहीं। यहां संगठन भी हवा-हवाई है। जिला कमेटी को छोड़ दीजिए बाकी ब्लाक स्तर की कमेटियां कहने भर को है। प्रदेशभर में एसआईआर को लेकर इक्का-दुक्का जिला अध्यक्ष ही सक्रिय हैं बाकी सब के सब सुषुप्तावस्था में हैं। न्याय पंचायत और बूथ स्तर पर इनका कुछ नहीं है। चुनाव आयोग ने व्यवस्था दी है कि सरकारी बीएलओ के अलावा राजनीतिक पार्टियां अपना बीएलओ भी नियुक्त कर सकती हैं ताकि चुनाव आयोग पर वोट काटने और जोड़ने का तोहमत न लगे। कांग्रेस इसमें भी सुस्त है। एसआईआर को लेकर विपक्ष के लापरवाह व सुस्ती का फायदा सत्ता पक्ष के कार्यकर्ता खूब उठा रहे हैं। वे सक्रिय हैं तो अपनी वाली कर रहे हैं, विपक्ष को सक्रिय होने से कौन रोका है? विपक्ष यह समझने की भूल कर रहा है कि यह सामान्य एस आई आर नहीं है। इस एस आई आर का मूल सिद्धांत ही कुछ और है। बिहार चुनाव में बुरी तरह पराजित कांग्रेस इस खुशफहमी में हो सकती है कि वहां सर्वाधिक 65 लाख वोटर आउट किए जाने के बाद भी उसे औसतन करीब 71 हजार वोट प्रति विधानसभा सीट हासिल हुए,वह भी तब जब ओवैसी से लेकर बसपा, जन सुराज, आम आदमी पार्टी सहित अन्य छोटी पार्टियां महागठबंधन को ही नुकसान पहुंचाने के लिए ही चुनाव मैदान में थीं। आखिर यह पार्टियां तो यूपी विधानसभा चुनाव में भी होंगी और लोकसभा चुनाव में भी। आखिर इनसे निपटने या मैनेज करने का प्लान कांग्रेस के पास क्या है? दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने अपनी ही पार्टी से सवाल किया कि बिना संगठन के हम क्या करें? धरातल पर कोई संगठन ही नहीं है। बैठक में निसंदेह और लोगों ने भी ऐसा ही महसूस किया होगा, लेकिन कांग्रेस आलाकमान शादी डांट काम के जरिए कांग्रेस की रणनीति कार का हिस्सा बन बैठे लोगों के अलावा और किसी की सुनें तब न। कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्यों पर गौर करें तो वह पूरा का पूरा दक्षिण भारतीयों के कब्जे में है। कांग्रेस वर्किंग कमिटी में करीब दो सौ सदस्य दक्षिण भारत से ही हैं। इसके अलावा ढेर सारे ऐसे लोग हैं जो या तो भाजपा नेताओं से गलबहियां करते घूम रहे हैं या फिर बिना धरातल पर झांके कांग्रेस को दिल्ली की सत्ता में वापसी का ख्वाब दिखा रहे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्यों उठ रहे चुनाव आयोग पर सवाल

**बहरहाल चुनाव चाहे किसी राज्य की सरकार का हो या केंद्र की सरकार का, हर राजनैतिक दल मतदाताओं को लुभाने की मंशा से ऐसे कई वादे करते हैं जो वास्तव में सच नहीं किए जाते। यदि जनता को चुनावों में किए गए वादों और उन्हें पूरा किए जाने के अंतर की देखा जाए तो यह अंतर काफी बड़ी संख्या में पाया जाएगा। चुनावों से पहले ऐसे वादे हर राजनैतिक दल द्वारा किए जाते हैं। जिस तरह बिहार की जनता ने एक बार फिर से नीतीश कुमार में अपना विश्वास जताया है उससे यह बात तो तय है कि जनता को किए गए चुनावी वादे काफी लुभावने थे। परंतु मतदाताओं यह सोचना होगा कि वादों की सूची और उन्हें पूरा करने में जिस भी दल का अंतर सबसे कम हो वही दल जनता के हित की सोचता है, तभी उसी दल को चुना जाता है।**



**रजनीश कपूर**

हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में चुनाव आयोग की भूमिका और उस पर उठते सवालों ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर बहस छेड़ दी है। एनडीए की ऐतिहासिक जीत और महागठबंधन (इंडिया एलायंस) की करारी हार के बीच, मुख्य सवाल यही उठा कि क्या चुनाव आयोग ने अपने संवैधानिक कर्तव्यों का सही तरह से निर्वहन किया? साथ ही, आचार संहिता के उल्लंघन, राजनीतिक दलों के आचरण और आयोग पर दोहरे मानदंडों के आरोपों ने भी चुनावी निष्पक्षता की मूल भावना को चुनौती दी है। हाल के चुनावों में चुनाव आयोग पर पक्षपात और दोहरे मानदंड अपनाने के आरोप लगे। खास तौर पर, कांग्रेस और महागठबंधन ने वोटर लिस्ट, अधिकारियों की नियुक्ति और निष्पक्ष मतदान पर गंभीर सवाल खड़े किए। आरोप है कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में वोटर लिस्ट से लाखों नाम हटा दिए गए या मनमाने ढंग से जोड़े-घटाए गए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आयोग ने भाजपा शासित राज्यों से चयनित नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को चुनावी पर्यवेक्षक नियुक्त कर पक्षपातपूर्ण रवैया दिखाया। विपक्ष ने मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि आयोग की प्रक्रिया आम जनता का भरोसा कायम नहीं रख पा रही है।

इस चुनाव में लगभग सभी प्रमुख दलों के सोशल मीडिया पर भड़काऊ, जातिवादी और भ्रामक कंटेंट साझा होने के आरोप लगे। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने ऐसे लगभग 21 एफआईआर दर्ज किए, जिनमें भाजपा, राजद और कांग्रेस जैसे बड़े दलों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। कई सोशल मीडिया हैंडल्स पर तो गुमराह करने वाले AI- जनित वीडियो और डीपफेक कंटेंट डालने के आरोप मिले, जिन्हे तुरंत हटवाया गया। आयोग द्वारा आचार संहिता के पालन के लिए सोशल मीडिया पर निगरानी करने की व्यवस्था थी, परंतु बड़ी संख्या में भड़काऊ और गुमराह करने वाले पोस्ट सामने आए, जिससे आयोग की प्रभावशीलता को लेकर सवाल भी उठे। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में चुनाव आयोग की सबसे अहम जिम्मेदारी है, चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना। आयोग को अपने हर कदम पर समानता और पारदर्शिता का पालन करना चाहिए। आयोग की साख को बहाल करने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाने चाहिए। जैसे कि सभी दलों की शिकायतों की सार्वजनिक व स्वतंत्र जांच। पर्यवेक्षकों और चुनावी कर्मियों की निष्पक्ष नियुक्ति जो कि राजनीतिक झुकाव से दूर रहते हुए की जाए।वोटर लिस्ट की शुद्धता और अद्यतन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना। सोशल मीडिया व डिजिटल प्रचार पर कठोर निगरानी और दोषियों पर तत्काल कार्रवाई।आचार संहिता उल्लंघन पर बिना किसी भेदभाव के उचित व सख्त न्यायिक कार्यवाही। वहीं देखा जाए तो महागठबंधन (इंडिया एलायंस) रणनीतिक स्तर पर संगठित नहीं हो सका। सीट शेयरिंग, यानी सीटों का बंटवारा, चुनाव से ठीक पहले तय हुआ, जिससे अभियान की गति और एकता दोनों प्रभावित रहीं। तेजस्वी यादव के देर से सक्रिय चुनाव प्रचार, गठबंधन में सहयोगी दलों के मतभेद और साझा विजन की कमी ने विपक्ष की प्रभावशीलता कम कर दी। साथ ही, कांग्रेस जैसी सहयोगी दल जमीनी स्तर पर मतदाताओं को लाम.बंद करने में नाकाम रही। ऐसे समय में जब एनडीए अपनी एकजुटता दिखा रहा था, महागठबंधन अपनी आंतरिक समस्याओं में उलझ कर रह गया। महागठबंधन ने मुख्य रूप से सत्ता विरोधी लहर (एंटी-इन्कम्बेंसी) पर ज्यादा दांव लगाया, जबकि एनडीए ने अपनी स्थिरता, विकास, और समावेशिता के एजेंडा के साथ मतदाताओं को बेहतर तरीके से साधने में सफल रहा। जातिगत समीकरणों को लेकर महागठबंधन ने पारंपरिक रणनीति अपनाई, परंतु दलित, महिला, और अति पिछड़ा वर्ग को खास तौर पर टार्गेट करके एनडीए ने अपने पुराने वोट बैंक के दायरे को काफी विस्तार दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनोरंजन से मानसिक क्रांति तक: टीवी का बदला चेहरा



**योगेश कुमार गोयल**

ब्लैक एंड व्हाइट बुद्धू बक्सा (टेलीविजन) अपने सहज प्रस्तुतिकरण के दौर से गुजरते हुए कब आधुनिकता के साथ कदमताल करते हुए सूचना क्रांति का सबसे बड़ा हथियार और हर घर की अहम जरूरत बन गया, पता ही नहीं चला। यह दुनिया जहान की खबरें देने और राजनीतिक गतिविधियों की सूचनाएं उपलब्ध कराने के अलावा मनोरंजन, शिक्षा तथा समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं को उपलब्ध कराने, प्रमुख आर्थिक और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए समूचे विश्व के ज्ञान में वृद्धि करने में मदद करने वाला एक सशक्त जनसंचार माध्यम है। यह संस्कृतियों और रीति-रिवाजों के आदान-प्रदान के रूप में मनोरंजन का सबसे सस्ता साधन है, जो तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पूरी दुनिया के ज्ञान में असीम वृद्धि करने में मददगार साबित हो रहा है। मानव जीवन में टीवी की बढ़ती भूमिका तथा इसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है।

संचार और वैश्वीकरण में टेलीविजन की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इसके महत्वों को रेखांकित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व टेलीविजन दिवस मनाने की जरूरत महसूस की गई और आम जिंदगी में टीवी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आखिरकार टीवी के आविष्कार के करीब सात दशक बाद वर्ष 1996 में विश्व टेलीविजन दिवस मनाने की घोषणा कर दी गई। दरअसल टीवी के आविष्कार को



सूचना के क्षेत्र में एक ऐसी क्रांति का आविष्कार माना गया है, जिसके जरिए समस्त दुनिया हमारे करीब रह सकती है और हम अब घर बैठे ही दुनिया के किसी भी कोने में होने वाली घटनाओं को लाइव देख सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहली बार 21 तथा 22 नवम्बर 1996 को विश्व टेलीविजन मंच का आयोजन करते हुए टीवी के महत्व पर चर्चा करने के लिए मीडिया को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया था। उस दौरान विश्व को परिवर्तित करने में टीवी के योगदान और टीवी के विश्व पर पड़ने वाले प्रभावों के संदर्भ में व्यापक चर्चा की गई थी। उसी के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा में 17 दिसम्बर 1996 को एक प्रस्ताव पारित करते हुए प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाने का निर्णय लिया गया और तभी से प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को ही यह दिवस मनाया जाता रहा है। इलेक्ट्रॉनिक टेलीविजन का आविष्कार 1927 में हुआ माना जाता है और उसके करीब 32 साल बाद इलैक्ट्रॉनिक टेलीविजन ने भारत में पहला कदम रखा। भारत में टीवी का पहला प्रसारण प्रायोगिक तौर पर दिल्ली में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना के साथ 15 सितम्बर 1959 को शुरू किया गया। उस समय टीवी पर सप्ताह में केवल तीन दिन ही मात्र तीस-तीस मिनट के कार्यक्रम आते थे, लेकिन इतने कम समय के बेहद सीमित कार्यक्रमों के बावजूद भी टीवी के प्रति लोगों का लगाव बढ़ता गया और यह बहुत जल्द लोगों की आदत का अहम हिस्सा बन गया। दूरदर्शन का व्यापक प्रसार हुआ वर्ष 1982 में दिल्ली में हुए एशियाई खेलों के आयोजन के प्रसारण के बाद। दूरदर्शन द्वारा अपना दूसरा चौनल 26 जनवरी 1993 को शुरू किया गया और उसी के बाद दूरदर्शन का पहला चौनल डीडी-1 और दूसरा नया चौनल डीडी-2 के नाम से लोकप्रिय हो गया, जिसे बाद में डीडी मैट्रो नाम दिया गया। भले ही टीवी के आविष्कार के इन दशकों में इसका स्वरूप और तकनीक पूरी तरह बदल चुकी है लेकिन इसके कार्य करने का मूलभूत सिद्धांत अभी भी पहले जैसा ही है। हालांकि किसी भी वस्तु के अच्छे और बुरे दो अलग-अलग पहलू भी हो सकते हैं। कुछ ऐसा ही सूचना एवं संचार क्रांति के अहम माध्यम टीवी के मामले में भी है। एक ओर जहां यह मनोरंजन और ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है और नवीनतम सूचनाएं प्रदान करते हुए समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालता है, वहीं इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते रहे हैं। टेलीविजन की ही वजह से ज्ञान, विज्ञान, मनोरंजन, शिक्षा, चिकित्सा इत्यादि तमाम क्षेत्रों में बच्चों से लेकर बड़ों तक की सभी जिज्ञासाएं शांत होती हैं। अगर नकारात्मक पहलुओं की बात करें तो टीवी के बढ़ते प्रचलन के साथ-साथ इस पर प्रदर्शित होते अश्लील, हिंसात्मक, अंधविश्वासों का बीजारोपण करने तथा भय पैदा करने वाले कार्यक्रमों के कारण हमारी संस्कृति, आस्था और नैतिक मूल्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

टीवी पर विभिन्न कार्यक्रमों में लगातार हत्या और बलात्कार जैसे दृश्य दिखाने से बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित होता है। मौजूदा समय में टीवी मीडिया की सबसे प्रमुख ताकत के रूप में उभर रहा है और मीडिया का हमारे जीवन में इस कदर हस्तक्षेप बढ़ गया है कि टीवी के वास्तविक महत्व के बारे में अब लोगों को पर्याप्त जानकारी ही नहीं मिल पाती। देश में जहां दूरदर्शन की शुरुआत के बाद दशकों तक दूरदर्शन के ही चौनल प्रसारित होते रहे, वहीं 1990 के दशक में निजी चैनल शुरू होने की इजाजत मिलने के साथ एक नई सूचना क्रांति का आगाज हुआ। इन तीन दशकों में निजी चौनलों को लगातार मिलते लाइसेंस के चलते अब देशभर में टीवी पर करीब एक हजार चौनल प्रसा.रित होते हैं। इससे दूरदर्शन जैसे माध्यम कमजोर हो गए हैं और अब हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां सूचना व संचार माध्यमों ने हमें इस कदर अपना गुलाम बना लिया है कि इनके अभाव में जीवन की कल्पना ही नहीं कर सकते। हालांकि ढ़ेर सारे टीवी चैनलों की बदौलत जहां ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा, सूचना आदि के स्रोत बढ़े हैं, वहीं चिंताजनक स्थिति यह है कि टीआरपी की बढ़ती होड़ में बहुत से निजी टीवी चैनल जिस प्रकार गलाकाट प्रतिद्वंद्विता के चलते समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की अनदेखी करते हुए दर्शकों के समक्ष कुछ भी परोसने को तैयार रहते हैं, उससे युवा पीढ़ी दिशाहीन हो रही है और जनमानस में गलत संदेशों का बीजारोपण होता है। इसीलिए मांग उठने लगी है कि दिशाहीन टीवी कार्यक्रमों के नकारात्मक प्रभावों पर अंकुश लगाने और अपसंस्कृति के प्रसार को रोकने के लिए इन पर कुछ कड़े कानूनी प्रतिबंधों का प्रावधान होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# समुद्र में आर्टिफिशियल आइलैंड बना रहा पाकिस्तान

## आईलैंड तेल के 25 कुएं खोदे जाएंगे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के समर्थन के बाद उठाया कदम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पहलीसमुद्र में आर्टिफिशियल आइलैंड (कृत्रिम द्वीप) बनाने जा रहा है। शहबाज सरकार ने अरब सागर में इस आइलैंड को बनाने की मंजूरी दे दी है। इसे समुद्र में तेल की खोज (आयल एक्सप्लोरेशन) के लिए स्थाई प्लेटफार्म की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड (पीपीएल) लीड करेगी।

पाकिस्तान ने यह फैसला ट्रम्प का समर्थन मिलने के बाद किया है। ट्रम्प ने जुलाई में ऐलान किया था कि अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर पाकिस्तान के बड़े तेल भंडार विकसित करेंगे। उन्होंने यहां तक कहा था कि अगर ये तेल मिला, तो भारत भी इसे खरीद सकता है। अब पाकिस्तान इस आर्टिफिशियल आइलैंड की मदद से अरब सागर में 25 तेल-कुएं खोदने की योजना बना रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक यह आर्टिफिशियल आइलैंड सिंध के तट से करीब 30 किमी



■ ट्रम्प ने जुलाई में ऐलान किया था: अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर पाकिस्तान के बड़े तेल भंडार विकसित करेंगे

दूर, सुजावल इलाके के पास बनाया जा रहा है। सुजावल कराची से लगभग 130 किमी दूर है। आइलैंड को समुद्र की ऊंची लहरों से बचाने के लिए 6 फीट ऊंचा बनाया जा रहा है। पहले समुद्री लहरों की वजह से जिन ड्रिलिंग प्रोजेक्ट्स में रुकावटें आई थीं, उन्हें दूर किया जा सकेगा। आइलैंड के फरवरी तक तैयार होने की उम्मीद है। भारी मशीनरी और सप्लाई को एक स्थिर प्लेटफार्म से संचालित करने से खर्च में लगभग 33 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। पहले मौसम के कारण बार-बार देरी होती थी, जिससे लागत बढ़ जाती थी। पीपीएल के मुताबिक यहां 24 घंटे ड्रिलिंग चल सकेगी। पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पिछले साल सितम्बर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था। डान की रिपोर्ट मुताबिक, पाकिस्तान ने इस इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया था। इसके बाद यहां तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भंदुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार हो सकता है। फिलहाल वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं, अमेरिका के पास सबसे शुद्ध तेल का भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया। पाकिस्तान अगर तेल और गैस को निकालने में कामयाब हो गया तो यह उसकी अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद साबित होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, भंडार से जुड़ी रिसर्च पूरी करने में करीब 42 हजार करोड़ का खर्च आएगा। इसके बाद समुद्र की गहराई से इसे निकालने में 4-5 साल लग सकते हैं। अगर रिसर्च सफल रही तो तेल और गैस को निकालने के लिए कुएं लगाने और बाकी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में और ज्यादा पैसे की जरूरत होगी। पाकिस्तानी अधिकारियों ने तेल और गैस भंडार मिलने को देश की 'ब्लू वाटर इकोनामी' के लिए अच्छा बताया है। समुद्री रास्तों, नए बंदरगाहों और सामुद्रिक नीति (मैरीटाइम पालिसी) के जरिए अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना ही ब्लू इकोनामी कहलाता है। पाकिस्तान विश्व में कच्चे तेल के भंडार में 50वें स्थान पर है।



नई दिल्ली। वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण धुंध के बीच सड़क पर वाहन चलते हुए।

## वियतनाम में बाढ़ से मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हुई

**हनोई।** वियतनाम के मध्य क्षेत्र में भारी बारिश एवं बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है जबकि पांच अन्य लोग लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने गुरुवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, 43200 से अधिक घर जलमग्न हो गए हैं जबकि 91 अन्य क्षतिग्रस्त हुए हैं। बाढ़ के कारण 10000 हेक्टेयर से अधिक धान एवं अन्य फसलें जलमग्न हो गई हैं तथा 6500 से अधिक पशुधन और मुर्गियों की मौत हो गई हैं या फिर बह गई हैं। इस बीच, बिजली की कटौती होने से 553200 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं।

## अमेरिकी सैन्य अधिकारी संघर्ष समाप्ति पर वार्ता के लिए यूक्रेन पहुंचे

**वाशिंगटन।** पेंटागन के वरिष्ठ अधिकारी रूस के साथ युद्ध समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा करने के लिए यूक्रेन पहुंचे हैं। यह जानकारी बीबीसी ने गुरुवार को अमेरिकी सेना के हवाले से दी। अमेरिकी सेना के सचिव डैन ड्रिस्कॉल के नेतृत्व में टीम की आज कीव में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मिलने की उम्मीद है जब वे तुर्की की यात्रा से लौटेंगे। बुधवार से ऐसी खबरें प्रसारित हो रही है कि अमेरिका और रूस ने एक नई शांति योजना तैयार की है जिसमें यूक्रेन को बड़ी रियायतें देने की बात की गई है लेकिन न तो वाशिगटन और न ही मास्को ने इस योजना की आधिकारिक पुष्टि की है। इससे पहले, यूक्रेन के पश्चिमी शहर टेरनोपिल पर रूसी मिसाइल एवं ड्रोन हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए थे। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू किया था। सेना के प्रवक्ता कर्नल डेविड बटलर ने एक बयान में कहा कि सचिव ड्रिस्कॉल और उनकी टीम प्रशासन की ओर से आज सुबह कीव पहुंचे, ताकि वे यूक्रेनी अधिकारियों से मुलाकात कर सकें और युद्ध समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा कर सकें।

# दावा: ऑपरेशन सिंदूर में पाक ने भारत को हराया

## अमेरिकी रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी अटैक न मानकर विद्रोही हमला माना गया

**रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने किया जारी**

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन की लड़ाई (ऑपरेशन सिंदूर) में पाकिस्तान को बड़ी सैन्य कामयाबी मिली थी। इस रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी हमला न मानकर विद्रोही हमला माना गया है। 800 पन्नों की इस रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने जारी किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने कम से कम 6 भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया, जिनमें राफेल जेट भी शामिल हैं।

इससे राफेल की इमेज को नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट कहती है कि वास्तविक रूप से सिर्फ तीन भारतीय विमानों के गिराए जाने की पुष्टि होती है। यूएससीसी का कहना है कि चीन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध का इस्तेमाल अपने आधुनिक हथियारों को लाइव वार में टेस्ट करने और दुनिया को दिखाने के लिए किया। लड़ाई के बाद दुनियाभर में चीनी दूतावासों ने अपने हथियारों की तारीफ की और कहा कि पाकिस्तान ने इनके इस्तेमाल से भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया। भारत-पाकिस्तान संघर्ष के 5 महीने बाद चीन ने इंडोनेशिया को 75 हजार करोड़ रुपये में 42 जे-10सी फाइटर जेट बेचने की डील की थी। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस लड़ाई में चीन से मिले हथियारों का इस्तेमाल किया और अपने सैन्य फायदे को दुनिया के सामने रखा। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने चीन के एचआईक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम, पीएल-15 मिसाइलें और जे-10 फाइटर जेट का इस्तेमाल किया। भारत का दावा है कि पाकिस्तान को इस दौरान चीन से खुफिया जानकारी (इंटेलिजेंस) भी मिली। हालांकि पाकिस्तान ने इसे नकार दिया और चीन ने इस पर कुछ भी साफ नहीं कहा। रिपोर्ट के मुताबिक 2019/2023 के बीच पाकिस्तान के 82 प्रतिशत हथियार चीन से आए हैं। 90 के आखिरी दशक में जब चीन बहुत तेजी से आर्थिक और तकनीकी तौर पर ताकतवर हो रहा था तो अमेरिका में इसे लेकर चिंता बढ़ी। अमेरिकी नेता यह मानने लगे कि चीन से आने वाले आर्थिक फायदे और सुरक्षा खतरे दोनों को साथ-साथ समझना जरूरी है। ऐसे में चीन पर नजर रखने के लिए एक कमेटी बनाई गई जिसका काम यह पता लगाना था कि चीन की आर्थिक या तकनीकी गतिविधि अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा तो नहीं बन रहीं, यूएससीसी खुद कोई कार्रवाई नहीं करती, बस रिपोर्ट बनाकर अमेरिका की संसद को देती है। आयोग की सिफारिशों को अंतिम रिपोर्ट में शामिल करने के लिए, उन्हें कम से कम 8 सदस्यों (दो-तिहाई) के समर्थन की जरूरत होती है। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने यूएससीसी की रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। अखबार लिखता है कि यूएससीसी ने एक बार फिर से चीन की आर्थिक, तकनीकी और सुरक्षा क्षेत्र में हो रही तरक्की को ऐसे दिखाया गया है कि जैसे वह दुनिया के लिए खतरा हो। अभी का रवैया दिखाता है कि यह रिपोर्ट राजनीतिक मकसद से लिखी गई है और हकीकत का पूरी निष्पक्षता से विश्लेषण नहीं करती। आयोग के भीतर चीन को लेकर भारी गलतफहमियां और अहंकार मौजूद है। अखबार आगे लिखता है कि अमेरिका को चीन को और ज्यादा बेहतर तरीके से समझने की जरूरत है। अखबार का कहना है कि चीन की हथियार इंडस्ट्री के विकास को लेकर आरोप लगाना या उसे गलत तरीके से पेश करना, किसी भी संप्रभु देश के अपनी रक्षा क्षमता बढ़ाने के मूल अधिकार को नकारने जैसा है। अखबार ने लिखा-अमेरिका सप्लाई चेन को हथियार जैसे इस्तेमाल करता है।

### ट्रम्प बोले: 350 प्रतिशत की धमकी पर मोदी का फोन आया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि उन्होंने 350 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाई थी। ट्रम्प ने अमेरिका-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम में कहा कि मुझे सबसे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का फोन आया था। उन्होंने शुक्रिया कहा और बताया कि मैंने लाखों जानें बचाई हैं। इसके बाद ट्रम्प ने दावा किया कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का फोन आया। मोदी ने कहा कि हम खत्म कर चुके हैं। ट्रम्प ने पूछा कि क्या खत्म कर चुके हो? इस पर मोदी ने बताया कि हम जंग नहीं करने जा रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों निशाना बनाया गया। 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ। ट्रम्प ने 60 से ज्यादा बार जंग रुकवाने का दावा किया ट्रम्प ने ही सबसे पहले सोशल मीडिया पर सीजफायर की जानकारी दी थी। उन्होंने ये दावा किया था कि उनकी वजह से ही संघर्ष थमा है।

## जूनियर ट्रम्प ने ताजमहल देखा



**आगरा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे जूनियर ट्रम्प ताजमहल देखने के लिए गुरुवार को आगरा पहुंचे। जूनियर ट्रम्प अपनी पत्नी और कुछ दोस्तों के साथ ताज महल का दीदार करने के लिए करीब साढ़े तीन बजे पहुंचे और डेढ़ घंटे तक ताजमहल के अंदर रहे।

ताजमहल के अंदर डायना टेबिल पर फोटो सेशन कराया। गाइड नितिन सिंह ने जूनियर ट्रम्प को ताजमहल का दीदार कराया। गाइड नितिन सिंह ने डोनाल्ड ट्रम्प को भी ताजमहल का दीदार कराया था। जूनियर ट्रम्प की सुरक्षा के लिहाज से भी कड़े इंतजाम किए गए थे। आगरा आने पर स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। कई थानों का फोर्स लगाई गई थी। इसके अलावा स्थानीय सूचना तंत्र भी अलर्ट था। अमेरिका के कुछ सुरक्षा कर्मी भी साथ में थे। ताजमहल के अंदर जब प्रवेश हुआ तो सीआईएसएफ ने सुरक्षा का घेरा बना लिया और कड़ी सुरक्षा के बीच ताजमहल का दीदार कराया गया। जूनियर ट्रम्प दिल्ली से विशेष वाहन से आगरा आए थे और दोपहर में एक होटल में भोजन के उपरांत ताजमहल देखने पहुंचे थे।

## दक्षिण कोरिया में 267 यात्रियों को ले जा रही नौका समुद्र में फंसी, कोई हताहत नहीं

**सोल।** दक्षिण कोरिया के पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में बुधवार को 267 यात्रियों को ले जा रही एक यात्री नौका फंस गई। समाचार एजेंसी योनहास ने यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार कल रात 8:17 बजे (1117 जीएमटी) तट रक्षक बल को सूचना मिली कि 246 यात्रियों और 21 चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रही नौका राजधानी सोल से लगभग 310 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में सिनान काउंटी के एक द्वीप के पास फंस गई है। यह नौका दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप जेजू से रवाना होकर दक्षिण-पश्चिमी बंदरगाह शहर मोकपो की ओर जा रही थी। कथित तौर पर जहाज द्वीप के पास पहुंचते समय एक डूबी हुई चट्टान से टकरा गया।

# आईएईए ने ईरान से हमलों में प्रभावित सभी परमाणु प्रतिष्ठानों तक पहुंच प्रदान करने का किया आग्रह

**वियना/तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने आज चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जून में हुए हमलों में क्षतिग्रस्त ईरानी प्रतिष्ठानों तक उसकी अभी भी महत्वपूर्ण पहुंच नहीं है और तेहरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार के सत्यापन को बहुत देर हो चुकी है।

वियना में अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को संबोधित करते हुए महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने बुधवार को कहा कि एजेंसी को ईरान के निम्न और उच्च संवर्धित यूरेनियम के भंडार की तत्काल जांच करने की आवश्यकता है, जिसे निरीक्षक पिछले पांच महीनों से सत्यापित नहीं कर पाए हैं। ग्रॉसी ने कहा कि सितम्बर में काहिरा में

■ तेहरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार के सत्यापन को बहुत देर हो चुकी है

निरीक्षण पर सहमति होने के बाद वे ईरानी अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में हैं अगर समझौते का पूरी तरह से लागू करना है तो और ज्यादा रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता है। उनकी यह टिप्पणी अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन द्वारा समन्वित प्रयास के साथ मेल खाती है जिन्होंने संयुक्त रूप से एक मसौदा प्रस्ताव में मांग किया है कि ईरान आईएईए के साथ अपना पूर्ण सहयोग फिर से शुरू करे तथा निरीक्षकों को अप्रतिबंधित पहुंच प्रदान करे। हालांकि तेहरान ने चेतावनी दी है कि इस तरह के प्रस्ताव से आईएईए निदेशक के साथ सितम्बर में हुई सहमति खतरे में पड़ जाएगी। इस सप्ताह की शुरुआत में, ईरान के उप विदेश मंत्री काज़म ग़रीबाबादी ने पश्चिमी देशों की आलोचना करते हुए कहा था कि उनके कार्यों से समझौते को नुकसान पहुंच सकता है। ईरानी अधिकारियों ने इस रुकावट को सितम्बर के आखिर में स्नैपबैक मैकेनिज़्म के तहत संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के फिर से लागू होने पर जोर दिया। आंशिक रूप से सार्वजनिक की गई आईएईए रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अभी भी निरीक्षकों को जून में 12 दिनों के संघर्ष के दौरान इजरायल और अमेरिकी हमलों में क्षतिग्रस्त हुए परमाणु स्थलों का दौरा करने की अनुमति नहीं दी।

## सऊदी अरब-अमेरिका के बीच 575 अरब डॉलर के समझौते

**दोहा।** सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद अल-फलीह ने कहा है कि इस सप्ताह नए सौदों की घोषणा के बाद वर्ष 2025 में अमेरिका और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच हस्ताक्षरित अनुबंधों का मूल्य बढ़कर लगभग 575 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। गौरतलब है कि सऊदी क्राउन प्रिस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिका की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान वहां एक निवेश मंच में हिस्सा लिया जिसमें दोनों देशों के व्यापार प्रतिनिधियों और कंपनियों ने भाग लिया। अल-फलीह ने बुधवार को अल एखबारिया प्रसारक से कहा, सऊदी और अमेरिकी कंपनियों के बीच लगभग 267 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के 242 नए समझौतों की घोषणा की गई।

# मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता विवादों में घिरी

## इटली की प्रिंसेज समेत 3 जजों ने दिया इस्तीफा, आयोजक ने लगाया कंटेस्टेंट से अफेयर का आरोप

**बैंकाक।** ब्यूटी कान्टेस्ट मिस यूनिवर्स 2025 से जुड़े विवाद खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। ग्रैंड फिनाले से एक दिन पहले मिस यूनिवर्स सिलेक्शन कमेटी की प्रेसिडेंट और इटालियन प्रिंसेज कैमिला डि बोरबोन ने ज्यूरी पैनल छोड़ दिया है।

वह पैनल छोड़ने वाली तीसरी जज हैं। इससे पहले मशहूर म्यूजिशियन ओमार हारफूश और फ्रांस के पूर्व फुटबालर क्लाउड माकेलेले ने भी ज्यूरी छोड़ दी थी। मिस यूनिवर्स में जजिंग पैनल 8 सदस्यों का होता है। 3 जजों के पैनल छोड़ने के बाद आर्गेनाइजेशन ने नताली ग्लेबोवा (कनाडा की पूर्व मिस यूनिवर्स 2005) को शामिल किया है। अब पैनल में 6 सदस्य है। ग्रैंड फिनाले कल यानी 21 नवम्बर को थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में होगा। ओमार ने आरोप लगाया कि जज कमेटी बनने से पहले ही आर्गेनाइजर्स ने टॉप-30 कंटेस्टेंट का सिलेक्शन अनआफिशियल तरीके से कर लिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे कंटेस्टेंट को चुना




गया जिनके आर्गेनाइजर्स से पर्सनल रिलेशनशिप हैं। इसके बाद माकेलेले ने निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया। ओमर हारफूश ने 17 नवम्बर को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मिस यूनिवर्स 2025 के आर्गेनाइजर्स पर आरोप लगाते हुए लिखा था, टॉप 30 प्रतियोगियों को चुनने के लिए गलत तरीके से वोटिंग की गई। यह वोटिंग उन लोगों ने की जो पैनल के सदस्य नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि मुझे गुमराह किया गया और मुझे गलत सिलेक्शन प्रोसेस को मानने के लिए कहा गया। इसके कारण मुझे हुए इमोशनल ट्रामा भी हुआ, मेरी रेपुटेशन डैमेज हुई। ओमार ने अपनी पोस्ट में आर्गेनाइजर्स के खिलाफ लीगल एक्शन लेने की धमकी भी दी। माकेलेले ने 18 नवम्बर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर पैनल छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अफसोस के साथ, मैं मिस यूनिवर्स 2025 में शामिल नहीं हो पाऊंगा। आपकी समझ और समर्थन के लिए धन्यवाद। इसके विरोध में कई देशों की कंटेस्टेंट्स ने हाल से बाहर निकलकर विरोध जताया। नवात ने फातिमा से कहा कि उन्होंने प्रतियोगिता से जुड़े प्रमोशनल कंटेंट शेयर नहीं किए। जब फातिमा ने इस पर आपत्ति जताई, तो नवात ने सुरक्षा कर्मियों को बुलाने की धमकी दी और कहा कि जो भी उनके समर्थन में आएगा, उसे प्रतियोगिता से बाहर किया जा सकता है। इसके बाद फातिमा मंच छोड़कर बाहर चली गईं। इस आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर #JusticeForFatima ट्रेंड करने लगा। विरोध के बाद नवात ने एक वीडियो जारी कर माफी मांगी और कहा कि अगर किसी को बुरा लगा है, तो वह माफी चाहते हैं।

# चीनी वैज्ञानिकों के भरोसे चीन को टक्कर दे रहा अमेरिका

## मेटा एआई टीम 11 में से 7 रिसर्चर चीन के, 1 भी अमेरिकी नहीं

**वॉशिंगटन।** मेटा सीईओ मार्क जकरबर्ग ने जून में अपनी नई सुपर इंटेलिजेंस लैब का ऐलान किया था। तब उन्होंने बताया था कि इस प्रोजेक्ट में शामिल 11 वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। इनका मकसद ऐसी मशीनें बनाना है जो इंसानी दिमाग से भी ज्यादा ताकतवर हों। न्यूयॉर्क टाइम्स को मिले इंटरनल मेमो से पता चला है कि ये सभी 11 वैज्ञानिक दूसरे देशों में पढ़े लिखे अप्रवासी हैं। इनमें से 7 वैज्ञानिक चीन से हैं, जबकि बाकी 4 भारत, ब्रिटेन, साउथ अफीका और ऑस्ट्रेलिया से हैं।

अखबार ने लिखा है कि अमेरिका में लंबे समय से सरकारी अधिकारियों और एक्सपर्ट का एक वर्ग चीन को एआई के क्षेत्र में सबसे



■ अमेरिका में हो रहा बड़ा और क्रांतिकारी एआई रिसर्च काफी हद तक चीनी वैज्ञानिकों की मदद से आगे बढ़ाया जा रहा है

बड़ा खतरा बताता रहा है। लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि अमेरिका में हो रहा बड़ा और क्रांतिकारी एआई रिसर्च काफी हद तक चीनी वैज्ञानिकों की मदद से आगे बढ़ाया जा रहा है। यह मेटा की एआई यूनिट के चीफ अलेक्जेंडर वॉन्ग है। जून 2025 में मेटा से जुड़े। इन्हें कंपनी में लाने के लिए मार्क जकरबर्ग ने 1.26 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे। मेटा पहले से ही चीनी वैज्ञानिकों पर काफी निर्भर रही है। कंपनी के भीतर अक्सर मजाक में कहा जाता है कि नए आने वालों को दो चीजें सीखनी पड़ती हैं। पहली हैक, यानी कंपनी की प्रोग्रामिंग भाषा और दूसरी मंदारिन, क्योंकि एआई टीमों में बड़ी संख्या में चीनी रिसर्चर्स होते हैं। इस साल मेटा को लगभग 6300 एच-1बी वीजा अप्रूव हुए जो अमेजन के बाद सबसे ज्यादा हैं। मेटा ने 2018 के बाद से कम से कम 28 रिसर्च पेपर पर चीनी संगठनों के साथ मिलकर काम किया है। सिर्फ मेटा ही नहीं, बल्कि ऐप्पल, गूगल, इंटेल और सेल्सफोर्स जैसी अमेरिकी कंपनियों ने भी चीनी संगठनों के साथ मिलकर कई अहम रिसर्च किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने तो सबसे ज्यादा, यानी कम से कम 92 अहम पेपरों में साझेदारी की है। अमेरिका में ट्रम्प सरकार के आने के बाद से प्रशासन सख्त इमिग्रेशन पॉलिसी अपना चुका है। इसके अलावा सिलिकॉन वैली में भी चीन विरोधी भावना बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। इसके बावजूद चीनी रिसर्चर्स न सिर्फ अमेरिका में बने हुए हैं बल्कि अहम रोल भी निभा रहे हैं।

(A Minority Institution)
ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
(Recognized by NCTE)
(Affiliated to SCERT Govt. of India)
D.El.Ed (B.T.C.) 2025-27
Qualification For Admission:
❖ 50% Marks in graduation for General Candidates/ Other State.
❖ 45% marks in graduation for OBC & SC/ST Candidates.
➢ Date of Issue of Registration Form 24/11/2025 In the College or Available on Website (Online & offline)
➢ Last Date For Submitting the Completed Application Form in College- 15/12/2025
Secretary Principal
काउंसलिंग शासनादेश के अनुसार संपन्न करायी जाएगी।
Contact no. : 9045143298, 8755525452

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108